सुनहरा संसार ग्रुप न्यूज़ नेटवर्क

राष्ट्रीय हिंदी दैनिक समाचार पत्र, भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त

सुनहरा संसार

DAVP No. 0810F21125/005 RNI No. UPHIN/2005/24731 Email. sunahara.sansar@gmail.com

वर्ष 19, अंक-364, मंगलवार , 17 नवंबर 2026, पृष्ठ - 12, मूल्य - 5 रुपए, आगरा एवं गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

प्रयागराज, लखनऊ, आगरा, संस्करण उत्तर प्रदेश, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, मध्य प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, उत्तराखंड, राजस्थान में पढ़े जाने वाला समाचार पत्र



राघवेंद्र सिंह चाहौन
प्रधान संपादक सुनहरा संसार
9412162614

यदि कोई अधिकारी/ सरकारी कर्मचारी आपका संवैधानिक दोहन करता है। या रिश्वत की मांग करता है बार-बार ऑफिस के चक्कर लगवाता है। तो आप सुनहरा संसार को बताएं हम आपकी बात प्रदेश के मुखिया / देश के मुखिया भारत के मुख्य न्यायाधीश महोदय तक पहुंचाएंगे। सुनहरा संसार उस भ्रष्टाचारी के काले कारनामे जनता के सामने उजागर करेंगे न्याय की दहलीज तक पहुंचाएंगे अंतिम छोर तक संघर्ष करेंगे

सुनहरा संसार ग्रुप न्यूज़ नेटवर्क
नई दिल्ली भारत

सीएम योगी का बड़ा खुलासा, बोले- स्कूल बनवाने के कारण तत्कालीन सरकार में मेरे ऊपर दर्ज हुआ था मुकदमा

लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सरकारी आवास पर आयोजित कार्यक्रम में योगी की पाती के 50 संस्करणों पर आधारित कॉफी टेबल बुक का विमोचन किया गया। सूचना विभाग की ओर से तैयार इस पुस्तक में योगी की पाती के सभी 50 संस्करणों का संकलन किया गया है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अपने अनुभवों को साझा करते हुए कहा कि वनटांगिया गांव में बच्चों को पढ़ाने के लिए मंदिर ट्रस्ट की ओर से स्कूल बनवाने पर तत्कालीन सरकार में उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया था। उस समय वनटांगिया समाज बुनियादी सुविधाओं से वंचित था, लेकिन आज इन परिवारों को नागरिक अधिकार और सरकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि योगी की पाती केवल एक पत्र या सरकारी सूचना का माध्यम नहीं, बल्कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचने वाला आत्मीय संवाद है। इसके जरिए युवाओं, छात्रों, महिलाओं, किसानों, श्रमिकों और वंचित समाज के उन पहलुओं को सामने लाने का प्रयास किया गया है, जिनकी जानकारी अक्सर आम जनमानस तक नहीं पहुंच पाती। मुख्यमंत्री ने अपने पुराने संघर्षों को याद करते हुए बताया कि 120 वर्षों तक ब्रिटिश हुकूमत और आजादी के बाद 70 साल तक सरकारों ने वनटांगिया समुदाय की उपेक्षा की। गोरखपुर के वनटांगिया गांवों में बच्चों के पढ़ने की कोई व्यवस्था नहीं थी। मुख्यमंत्री ने बताया कि उन्होंने मंदिर ट्रस्ट की तरफ से वहां वन विभाग के एक शेड की रंगाई पुताई करवाकर बच्चों के लिए एक स्कूल शुरू करवाया था, लेकिन तत्कालीन सरकार और वन विभाग ने इसके एवज में उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दिया। उन्होंने कहा कि वनटांगिया परिवारों की समस्याओं को लेकर लंबे समय तक संघर्ष किया गया। वर्ष 2007-08 में केंद्र सरकार से वन अधिकार कानून में संशोधन कराया गया, लेकिन प्रदेश में वर्ष



2017 तक इसका प्रभावी क्रियान्वयन नहीं हुआ। 2017 में सरकार बनने के बाद इन 54 बस्तियों के हजारों परिवारों को राजस्व ग्राम का दर्जा देकर सभी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं। इसी तर्ज पर मुसहर, थारू, चेरो, गौड़ और कोल जैसी अति पिछड़ी जातियों को भी मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत पक्के मकान और शासन की सभी योजनाओं का लाभ देकर संतृप्त किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने पूर्व की सरकारों की संवेदनहीनता पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि पहले जुलाई से नवंबर तक इंसेफेलाइटिस से हजारों बच्चे पीड़ित होते थे और सैकड़ों की मौत हो जाती थी। उस समय अस्पतालों में न बिजली थी, न पंखे थे और न ही बच्चों के लिए जीवन रक्षक उपकरण। व्यवस्था की इस संवेदनहीनता के कारण मासूम बच्चे तड़प तड़प कर दम तोड़ देते थे। आज राज्य सरकार की संवेदनशीलता और प्रयासों का परिणाम है कि पूर्वांचल में इंसेफेलाइटिस पूरी तरह समाप्त हो गई है और बच्चों को एक बेहतर 'क्वालिटी ऑफ लाइफ' मिली है। शिक्षा के क्षेत्र में हुए सुधारों की चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 से पहले बेसिक शिक्षा परिषद के स्कूल बंदी की कगार पर थे। स्कूल जर्जर थे, शिक्षक नहीं थे और 60 से 70 फीसदी बच्चे (विशेषकर बेटियां) संसाधनों के अभाव में नंगे पैर स्कूल जाने को मजबूर थीं। आज 'ऑपरेशन कायाकल्प' के तहत जनसहभागिता से 96 प्रतिशत स्कूलों को बुनियादी सुविधाओं से संतृप्त किया जा चुका है। प्रदेश के 1 करोड़ 60 लाख बच्चों को डीबीटी के माध्यम से यूनिफॉर्म, बैग, किताबें और जूता मोजा का पैसा सीधे अभिभावकों के बैंक खाते में दिया जा रहा है। श्रमिकों के बच्चों के लिए ग्लोबल स्टैंडर्ड के अटल आवासीय विद्यालय और क्वालिटी एजुकेशन के लिए सीएम कंपोजिट विद्यालय संचालित हो रहे हैं।

सरकारी योजनाओं की जानकारी बार-बार देना जरूरी

मुख्यमंत्री ने कहा कि कई बार सरकारी योजनाएं उपलब्ध होती हैं, लेकिन जानकारी के अभाव में पात्र लोग उनका लाभ नहीं ले पाते। इसलिए योजनाओं की जानकारी बार-बार आम लोगों तक पहुंचाना जरूरी है। किसी व्यक्ति को आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड या निराश्रित महिला पेंशन की जानकारी नहीं है, तो उसे बार-बार बताना होगा, ताकि वह योजना का लाभ ले सके।

'अयोध्या में राम मंदिर बना, अब मथुरा में मंदिर बनेगा', केशव मौर्य बोले- अखिलेश आएं तो साथ मिलकर बनाएंगे

मथुरा

चुनाव से पहले मथुरा में आयोजित भाजपा की दो दिवसीय बैठक में पहुंचे वरिष्ठ नेताओं ने समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव के दलित सम्मेलन पर सवाल उठाए। बीजेपी ने आरोप लगाया कि सपा के शासनकाल में दलित समुदाय पर अत्याचार और उनके सम्मानित महापुरुषों के अपमान की सबसे ज्यादा घटनाएं हुई हैं। गौरतलब है कि एक दिन पहले आगरा में 'दलित सम्मेलन' को संबोधित करते हुए अखिलेश यादव ने कहा था पीडीए में डी का मतलब अब दमदार दलित है। उन्होंने दावा किया था कि दलित समुदाय बीजेपी को हरा देगा।

'मथुरा में मंदिर का निर्माण जरूर होगा'

उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि अखिलेश यादव गरीबों, पिछड़ों और दलितों के दुश्मन हैं। उन्होंने कहा कि अयोध्या जाने के बजाय, अखिलेश यादव को मथुरा आकर भगवान कृष्ण का मंदिर बनवाना चाहिए। उपमुख्यमंत्री मौर्य ने कहा कि जिस तरह अयोध्या में रामलला का भव्य मंदिर बना है, उसी तरह भगवान श्रीकृष्ण की जन्मभूमि पर भी मंदिर बनेगा। चाहे न्यायिक प्रक्रिया से बने या आपसी बातचीत के माध्यम से, मंदिर का निर्माण जरूर होगा। अखिलेश यादव अगर हमारे साथ कारसेवा करना आना चाहें, तो हम उनके साथ मिलकर भगवान श्रीकृष्ण का मंदिर बनाएंगे। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि जब भी राज्य में समाजवादी पार्टी सत्ता में रही है, तब-तब दलितों पर अत्याचार हुए हैं। उन्होंने कहा कि जनता कभी भी सपा को स्वीकार नहीं करेगी।

'सपा सरकार में हुआ दलितों पर अत्याचार'

यूपी के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री भूपेंद्र सिंह चौधरी ने पत्रकारों से कहा कि समाजवादी पार्टी का इतिहास रहा है कि उनके कार्यकाल में दलितों पर अत्याचार, उनके सम्मानित महापुरुषों का



अपमान, दलितों की जमीन पर कब्जा और उनके खिलाफ कई अन्य अपराध हुए हैं। उन्होंने कहा कि दलित समुदाय समाजवादी पार्टी की असलियत अच्छी तरह जानता है। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव बार-बार अपना रूप बदलकर लोगों को धोखा देने की कोशिश करते हैं, लेकिन उत्तर प्रदेश की जनता उन्हें अच्छी तरह जानती है।

बैठक में तय होगा चुनावी एजेंडा

बीजेपी की दो दिवसीय बैठक के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनावों को देखते हुए यह एक महत्वपूर्ण बैठक है। बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के मार्गदर्शन में भविष्य की कार्ययोजना तैयार की जाएगी। उन्होंने कहा हम पूरी ताकत और एक स्पष्ट एजेंडे के साथ विधानसभा चुनावों में उतरेंगे, ताकि जनता के बीच अपनी बात रख सकें।

राष्ट्रीय अध्यक्ष भी करेंगे बैठक में शिरकत

मथुरा से लोकसभा सांसद हेमा मालिनी ने खुशी जताई कि उनकी पार्टी ने बैठक के लिए उनके संसदीय क्षेत्र को चुना है। उन्होंने कहा पार्टी ने बैठक के लिए इस जगह को चुना है, जहां सभी लोग अपने-अपने विचार साझा करेंगे। इस क्षेत्र की सांसद होने के नाते मैं यहां सबका स्वागत करने आई हूं।

प्रयागराज : माघ मेले की तैयारियों के बीच सात अफसरों का तबादला, भूमि पूजन से पांच दिन पहले एसडीएम भी हटे

प्रयागराज



माघ मेले की तैयारियों के बीच शासन ने सात अधिकारियों का गैर जनपद तबादला कर दिया है। खास बात यह है कि 20 नवंबर को होने वाले भूमि पूजन से महज पांच दिन पहले मेला प्रशासन में यह फेरबदल किया गया है। स्थानांतरित अधिकारियों में मेला क्षेत्र के एसडीएम विवेक शुक्ला भी शामिल हैं। ऐसे में मेले की तैयारियों पर असर पड़ने की आशंका जताई जा रही है। फिलहाल मेला प्रशासन में मेलाधिकारी ऋषिराज और कुछ लिपिक ही रह गए हैं। 15 जनवरी से शुरू होने वाला माघ मेला करीब 52 दिनों तक चलेगा। इसे ऐतिहासिक और भव्य बनाने के लिए प्रशासन की तैयारियां एक महीने पहले से चल रही हैं। निर्माण कार्यों के टेंडर हो चुके हैं। पांटून पुलों के निर्माण का काम भी शुरू हो गया है। मेला क्षेत्र में समतलीकरण की तैयारी की जा रही है। मंडलायुक्त प्रत्येक बृहस्पतिवार को मेला तैयारियों की समीक्षा कर रहे हैं। 15 नवंबर की रात एक नायब तहसीलदार और पांच तहसीलदारों का स्थानांतरण कर दिया गया। इनमें वैशाली शुक्ला, ऋषि मिश्रा, हंसराज, इंद्रभूषण और देवव्रत समेत अन्य अधिकारी शामिल हैं। इसके अलावा कुंभ 2019 और महाकुंभ 2025 में एसडीएम की जिम्मेदारी संभाल चुके विवेक शुक्ला का भी तबादला कर दिया ।

'करोड़ों खर्च के बाद भी बढ़ा प्रदूषण' : जहरीली होती यमुना पर सुप्रीम कोर्ट सख्त, राज्य सरकारों को लगाई फटकार

नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यमुना की सफाई पर भारी रकम खर्च करने के बावजूद, नदी में प्रदूषण कम होने के बजाय बढ़ा ही है। यह नदी के किनारे बसे कस्बों और शहरों के नागरिक प्रशासन की विफलता को दशार्ता है। जस्टिस मनोज मिश्रा और जस्टिस मनमोहन की बेंच ने टिप्पणी की, 'इस कोर्ट का मानना है कि नदी के किनारे बसे कस्बों, शहरों और गांवों के नागरिक प्रशासन में जो भी कमियां हैं। वे नदी की खराब हालत और उन 520 नालों में साफ झलकती हैं, जिनका गंदा पानी यमुना में गिरता है। यही वजह है कि नदी की सफाई पर भारी रकम खर्च करने के बाद भी यमुना में प्रदूषण बढ़ा ही है।' इसके साथ ही, कोर्ट ने केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (CPCB) को निर्देश दिया कि वह उन जगहों पर पानी की



गुणवत्ता की निगरानी करे, जहां यमुना और प्रमुख नाले अलग-अलग राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों और जिलों में प्रवेश करते हैं या वहां से बाहर निकलते हैं।' अदालत ने कहा कि अगर किसी राज्य, केंद्र शासित प्रदेश या जिले से गुजरते समय पानी की गुणवत्ता खराब होती है, तो संबंधित प्राधिकरण को जिम्मेदार ठहराया जाएगा और उस पर जुमार्ना लगाया जाएगा। सीपीसीबी से मुआवजे की गणना के लिए एक फॉमूर्ला सुझाने को कहा गया है, जिसे राज्य जांच के बाद प्रदूषण फैलाने वालों और लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों से वसूल सकते हैं। अदालत ने कहा, 'अगर किसी राज्य, केंद्र शासित प्रदेश या उसके किसी जिले से गुजरते समय या वहां से बाहर निकलते समय पानी की गुणवत्ता किसी भी मानक पर खराब होती है, तो उस राज्य, केंद्र शासित प्रदेश या जिले को जिम्मेदार माना जाएगा और उस पर जुमार्ना लगाया जाएगा।' अदालत ने कहा कि औद्योगिक प्रदूषण और बिना उपचार किए गए सीवेज को उनके स्रोत पर ही रोका जाना चाहिए। साथ ही, यह भी कहा गया कि केवल और अधिक सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) बनाने से नदी की सफाई के लिए यह पर्याप्त नहीं होगा। यमुना एक्शन प्लान में मौजूद कमियों की ओर भी इशारा किया गया। इस योजना में दावा किया गया था कि दिल्ली के 'जोन ड' में 35 जल निकायों और आर्द्रभूमियों पर कोई अतिक्रमण नहीं है, जबकि दिल्ली सरकार के अपने ही दस्तावेज में इन सभी 35 जगहों पर अतिक्रमण की बात कही गई है।

फिलिबेक के बयान पर सियासी घमासान: भाजपा का राहुल गांधी पर निशाना, कहा- भारत-विरोधी ताकतों को ला रहे एक साथ

नई दिल्ली



भाजपा ने सोमवार को हैदराबाद में आयोजित भारत समिट को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर हमला बोला। भाजपा ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी ने इस कार्यक्रम के जरिए कथित भारत विरोधी ताकतों को मंच दिया और देश को बदनाम करने तथा अस्थिरता फैलाने की कोशिश की। नई दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान पार्टी प्रवक्ता गौरव भाटिया ने 14 नवंबर को हुए भारत समिट को 'एंटी इंडिया समिट' करार दिया। उन्होंने कहा कि इस आयोजन को विपक्ष के नेता की ओर से आयोजित भारत-विरोधी सम्मेलन (एंटी इंडिया समिट) कहना ज्यादा उचित होगा। भाटिया ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी भारत विरोधी ताकतों को एक साथ लाने में जुटे हैं। उनके मुताबिक, राहुल गांधी ऐसा कोई मंच नहीं छोड़ते, जहां से भारत को बदनाम करने, अव्यवस्था फैलाने और देश में अस्थिरता पैदा करने की कोशिश की जा सके। भाजपा प्रवक्ता ने कहा, "पार्टी शासित राज्यों में होने वाले निवेश सम्मेलनों में विदेशी निवेशकों और विचारकों को आमंत्रित किया जाता है। इन कार्यक्रमों में निवेश के अवसरों पर चर्चा होती है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय अर्थव्यवस्था तथा देश के स्थिर माहौल को सामने रखा जाता है।" उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस शासित राज्य में आयोजित कार्यक्रम में देश के हितों को पीछे रख दिया गया। भाटिया ने कहा कि जिस मंच का इस्तेमाल भारत और तेलंगाना को मजबूत करने के लिए होना चाहिए था, उसका उपयोग भारत को कमजोर करने, पीएम नरेंद्र मोदी के खिलाफ नफरत फैलाने और देश में अस्थिरता पैदा करने के लिए किया गया। गौरव भाटिया ने भारत समिट में शामिल हुए यूरोपीय सोशलिस्ट्स पार्टी के महासचिव जियाकोमो फिलिबेक का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि फिलिबेक को ऐसे मंच से 'वोट चोर, गद्दी छोड़' का नारा लगाने का अवसर दिया गया। भाटिया ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी भारत में इसी तरह के बयान देते रहे हैं, लेकिन अब एक विदेशी नागरिक ने भारतीय मंच से देश के जनादेश का मजाक उड़ाया है। उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि किसी दूसरे देश का नागरिक भारत के जनादेश पर सवाल उठा रहा है। भाजपा प्रवक्ता ने राहुल गांधी को अराजक, अपरिपक्व, पार्ट टाइम और राष्ट्रविरोधी विपक्ष का नेता बताया।

उन्होंने कहा कि राहुल गांधी का इस पद पर होना देश का दुर्भाग्य है। गौरव भाटिया ने आरोप लगाया कि भारत समिट का इस्तेमाल देश की छवि को नुकसान पहुंचाने और राजनीतिक अस्थिरता पैदा करने के लिए किया गया। हालांकि, ये सभी आरोप भाजपा प्रवक्ता की ओर से लगाए गए हैं। भाजपा ने सोमवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी के भारतीय अर्थव्यवस्था को 'मृत' बताने वाले बयान पर पलटवार किया। पार्टी ने गोल्डमैन सैक्स के अनुमान का हवाला देते हुए कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था 2027 में 7.2 प्रतिशत की दर से बढ़ सकती है, जो दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में काफी अधिक है। राहुल गांधी लगातार आरोप लगाते रहे हैं कि मोदी सरकार के शासन में भारतीय अर्थव्यवस्था मृत हो गई है।

दिल्ली की हवा में जहर बरकरार: प्रदूषण के लिए पराली और बायोमास जलना सबसे बड़ा कारण, वाहनों की हिस्सेदारी 7.5%

नई दिल्ली



केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली की वायु गुणवत्ता सोमवार को 'खराब' श्रेणी में दर्ज की गई, हालांकि आने वाले दिनों में इसमें मामूली सुधार का अनुमान है। दिल्ली का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 275 रहा, जो पिछले दिन के 290 से मामूली सुधार है। दिल्ली के लिए वायु गुणवत्ता पूर्व चेतावनी प्रणाली ने भी अगले दो दिनों में PM2.5 और PM10 के स्तर में मामूली गिरावट का पूवार्नुमान लगाया है। राष्ट्रीय राजधानी में PM2.5 प्रमुख प्रदूषक था। वायु गुणवत्ता पूर्व चेतावनी प्रणाली के अनुसार, पराली जलाने और घरेलू ठोस बायोफिल्ड (जैसे लकड़ी और उपले) के उपयोग सहित बायोमास जलना, सोमवार को दिल्ली के PM2.5 प्रदूषण का सबसे बड़ा हिस्सा (30.9 प्रतिशत) था। मिश्रित दहन ने 27 प्रतिशत, उसके बाद सेकेंडरी ऑर्गेनिक एरोसोल ने 19.6 प्रतिशत और सेकेंडरी इनऑर्गेनिक एरोसोल ने 8.8 प्रतिशत योगदान दिया। वाहनों का प्रदूषण में 7.5 प्रतिशत योगदान रहा, जबकि पटाखों ने 5.8 प्रतिशत योगदान दिया। खनिज धूल और राख और कोयला दहन का योगदान क्रमशः 0.3 प्रतिशत और 0.2 प्रतिशत रहा।

'शायद जिंदा वापस न लौट सकूं': इमरान खान ने जेल से पाकिस्तानी जजों को लिखी चिट्ठी

इस्लामाबाद

पाकिस्तान के जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने सोमवार को देश की शीर्ष अदालतों के मुख्य न्यायाधीशों से अपने और पत्नी बुशरा बीबी के लिए उचित चिकित्सा सुविधा सुनिश्चित करने की अपील की। उन्होंने चेतावनी दी कि उनकी बिगड़ती सेहत जानलेवा साबित हो सकती है। इमरान ने पहले दिए गए अदालती आदेशों को लागू करने और जेल में बेहतर सुविधाएं देने की मांग भी की है। इमरान खान के वकील बैरिस्टर सलमान सफदर ने सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर उनका यह खुला पत्र साझा किया। उन्होंने पिछले सप्ताह अदियाला जेल में इमरान खान से मुलाकात की थी। 74 वर्षीय इमरान खान ने सुप्रीम कोर्ट, फेडरल कॉन्स्टिट्यूशनल कोर्ट और इस्लामाबाद हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीशों को संबोधित पत्र में अपनी सेहत



को लेकर चिंता जताई। उन्होंने लिखा, "74 साल की उम्र में यह लगातार बनी हुई स्थिति मुझे ऐसी जगह ले जा रही है, जहां से शायद मैं जिंदा वापस न लौट सकूं।" इमरान ने दावा किया कि लंबे समय तक एकांत कारावास में रखने और चिकित्सा सुविधा नहीं मिलने के कारण उनकी तबीयत बिगड़ रही है। उनके मुताबिक, ब्लड प्रेशर खतरनाक स्तर तक पहुंच गया है। डॉक्टरों ने उन्हें ब्रेन हैमरेज और हार्ट अटैक का खतरा भी बताया है। इमरान खान ने अपनी पत्नी बुशरा बीबी की सेहत का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने आरोप लगाया कि बुशरा की आंखों की रोशनी लगातार कमजोर हो रही है और उन्हें आगे भी आंखों की सर्जरी की जरूरत है। बुशरा बीबी को अप्रैल में रेटिना डिटैचमेंट की समस्या हुई थी, जिसके बाद उनकी सर्जरी की गई थी। इमरान ने दावा किया कि सर्जरी के बाद उन्हें फिर एकांत कारावास में भेज दिया गया और डॉक्टरों से मिलने तथा मेडिकल रिकॉर्ड तक पहुंचने की अनुमति नहीं दी गई। इमरान खान ने पत्र में कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने 18 अगस्त को अधिकारियों को उन्हें इस्लामाबाद के शिफा इंटरनेशनल अस्पताल में स्थानांतरित करने का निर्देश दिया था। अदालत ने उनकी जांच के लिए मेडिकल बोर्ड बनाने और परिवार के सदस्यों से बातचीत की अनुमति देने को भी कहा था। उन्होंने लिखा, "मैं आपके माननीय न्यायाधीशों से कोई विशेष कृपा नहीं मांग रहा हूं।

पीएम मोदी का फिलीपींस दौरा: मनीला एयरपोर्ट पर प्रधानमंत्री का भव्य स्वागत, दिया गया गार्ड ऑफ ऑनर

मनीला



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को फिलीपींस के तीन दिवसीय दौरे पर मनीला पहुंचे। इस दौरान मनीला अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उनका भव्य स्वागत किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 23वें आसियान-भारत शिखर सम्मेलन और 21वें पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए फिलीपींस के तीन दिवसीय दौरे पर हैं। पीएम मोदी के स्वागत में कई रंगारंग कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। पीएम मोदी की इस यात्रा का उद्देश्य दक्षिण-पूर्व एशिया और पूर्वी एशिया के देशों के साथ संबंधों को मजबूत करना और क्षेत्रीय व वैश्विक चुनौतियों पर चर्चा करना है। पीएम मंगलवार को 23वें आसियान-भारत शिखर सम्मेलन और 21वें पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। वह फिलीपींस के राष्ट्रपति फर्डिनेंड आर. मार्कोस जूनियर के निमंत्रण पर वहां पहुंचे हैं। मनीला रवाना होने से पहले सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आसियान देशों के साथ भारत के संबंध उसकी एक्ट ईस्ट नीति के केंद्र में हैं और महासागर (MAHASAGAR) विजन में भी इनका महत्वपूर्ण स्थान है। महासागर का पूरा नाम 'म्यूचुअल एंड होलिस्टिक एडवांसमेंट फॉर सिक्योरिटी एंड ग्रोथ अक्रॉस रीजन' है। इसका अर्थ विभिन्न क्षेत्रों में सुरक्षा और विकास के लिए आपसी और समग्र प्रगति है। यह भारत का विस्तारित वैश्विक समुद्री सिद्धांत है।

अपने प्रस्थान वक्तव्य में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि वह आसियान-भारत शिखर सम्मेलन में अन्य नेताओं के साथ मिलकर व्यापक रणनीतिक साझेदारी के तहत हुई प्रगति को आगे बढ़ाने और विकास, संपर्क तथा समृद्धि से जुड़ी साझा आकांक्षाओं को नई गति देने के लिए उत्सुक हैं।

यूपी: 'काशी-अयोध्या के बाद अब मथुरा की बारी', हेमा मालिनी बोलीं- प्रदेश में फिर बनेगी भाजपा सरकार

मथुरा



उत्तर प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर मथुरा के गांव परखम में भाजपा की दो दिवसीय योजना बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित केंद्र और प्रदेश स्तर के वरिष्ठ नेताओं ने भाग लिया। बैठक में पहुंचीं मथुरा की सांसद हेमा मालिनी ने कहा कि ऐसा लग रहा है कि काशी और अयोध्या के बाद अब मथुरा की बारी है। ऐसे में मथुरा में आयोजित यह बैठक बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि विकसित उत्तर प्रदेश के निर्माण की नींव इस बैठक के माध्यम से रखी जाएगी। आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा की तीसरी बार सरकार बनने का दावा करते हुए उन्होंने कहा कि जनता के हित और विकास के लिए पार्टी जिस तरह काम करती आई है, उसी क्रम में आगे भी निरंतर काम करती रहेगी। वहीं, सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के अयोध्या जाने को लेकर पूछे गए सवाल पर सांसद हेमा मालिनी ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी और चुप्पी साधे रखी।

सम्पादकीय

साइबर ठगी के नाम पर निदोर्षों के बैंक खाते फ्रीज करने पर इलाहाबाद हाई कोर्ट सख्त, केंद्र से मांगी पारदर्शी व्यवस्था



साइबर ठगी के मामलों में निर्दोष नागरिकों के बैंक खाते अनिश्चितकाल तक फ्रीज किए जाने पर इलाहाबाद हाई कोर्ट ने नाराजगी जताई है और केंद्र से पारदर्शी व्यवस्था बनाने को कहा है। साइबर अपराधों के बढ़ते खतरे से निपटना राज्य सरकार की अनिवार्य जिम्मेदारी है, लेकिन जब अपराधियों तक पहुंचने में तंत्र की अक्षमता का बोझ निर्दोष नागरिकों पर डाल दिया जाए, तब इससे कानून के शासन की धारणा खंडित होती है। आज बैंक खाते केवल धन जमा करने का साधन नहीं हैं। वे व्यक्ति की आजीविका, व्यवसाय, सामाजिक सुरक्षा और वित्तीय अस्तित्व का आधार हैं। ऐसे में किसी खाते को फ्रीज कर देना नागरिक के आर्थिक जीवन को रोक देना है। समस्या तब गंभीर हो जाती है जब यह कार्रवाई वर्षों तक चलती रहे और पीड़ित को यह तक न बताया जाए कि आखिर उसका अपराध क्या है, जांच कहां तक पहुंची है और राहत कब मिलेगी। डिजिटल इंडिया के दौर में व्यवस्था अपराधियों की तुलना में पीड़ितों पर ही अधिक कठोर दिखाई देती है। साइबर ठग किसी का भी आधार, मोबाइल या बैंक विवरण चुराकर अपराध कर बैठते हैं, लेकिन सबसे पहले संदेह और दंड उस व्यक्ति के हिस्से में आता है, जिसकी पहचान का दुरुपयोग हुआ होता है। इलाहाबाद हाई कोर्ट ने केंद्र सरकार से ऐसी व्यवस्था बनाने को कहा है, जिससे साइबर अपराध के शिकार नागरिकों को अनिश्चितकाल तक आर्थिक बंदी बनाकर न रखा जाए। यह मामला बताता है कि साइबर अपराध से निपटने की मौजूदा व्यवस्था में जवाबदेही का अभाव किस स्तर तक फैला हुआ है। अपराधी अक्सर पकड़ से बाहर रहते हैं, जबकि पीड़ित स्वयं अपनी बेगुनाही सिद्ध करने में वर्षों गंवा देता है। यह स्थिति केवल तकनीकी खामी नहीं, बल्कि जवाबदेही के संकट का भी प्रमाण है। पुलिस, साइबर प्रकोष्ठ और बैंकिंग तंत्र के बीच समन्वय का अभाव नागरिक अधिकारों पर सीधा आघात बन रहा है। खाता फ्रीज करने की प्रक्रिया तो त्वरित है, लेकिन उसकी समीक्षा, समय-सीमा और निस्तारण की कोई समान एवं प्रभावी व्यवस्था नहीं दिखती। सरकार यदि डिजिटल लेनदेन पर नागरिकों का भरोसा बनाए रखना चाहती है, तो उसे तत्काल ऐसी व्यवस्था करनी होगी जिसमें निर्दोष व्यक्ति अनिश्चितकाल तक आर्थिक बंदी न बना रहे। साइबर अपराध पर सख्ती आवश्यक है, पर न्याय का मूल सिद्धांत यह है कि अपराधी दंडित हो, पीड़ित नहीं। पिछले कई महीनों से वैश्विक आर्थिक परिदृश्य में जिस तरह की अस्थिरता छाई हुई है, उसमें अमूमन सभी देशों के सामने अपनी अर्थव्यवस्था को संतुलित और सकारात्मक रख पाना एक चुनौती बना हुआ है। खासतौर पर भारत जैसे विकासशील देशों के सामने मुश्किल यह खड़ी हो जाती है कि वे आयात और निर्यात की स्थिति के मुताबिक अपने व्यापार घाटे को कैसे नियंत्रित करते हैं।

रेलकर्मियों की ईमानदारी एवं त्वरित कार्रवाई से यात्री का खोया हुआ सोने का आभूषण सुरक्षित वापस

अनिल कुमार गुप्ता दिल्ली

यात्री सेवा के प्रति तत्परता एवं कर्तव्यनिष्ठा का परिचय देते हुए रेलवे कर्मचारियों ने एक यात्री का खोया हुआ सोने का आभूषण बरामद कर उसे उसके वास्तविक स्वामी तक सुरक्षित पहुंचाया।

श्रीमती वंदना सिंह, जो 13.11.2026 को श्री विशाल सिंह के साथ वाराणसी से कानपुर की यात्रा कर रही थीं, का सोने का कान का आभूषण यात्रा के दौरान खो गया था। दोनों यात्री गाड़ी संख्या 22415, सुबह बनारसझदिल्ली एक्सप्रेस के कोच ए2 में सीट संख्या 35 एवं 36 पर यात्रा कर रहे थे।

इसी दौरान प्रयागराज से कानपुर की यात्रा कर रहे श्री अनुज राजपूत को यह आभूषण मिला, जिसे उन्होंने तत्काल Dy. CIT श्री मनोज



सिंह को सौंप दिया। रेलवे चेकिंग स्टाफ ने तत्परता दिखाते हुए आवश्यक उद्घोषणाएं एवं सत्यापन की प्रक्रिया पूरी की, जिसके फलस्वरूप आभूषण को उसकी वास्तविक स्वामिनी श्रीमती वंदना सिंह को सुरक्षित वापस कर दिया गया।

भारतीय रेल Dy. CIT श्री मनोज सिंह एवं चेकिंग स्टाफ की सतर्कता, त्वरित कार्रवाई और यात्री सेवा के प्रति समर्पण की सराहना करती है।

यह घटना भारतीय रेल में निष्ठा, ईमानदारी, जिम्मेदारी एवं यात्री सेवा के उच्च मानकों को दशार्ती है। ऐसे प्रयास यात्रियों के विश्वास को मजबूत करने के साथ-साथ सुरक्षित एवं बेहतर रेल सेवा के प्रति भारतीय रेल की प्रतिबद्धता को भी प्रदर्शित करते हैं।

दिल्ली पुलिस की IFSO यूनिट ने यूनानी हेल्थकेयर के नाम पर चल रहे फर्जी कॉल सेंटर का किया भंडाफोड़, 12 आरोपी गिरफ्तार, 40 मोबाइल फोन, 3 लैपटॉप और 6 फर्जी मुहरें बरामद





अनिल कुमार गुप्ता दिल्ली नई दिल्ली, 16 नवंबर। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल की IFSO यूनिट ने पीतमपुरा स्थित एक अवैध कॉल सेंटर का भंडाफोड़ करते हुए 12 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, आरोपी MDL Natural Unani Healthcare Pvt. Ltd./Natural Unani Health Care के नाम पर कथित तौर पर ग्राहकों के साथ धोखाधड़ी कर रहे थे। आरोपियों ने एक हेल्थकेयर कंपनी और उसके वितरक का गोपनीय ग्राहक डेटा बिना अनुमति हासिल कर लिया था। इसी डेटा के आधार पर कॉल सेंटर के कर्मचारी ग्राहकों को फोन कर खुद को डॉक्टर बताकर दवाइयां खरीदने के लिए प्रेरित करते थे और फर्जी ऑर्डर भी तैयार करते थे।

पुलिस जांच में सामने आया कि शिवाजी मार्केट, पीतमपुरा में यह अवैध कॉल सेंटर संगठित तरीके से संचालित किया जा रहा था। मामले में 30 अक्टूबर 2026 को स्पेशल सेल थाने में एफआईआर नंबर 259/26 दर्ज की गई थी। तकनीकी जानकारी के आधार पर एसआई सचिन देव डांगी के नेतृत्व में IFSO की टीम ने छापेमारी कर 12 आरोपियों को मौके से पकड़ा और गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में कॉल सेंटर का टीम लीडर पंकज, अकाउंटेंट सूरज, फंड एवं स्टॉक मैनेजर मोंटी, सुपरवाइजर अंकित तथा नौ टेली-कॉलिंग एजेंट शामिल हैं। पुलिस के मुताबिक, टीम लीडर फरार सरगनाओं लतीफ और एक महिला के निर्देश पर कॉल सेंटर का संचालन कर रहा था।

छापेमारी के दौरान पुलिस ने 40 मोबाइल फोन, 3 लैपटॉप और 6 फर्जी मुहरें बरामद की हैं। लैपटॉप में ग्राहकों का गोपनीय डेटा, डेटाबेस और मामले से जुड़े महत्वपूर्ण डिजिटल साक्ष्य मिले हैं। इसके अलावा, मौके से कथित नकली दवाइयां और कॉल सेंटर के संचालन से संबंधित रिकॉर्ड भी बरामद किए गए। पूरी कार्रवाई एसीपी मनोज कुमार मिश्रा की निगरानी तथा डीसीपी IFSO गौरव त्यागी के नेतृत्व में की गई। पुलिस अब इस गिरोह से जुड़े अन्य लोगों, फरार सरगनाओं और ग्राहकों का डेटा हासिल करने के स्रोत का पता लगाने में जुटी है। दिल्ली पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि अनजान फोन कॉल पर किसी के डॉक्टर होने के दावे पर भरोसा न करें और बिना सत्यापन के दवाइयों का ऑर्डर न दें।

जीडीए की कार्रवाई के विरोध में तुलसी निकेतन आरडब्ल्यूए की आम बैठक पवन बब्बर

सुनहरा संसार

आज दिनांक 16 नवंबर को तुलसी निकेतन आरडब्ल्यूए की आम बैठक हुई। बैठक में मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री एवं साहिबाबाद विधायक सुनील कुमार शर्मा जी रहे। बैठक की अध्यक्षता आरडब्ल्यूए अध्यक्ष कुलदीप कसाना ने की। बैठक में मुख्य मुद्दा गाजियाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा फ्लैटों के पुनः निर्माण के लिए सहमति पत्र था जिसका सभी निवासियों ने एकमत में विरोध किया। बैठक का तुलसी निकेतन में संचालित देव भूमि उत्तराखंड ग्राहक सेवा समिति एवं मानवाधिकार संघ ने भी समर्थन किया। आरडब्ल्यूए एवं सभी संगठनों ने मंत्री सुनील कुमार शर्मा जी को कॉलोनी वासियों की ओर से ज्ञापन सौंपा।

बैठक को संबोधित करते हुए मंत्री



सुनील कुमार शर्मा जी ने कहा की आप सभी निवासी निश्चिंत रहें किसी को बेघर नहीं किया जाएगा क्योंकि यह मोदी और योगी जी की सरकार है इसमें गरीब लोगों को मकान दिए जाते हैं उजाड़े नहीं जाते। आप सभी लोगों की मेरी जिम्मेदारी है और मैं किसी को उजाड़ने नहीं दूंगा। जर्जर मकानों के बदले नए फ्लैट बनाए जाएंगे और जिसके पास पूर्ण कागजात है चाहे वह नोटरी हो चाहे पावर फोटो नहीं हो चाहे वह आवंटी हो सबको मकान दिए जाएंगे।

बैठक में सैकड़ो की संख्या में लोग शामिल हुए। इससे आरडब्ल्यूए अध्यक्ष कुलदीप कसाना द्वारा मुख्य अतिथि एवं लोगों के सामने ज्ञापन की सभी मांगों को पढ़कर सुनाया गया। बैठक में मुख्य रूप से आरडब्ल्यूए एवं देवभूमि उत्तराखंड व मानवाधिकार संघ के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य गण। मंच संचालन आरडब्ल्यूए महासचिव बलवंत रावत ने किया।

मुस्लिमों और दलितों के लिए चंद्रशेखर आजाद और ओवैसी का गठबंधन बेहद जरूरी -- हाजी आरिफ अली

अब दलित-मुस्लिम समाज एकजुट होकर अपने राजनीतिक भविष्य की नई दिशा तय करेगा

राष्ट्रीय सुनहरा संसार आस मोहम्मद ब्यूरो चीफ गाजियाबाद। उत्तर प्रदेश की राजनीति में वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर अभी से राजनीतिक समीकरण बनने और बिगड़ने लगे हैं। इसी बीच एआईएमआईएम के प्रदेश सचिव हाजी आरिफ अली ने दलित और मुस्लिम वोटों के संभावित बंटवारे को लेकर बड़ा राजनीतिक सवाल उठाया है। हाजी आरिफ अली का कहना है कि यदि आजाद समाज पार्टी के प्रमुख चंद्रशेखर आजाद उर्फ



रावण और एआईएमआईएम पार्टी के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी साहब के एक साथ जुड़ने पर भी राजनीति के चलते दलित और मुस्लिम मतदाताओं के वोट अलग-अलग दिशाओं में बंटते हैं, तो इसका राजनीतिक लाभ भाजपा को मिल सकता है। और अन्य पार्टी भी इस का लाभ उठाएगी। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में दलित और मुस्लिम मतदाता आजाद चुनावी नतीजों को प्रभावित करने की महत्वपूर्ण क्षमता रखते हैं। ऐसे में वर्ष 2027 का विधानसभा चुनाव केवल राजनीतिक दलों के लिए ही नहीं, बल्कि इन दोनों समाजों के राजनीतिक भविष्य के लिहाज से भी बेहद महत्वपूर्ण

सोच-समझकर एकजुट फैसला करना चाहिए। हाजी आरिफ अली ने सवाल उठाया कि आखिर दलित और मुस्लिम समाज को अपने वोटों को बिखरने देना चाहिए या फिर अपने राजनीतिक हितों और भविष्य को ध्यान में रखते हुए उन्होंने कहा कि मतदाताओं को किसी भी निर्णय से पहले अपने क्षेत्र के उम्मीदवार,राजनीतिक परिस्थितियों और समाज के हितों पर गंभीरता से विचार करना होगा। 2027 का चुनाव उत्तर प्रदेश की राजनीति के कई समीकरण तय कर सकता है। इसलिए इस बार आजाद समाज पार्टी के प्रमुख चंद्रशेखर आजाद उर्फ रावण और एआईएम आईएम पार्टी के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी साहब के एक साथ जुड़ने पर उनका ये गठबंधन दलित समाज और मुस्लिम समाज का भविष्य तय करेगा।

कालिंदी कुंज में यमुना के झाग पर राजनीति करने के बजाय कांग्रेस और आम आदमी पार्टी अपने 26 वर्षों के शासनकाल का दें हिसाब

एसटीपी क्यों नहीं लगाए : प्रवीण शंकर कपूर

अनिल कुमार गुप्ता दिल्ली

नई दिल्ली, 16 नवंबर। दिल्ली भाजपा प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने कालिंदी कुंज में यमुना नदी में दिखाई दिए झाग को लेकर कांग्रेस और आम आदमी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि दोनों दलों को आरोप-प्रत्यारोप की राजनीति करने के बजाय अपने शासनकाल के दौरान यमुना की सफाई के लिए किए गए कार्यों का हिसाब देना चाहिए। उन्होंने सवाल उठाया कि कांग्रेस के 15 वर्ष और आम आदमी पार्टी के 11 वर्ष के शासनकाल में यमुना की



सफाई के लिए एसटीपी का निर्माण क्यों नहीं कराया गया।

कपूर ने कहा कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली सरकार यमुना की सफाई के लिए ठोस कदम उठा रही है। मुनक नहर के दोनों किनारों पर लगभग 11 किलोमीटर क्षेत्र में छठ घाटों का निर्माण, सोनिया विहार, वजीराबाद से आईटीओ तक यमुना की सफाई तथा सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) लगाने का कार्य सरकार की प्रतिबद्धता को दशार्ता है।

उन्होंने कहा कि इस वर्ष आईटीओ पर पिछले एक दशक की बेहतर छठ पूजा व्यवस्थाएं देखने को मिलीं। पूर्वांचल समाज के लोगों ने भी सरकार की व्यवस्थाओं की सराहना की और आयोजन को लेकर किसी प्रकार की शिकायत नहीं की।

भाजपा प्रवक्ता ने आरोप लगाया कि आम आदमी पार्टी और कांग्रेस यमुना में झाग के मुद्दे पर राजनीति कर रही हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार कालिंदी कुंज में झाग की समस्या के स्थायी समाधान के लिए प्रतिबद्ध है और अगले वर्ष तक इस दिशा में ठोस परिणाम देखने को मिलेंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि भाजपा सरकार आरोप-प्रत्यारोप के बजाय यमुना की सफाई और दिल्लीवासियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए काम जारी रखेगी।

दादरी ग्राम शाहपुर में किसान नेता एवं जिला पंचायत प्रत्याशी अमरीश चौहान का खाटू श्याम आयोजन समिति ने किया भव्य स्वागत

राष्ट्रीय सुनहरा संसार आस मोहम्मद ब्यूरो चीफ दादरी। जिला पंचायत वार्ड नंबर 03, दादरी से प्रत्याशी एवं किसान नेता अमरीश चौहान का ग्राम शाहपुर में आयोजित खाटू श्याम कार्यक्रम के दौरान आयोजन समिति एवं ग्रामवासियों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर समिति के सदस्यों ने उन्हें बाबा श्याम का प्रतीक चिन्ह पहनाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर अमरीश चौहान ने कहा कि दादरी विधानसभा-62 एवं जिला पंचायत गौतम बुद्ध नगर नगर उनका अपना परिवार है। परिवार का सदस्य होने के नाते वे सदैव अपने क्षेत्रवासियों के सुख-दुख में उनके साथ खड़े रहेंगे। जन सेवा उनके लिए कोई राजनीतिक उद्देश्य नहीं, बल्कि एक सामाजिक जिम्मेदारी और संकल्प है। उन्होंने बाबा खाटू श्याम के दरबार में हाजिरी लगाकर समस्त क्षेत्रवासियों एवं देशवासियों के सुख, समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य और मंगलमय जीवन की कामना की। इस अवसर पर संदीप गोयल, अक्षित गोयल, गजराज चौधरी, अभिषेक ठाकुर, सोनू राणा, हर्ष



राणा, विशेष राणा, शिवा गुप्ता, मोहित बंसल, प्रदीप चौधरी सहित उनकी टीम के अनेक साथी एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे। अमरीश चौहान ने आयोजन समिति एवं समस्त ग्रामवासियों का आत्मीय स्वागत, सम्मान और स्नेह प्रदान करने के लिए हृदय से आभार व्यक्त किया।

समाजसेवा में मिसाल बन रहा शिप्रा कृष्णा विस्टा का सीनियर सिटीजन क्लब सी2 बेसमेंट

राष्ट्रीय सुनहरा संसार आस मोहम्मद ब्यूरो चीफ गाजियाबाद इंदिरापुरम सर्दियों की शुरूआत और बढ़ते प्रदूषण को ध्यान में रखते हुए सीनियर सिटीजन वेलफेयर एसोसिएशन, सी-2 बेसमेंट, शिप्रा कृष्णा विस्टा, इंदिरापुरम, गाजियाबाद द्वारा 15 नवंबर को एक विशाल स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। डॉ. अग्रवाल आई हॉस्पिटल एवं मैक्स हॉस्पिटल, वैशाली के सहयोग से आयोजित इस शिविर में विभिन्न चिकित्सा विशेषज्ञों ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं शिविर में डॉ. प्रिया दर्शना (नेत्र विशेषज्ञ), डॉ. रवि (ऑथोर्पेडिक एवं न्यूरो सर्जन) तथा डॉ. विकास (सीनियर कंसल्टेंट,कार्डियोलॉजी) ने स्वास्थ्य संबंधी परामर्श एवं जांच की सुविधा उपलब्ध कराई। आयोजन में डॉ हर्षित (डॉ. अग्रवाल आई हॉस्पिटल) एवं डॉ. आकांक्षा सेठी (मैक्स हॉस्पिटल) का भी विशेष सहयोग रहा। एउऋ सहित विभिन्न स्वास्थ्य जांचें की गईं और 200 से अधिक परिवारों ने भाग लिया तथा 125 से अधिक निवासियों ने विभिन्न प्रकार की जॉच करवाई। समाजसेवा में निरंतर अग्रणी क्लब



शिप्रा कृष्णा विस्टा सोसाइटी के 2011 से ही सीनियर सिटीजन क्लब स्वास्थ्य, स्वच्छता, पर्यावरण एवं सामाजिक जागरूकता जैसे कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाता रहा है। क्लब के वरिष्ठ सदस्य अपने अनुभव और सेवा भावना से समाज के लिए प्रेरणास्रोत बने हुए हैं। स्थानीय निवासियों द्वारा इन प्रयासों की सराहना की जाती रही है।

गौरव भाटिया का राहुल गांधी पर हमला, बोले- हैदराबाद का भारत समिट बना भारत-विरोधी एजेंडे का मंच

अनिल कुमार गुप्ता दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने सोमवार को पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में कांग्रेस नेता एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर तीखा हमला बोला। उन्होंने 14 नवंबर 2026 को हैदराबाद में आयोजित भारत समिट को भारत-विरोधी एजेंडे का मंच बताते हुए आरोप लगाया कि राहुल गांधी ने इस कार्यक्रम के माध्यम से विदेशी नेताओं को भारतीय लोकतंत्र और देश के जनादेश पर



सवाल उठाने का अवसर दिया। भाटिया ने कहा कि समिट में पार्टी ऑफ सोशलिस्ट के महासचिव जियाकोमो फिलिबेक ने भारतीय मंच से 'वोट चोर गद्दी छोड़' का नारा लगाया, जबकि राहुल गांधी ने इसका विरोध करने के बजाय तालियां बजाईं। उन्होंने इसे देश की संप्रभुता और लोकतांत्रिक व्यवस्था के प्रति गैर-जिम्मेदाराना रवैया करार दिया।

गौरव भाटिया ने राहुल गांधी पर विदेशी धरती पर भारत के आंतरिक मामलों को उठाने और विदेशी शक्तियों से हस्तक्षेप की अपील करने का आरोप लगाते हुए कहा कि भारत का लोकतंत्र किसी विदेशी प्रमाणपत्र का मोहताज नहीं है। उन्होंने जॉर्ज सोरोस, जाकिर नाइक, इल्हान उमर और जेरेमी कॉर्बिन जैसे लोगों के साथ राहुल गांधी की मुलाकातों और कथित नजदीकियों पर भी सवाल उठाए। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत मजबूत, स्थिर और तेजी से आगे बढ़ती अर्थव्यवस्था के रूप में वैश्विक पहचान बना रहा है, लेकिन राहुल गांधी को देश की प्रगति और स्थिरता रास नहीं आ रही है। भाटिया ने तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी और राहुल गांधी से भारत समिट के आयोजन पर हुए सरकारी खर्च का पूरा विवरण सार्वजनिक करने की मांग की। उन्होंने सवाल उठाया कि सरकारी खजाने से कितनी राशि खर्च की गई और कार्यक्रम में विदेशी वक्ताओं का चयन किस आधार पर किया गया। उन्होंने विशेष रूप से जियाकोमो फिलिबेक की पृष्ठभूमि की जांच और उनके विवादित बयानों को लेकर कांग्रेस तथा तेलंगाना सरकार से जवाब मांगा। भाजपा प्रवक्ता ने राहुल गांधी के संसदीय प्रदर्शन पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि 17वीं लोकसभा में उन्होंने केवल आठ बहसों में हिस्सा लिया, जबकि सांसदों की औसत भागीदारी 47 बहसों की रही। उन्होंने राहुल गांधी की संसद में उपस्थिति और बहसों में भागीदारी के आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बहस की मांग करने से पहले उन्हें अपना संसदीय रिकॉर्ड देखना चाहिए। प्रेस वार्ता के अंत में भाटिया ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी विदेशी मंचों पर भारत की छवि को नुकसान पहुंचाने का प्रयास कर रहे हैं, जबकि देश की जनता अपने लोकतांत्रिक अधिकारों के माध्यम से सरकार चुनने में सक्षम है।

भारत मंडपम में भव्यता के साथ संपन्न हुई मेरे महावीर 3.1 - महावीर निर्वाण कथा

मनोनीत निगम पार्षद मनोज कुमार जैन ने राजा हस्तिपाल की भूमिका में जीवंत किए ऐतिहासिक प्रसंग, CA राजीव जैन के भावपूर्ण कथावाचन ने दर्शकों को कराया पावापुरी के पावन निर्वाण महोत्सव का आध्यात्मिक अनुभव

अनिल कुमार गुप्ता दिल्ली

नई दिल्ली, भारत मंडपम, नई दिल्ली में भगवान महावीर देशना फाउंडेशन एवं BRJ Production के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित भव्य आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन मेरे महावीर 3.1 - महावीर निर्वाण कथा श्रद्धा, भक्ति, आध्यात्मिक ऊर्जा और सांस्कृतिक भव्यता के साथ संपन्न हुआ। इस आयोजन ने भगवान महावीर के जीवन, उनके त्याग, तपस्या, अहिंसा और निर्वाण के प्रसंगों को प्रभावशाली नाट्य प्रस्तुति एवं भावपूर्ण कथावाचन के माध्यम से दर्शकों के समक्ष सजीव कर दिया।

कार्यक्रम में भगवान महावीर देशना फाउंडेशन के डायरेक्टर एवं मनोनीत निगम पार्षद मनोज कुमार जैन ने राजा हस्तिपाल की महत्वपूर्ण भूमिका निभाकर अपने शानदार अभिनय से भगवान महावीर के



जीवन से जुड़े ऐतिहासिक प्रसंगों को जीवंत कर दिया। उनकी प्रभावशाली नाट्य प्रस्तुति ने दर्शकों को उस ऐतिहासिक कालखंड से जोड़ते हुए भगवान महावीर के त्याग, तपस्या,



अहिंसा, करुणा और सत्य के शाश्वत संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने का सराहनीय प्रयास किया।

कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रहे प्रख्यात कथावाचक उअ राजीव जैन, जिन्होंने अपने अत्यंत भावपूर्ण, ओजस्वी, प्रभावशाली कथावाचन शैली से भगवान महावीर के जीवन और निर्वाण की गाथा को अद्भुत जीवंतता प्रदान की। उनकी वाणी में भावों की गहराई, प्रसंगों का सजीव चित्रण और आध्यात्मिक अनुभूति का ऐसा सुंदर समन्वय था कि पूरा सभागार भक्ति एवं श्रद्धा के वातावरण में डूब गया। उन्होंने भगवान महावीर के अंतिम उपदेशों, उनके महान त्याग, तपस्या और पावापुरी में हुए निर्वाण कल्याणक के ऐतिहासिक प्रसंगों का ऐसा भावपूर्ण वर्णन किया कि ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो उपस्थित सभी श्रद्धालु स्वयं पावापुरी की पावन धरा पर पहुंच गए हों और अपनी आंखों के सामने भगवान महावीर के निर्वाण कल्याणक के उस अलौकिक एवं ऐतिहासिक क्षण के साक्षी बन रहे हों। उनके कथावाचन ने श्रोताओं को भावविभोर कर दिया और अनेक दर्शक आध्यात्मिक भावनाओं से अभिभूत दिखाई दिए। CA राजीव जैन ने अपनी विशिष्ट प्रस्तुति से कथा को केवल श्रवण का माध्यम नहीं, बल्कि एक गहन आध्यात्मिक अनुभूति बना दिया।

कार्यक्रम में संगीतकार प्रदीप जैन, सूत्रधार अभिषा जैन एवं बीना जैन का विशेष योगदान रहा , राजा नंदिवर्धन की भूमिका में सुधीर जैन तथा सह-निमार्ता मणिभद्र जैन एवं वर्षु जैन ने अपनी-अपनी महत्वपूर्ण भूमिकाओं से आयोजन को यादगार बनाया।

इस भव्य आयोजन में भगवान महावीर देशना फाउंडेशन के डायरेक्टर सुभाष ओसवाल एवं अनिल जैन (CA) तथा स्वागतकर्ता के रूप में सत्य भूषण जैन, मनीष जैन, क्रिस्टी जैन एवं शुभम जैन का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम का निर्माण बीआरजे प्रोडक्शन द्वारा किया गया तथा आयोजन भगवान महावीर देशना फाउंडेशन के तत्वावधान में संपन्न हुआ।

इस आयोजन के माध्यम से भगवान महावीर के शाश्वत सिद्धांत जियो और जीने दो तथा प्रेरणादायी संदेश यह महावीर का पथ है, हर प्राणी में संत है को जनमानस तक पहुंचाने का सार्थक प्रयास किया गया। कार्यक्रम ने यह संदेश दिया कि भगवान महावीर की अहिंसा, करुणा, अनेकांतवाद और जीव मात्र के प्रति प्रेम की शिक्षाएं आज भी मानव समाज के लिए उतनी ही प्रासंगिक हैं।

छठ पूजा के आयोजन में उमड़ा श्रद्धा और आस्था का सैलाब, जिलाधिकारी सहित पुलिस प्रशासन रहा मुस्तैद

दैनिक सुनहरा संसार ब्यूरो चीफ राजेश कुमार शर्मा व राजकुमार शर्मा फिरोजाबाद थाना बसई मोहम्मदपुर क्षेत्र के अंतर्गत पसीने वाले हनुमान जी मंदिर के समीप यमुना नदी के पावन तट पर जय मां छठ पूजा समिति के तत्वावधान में छठ पूजा का भव्य आयोजन किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने विधि-विधान एवं पूरे श्रद्धाभाव के साथ छठ मैया की पूजा-अर्चना की तथा परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। कार्यक्रम का आयोजन समिति के अध्यक्ष रामेश्वर एडवोकेट, निवासी जैन नगर, के नेतृत्व में किया गया। आयोजन स्थल पर श्रद्धालुओं की अच्छी खासी भीड़ देखने को मिली। महिलाओं ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ पूजा-अर्चना की और छठ मैया के प्रति अपनी आस्था प्रकट की। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी फिरोजाबाद की मौजूदगी रही। वहीं थाना बसई मोहम्मदपुर के थानाध्यक्ष एवं पुलिस टीम ने सुरक्षा व्यवस्था की कमान संभाली। पुलिसकर्मी पूरे आयोजन स्थल पर सतर्कता के साथ तैनात रहे, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।



समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यमुना तट पर भक्ति, श्रद्धा और सामाजिक सौहार्द का सुंदर नजारा देखने को मिला। फोटो परिचय: यमुना तट पर छठ पूजा आयोजन के दौरान समिति के पदाधिकारी, श्रद्धालु एवं सुरक्षा व्यवस्था में तैनात पुलिसकर्मी।

आबकारी विभाग ने देशी और कंपोजिट शराब दुकानों का किया निरीक्षण, दिए आवश्यक निर्देश

दैनिक सुनहरा संसार आगरा मंडल ब्यूरो चीफ राजकुमार शर्मा व तरुण कुमार राजोरिया शिकोहाबाद, फिरोजाबाद आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश एवं जिलाधिकारी फिरोजाबाद के आदेशों के अनुपालन में सोमवार, 16 नवंबर 2026 को आबकारी विभाग की टीम ने शिकोहाबाद क्षेत्र में फुटकर देशी शराब एवं कंपोजिट शराब की दुकानों का निरीक्षण किया।उप आबकारी आयुक्त, आगरा प्रभार एवं जिला आबकारी अधिकारी फिरोजाबाद के निर्देशन में आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-2 शिकोहाबाद ने अपनी टीम के साथ दुकानों और कैंटीन परिसरों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान दुकानदारों को साफ-सफाई बनाए रखने तथा दुकान के बाहर मदिरा का सेवन न होने देने के निर्देश दिए गए।इसके साथ ही ग्राहकों की मांग के अनुरूप विभिन्न ब्रांडों की उपलब्धता बनाए रखने, पर्याप्त स्टॉक रखने, सीसीटीवी कैमरों को निरंतर संचालित रखने और पॉस मशीन के माध्यम से शत-प्रतिशत बिक्री सुनिश्चित करने को कहा गया।अधिकारियों ने दुकानों के अभिलेख अद्यतन रखने, ऑनलाइन भुगतान की व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा निर्धारित मूल्य पर ही मदिरा की बिक्री करने के निर्देश भी दिए। आबकारी विभाग ने दुकानदारों को नियमों का पालन करने और निर्धारित मानकों के अनुरूप दुकानें संचालित करने के लिए निर्देशित किया।





फिरोजाबाद में तेज रफ्तार ईको कार पलटी, आधा दर्जन स्कूली बच्चे घायल, एक की हालत गंभीर

दैनिक सुनहरा संसार ब्यूरो चीफ राजेश कुमार शर्मा व राजकुमार शर्मा फिरोजाबाद। शिकोहाबाद क्षेत्र के एटा रोड पर तेज रफ्तार ईको कार अनियंत्रित होकर पलट गई। बताया जा रहा है कि ईको कार में झा क्लास के बच्चे सवार थे। हादसे में करीब आधा दर्जन छात्र घायल हो गए, जिनमें एक छात्र की हालत गंभीर बताई जा रही है। घायलों का निजी चिकित्सक के यहां उपचार कराया गया।



इस घटना ने शिक्षा विभाग और परिवहन विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। आरोप है कि नियमों को ताक पर रखकर स्कूल के समय कोचिंग का संचालन किया जा रहा है और बिना परमिट के डग्गामार वाहन सड़कों पर दौड़ रहे हैं। जिम्मेदार विभागों की कथित अनदेखी के चलते बच्चों की सुरक्षा पर सवाल उठ रहे हैं।अब देखना यह होगा कि संबंधित विभाग इस मामले में क्या कार्रवाई करते हैं और भविष्य में ऐसे हादसों को रोकने के लिए क्या कदम उठाए जाते हैं।

यातायात पुलिस टीम फिरोजाबाद द्वारा आईवे इंटरनेशनल स्कूल में यातायात माह के दृष्टिगत यातायात नियमों के संबंध में चलाया गया जागरूकता अभियान

दैनिक सुनहरा संसार ब्यूरो चीफ राजेश कुमार शर्मा व राजकुमार शर्मा फिरोजाबाद वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आदित्य लांग्हे के निर्देशन में जनपद में सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने एवं आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से यातायात पुलिस द्वारा निरंतर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।इसी क्रम में यातायात पुलिस टीम द्वारा आईवे इंटरनेशनल स्कूल में जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। अभियान के दौरान छात्र-छात्राओं एवं स्कूल स्टाफ को यातायात नियमों की विस्तृत जानकारी देते हुए सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया।



इस दौरान बच्चों को दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने, चार पहिया वाहन में सीट बेल्ट लगाने, निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करने तथा सड़क पार करते समय सावधानी बरतने के संबंध में जानकारी दी गई। साथ ही यातायात नियमों का पालन करने एवं अपने परिजनों और आसपास के लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करने हेतु प्रेरित किया गया।फिरोजाबाद पुलिस आमजन से अपील करती है कि यातायात नियमों का पालन करें, स्वयं सुरक्षित रहें एवं दूसरों को भी सुरक्षित रखें।

शिकोहाबाद में दबंगों का आतंक! घर में घुसकर बहू और सास से मारपीट, CCTV वीडियो वायरल



दैनिक सुनहरा संसार ब्यूरो चीफ राजेश कुमार शर्मा व राजकुमार शर्मा थाना शिकोहाबाद क्षेत्र के नगला नया में दबंगों पर गरीब परिवार की महिलाओं को घर से खींचकर पीटने का आरोप 12 अक्टूबर को बहू और 13 अक्टूबर को सास के साथ मारपीट की घटना उउल्ल कैमरे में कैद, वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल। पीड़ित का आरोप है कि दबंग लाइसेंसी राइफल से जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। पुलिस को तहरीर देने के बाद भी न्याय न मिलने का आरोप लगाते हुए पीड़ित ने एसएसपी से लगाई न्याय की गुहार। पुलिस ने पीड़ित महिलाओं का चिकित्सकीय परीक्षण कराया।

मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण को लेकर राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ हुई बैठक

दैनिक सुनहरा संसार ब्यूरो चीफ राजेश कुमार शर्मा व राजकुमार शर्मा



शिकोहाबाद। जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संतोष कुमार शर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में अपर जिलाधिकारी एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी कल्पना जायसवाल भी उपस्थित रहीं।

बैठक में जिलाधिकारी ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को अवगत कराया कि विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण की आलेख्य मतदाता सूची का प्रकाशन 17 नवंबर 2026 को किया जाना निर्धारित है। इसके साथ ही 17 नवंबर से 16 दिसंबर 2026 तक मतदाता सूची से संबंधित दावे एवं आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी।

जिलाधिकारी ने सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से अपील की कि वे अपने-अपने स्तर से बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) की नियुक्ति अवश्य करें, जिससे मतदाता सूची को पारदर्शी एवं त्रुटिरहित बनाया जा सके। उन्होंने बताया कि निर्वाचन आयोग द्वारा विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत विशेष अभियान की तिथियां 21, 22, 28 एवं 29 नवंबर 2026 निर्धारित की गई हैं। इन तिथियों पर विशेष अभियान चलाकर मतदाता सूची से संबंधित कार्यवाही की जाएगी।

जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी राजनीतिक दलों से अभियान में पूर्ण सहयोग प्रदान करने तथा आमजन को इसके प्रति अधिक से अधिक जागरूक करने की अपील की, ताकि कोई भी पात्र मतदाता मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से वंचित न रह जाए।

उन्होंने मतदाताओं की सुविधा के लिए बताया कि कोई भी पात्र व्यक्ति फॉर्म-6, फॉर्म-7 एवं फॉर्म-8 के लिए अपना आवेदन स्वयं निर्वाचन आयोग के आधिकारिक ऐप के माध्यम से अथवा अपने नजदीकी जन सुविधा केंद्र (सीएससी) पर जाकर आसानी से कर सकता है।

100 साल पुराने प्राचीन शिव मंदिर में बिजली व्यवस्था का अभाव, शिकायतों के बाद भी नहीं जागा विद्युत विभाग

नारखी ब्लॉक के राजारामपुर गांव का मामला, खेतों के बीच डंडों के सहारे खींची गई केबल से हादसे का खतरा

दैनिक सुनहरा संसार ब्यूरो चीफ राजेश कुमार शर्मा व राजकुमार शर्मा



फिरोजाबाद नारखी ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम राजारामपुर में स्थित करीब 100 वर्ष पुराने प्राचीन शिव मंदिर में बिजली व्यवस्था को लेकर विद्युत विभाग की लापरवाही सामने आई है। मंदिर में बिजली की समुचित व्यवस्था न होने के कारण मंदिर में रहने वाले संतों और श्रद्धालुओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों का आरोप है कि प्राचीन शिव मंदिर में बिजली की व्यवस्था कराने के लिए कई बार विद्युत विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों से शिकायत की गई, लेकिन आज तक समस्या का समाधान नहीं हो सका। ग्रामीणों के अनुसार इस संबंध में तहसील, ब्लॉक स्तर पर आयोजित जनसुनवाई तथा जिलाधिकारी के समक्ष भी शिकायत दर्ज कराई जा चुकी है। इसके बावजूद शिकायतों पर अब तक प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई है।ग्रामीणों ने बताया कि शिव मंदिर तक बिजली पहुंचाने के लिए जो केबल डाली गई है, उसे खेतों के आसपास डंडों के सहारे खींचा गया है। इस अव्यवस्थित व्यवस्था के कारण कभी भी कोई बड़ा हादसा होने की आशंका बनी हुई है। यदि केबल टूटकर नीचे गिरती है या किसी व्यक्ति के संपर्क में आती है तो गंभीर दुर्घटना हो सकती है।

ग्रामीणों का कहना है कि प्राचीन शिव मंदिर में नियमित बिजली आपूर्ति न होने से संतों को दैनिक कार्यों और पूजा-पाठ में भी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। कई बार शिकायत करने के बावजूद संबंधित एसडीओ और अवर अभियंता (जेई) द्वारा समस्या पर गंभीरता नहीं दिखाई जा रही है।अब सवाल यह है कि आखिर 100 साल पुराने प्राचीन शिव मंदिर की बिजली समस्या को लेकर लगातार शिकायतों के बाद भी विद्युत विभाग के अधिकारी कब जागेंगे? क्या किसी बड़े हादसे के बाद ही विभाग की नींद खुलेगी? ग्रामीणों ने जिलाधिकारी और विद्युत विभाग के उच्चाधिकारियों से मांग की है कि राजारामपुर गांव स्थित प्राचीन शिव मंदिर में सुरक्षित एवं स्थायी बिजली व्यवस्था कराई जाए तथा खेतों के बीच असुरक्षित तरीके से डाली गई केबल को तत्काल दुरुस्त कराया जाए, ताकि किसी अप्रिय घटना से बचा जा सके।

भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर विकास भवन सभागार में गूंजे राष्ट्रभक्ति के संकल्प

- **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लाइव संबोधन को अधिकारियों व कर्मचारियों ने सुना**
- **महान जननायक के त्याग और संघर्ष को किया गया नमन**

दैनिक सुनहरा संसार ब्यूरो चीफ राजेश कुमार शर्मा व राजकुमार शर्मा



फिरोजाबाद । जल, जंगल और जमीन की रक्षा तथा जनजातीय समाज के अधिकारों, सम्मान एवं स्वाभिमान के लिए अपना संपूर्ण जीवन न्योछावर करने वाले अमर जननायक एवं महान स्वतंत्रता सेनानी भगवान बिरसा मुंडा की पावन जयंती के अवसर पर विकास भवन स्थित सभागार में एक भव्य और विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के ओजस्वी संबोधन का सीधा (लाइव) प्रसारण दिखाया गया, जिसे सभागार में उपस्थित तमाम जिला स्तरीय अधिकारियों और कर्मचारियों ने बेहद तन्मयता और अनुशासन के साथ श्रवण किया।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अधिकारियों द्वारा भगवान बिरसा मुंडा के अदम्य साहस, ऐतिहासिक संघर्ष, देश के प्रति उनके सर्वोच्च त्याग तथा उनके महान योगदान का स्मरण किया गया, और इस बात पर विशेष प्रकाश डाला गया कि किस प्रकार उन्होंने अपने क्रांतिकारी विचारों और संघर्षों के माध्यम से जनजातीय समाज में अधिकारों, सामाजिक चेतना और आत्मसम्मान की सुदृढ़ नींव रखी थी। इस गरिमामयी अवसर पर उनके जीवन से प्रेरणा लेते हुए समाज के प्रत्येक वर्ग के सम्मान, प्रशासनिक सहभागिता और समावेशी विकास के संकल्प को दोहराया गया।

विकास भवन सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य परियोजना अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए), जिला समाज कल्याण अधिकारी राजमती सहित विभिन्न विभागों के तमाम सम्मानित अधिकारी एवं कर्मचारी पूरी मुस्तैदी के साथ उपस्थित रहे, जिन्होंने महान स्वतंत्रता सेनानी के पदचिन्हों पर चलकर राष्ट्र सेवा करने का संकल्प लिया।

तमंचा और जिंदा कारतूस के साथ शातिर आरोपी गिरफ्तार, पहले भी दर्ज हैं कई मुकदमे

***टूंडला पुलिस ने जरौली कलां कट के पास से दबोचा, अवैध हथियार बरामद**

दैनिक सुनहरा संसार आगरा मंडल ब्यूरो चीफ राजकुमार शर्मा व तरुण कुमार राजोरिया



फिरोजाबाद जनपद में अवैध हथियारों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत टूंडला पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से 315 बोर का एक अवैध तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान शरद पुत्र वीरेंद्र निवासी नगला राधे, थाना टूंडला, जनपद फिरोजाबाद के रूप में हुई है।पुलिस के अनुसार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आदित्य लांग्हे के निर्देशन में अवैध शस्त्रों की बरामदगी के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर थाना टूंडला पुलिस टीम ने पुराने बाईपास पर जरौली कलां कट के पास कार्रवाई करते हुए आरोपी शरद को गिरफ्तार कर लिया।इस मामले में थाना टूंडला पर मुकदमा संख्या 553/2026 के तहत आर्म्स एक्ट की धारा 3/25 में अभियोग दर्ज किया गया है। पुलिस आरोपी के खिलाफ अग्रिम विधिक कार्रवाई कर रही है।

पहले भी दर्ज हैं कई मुकदमे

पुलिस द्वारा जारी प्रेस नोट के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ वर्ष 2019 में धारा 354/506 भादवि और पॉक्सो एक्ट की धारा 7/8 के तहत मुकदमा दर्ज हुआ था। इसके अलावा वर्ष 2025 में आर्म्स एक्ट तथा वर्ष 2026 में जुआ अधिनियम के तहत भी मुकदमे दर्ज होने का उल्लेख किया गया है। वर्तमान मामले में भी आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

इन पुलिसकर्मियों की रही भूमिका

गिरफ्तारी करने वालीटीम में थाना प्रभारी निरीक्षक बैजनाथ सिंह, उपनिरीक्षक अंकित कुमार, उपनिरीक्षक अरविंद कुमार तथा कांस्टेबल भूरी सिंह, गौरव कुमार, प्रदीप सिंह और रिजर्व कांस्टेबल विकास सिंह शामिल रहे।

फिरोजाबाद में कैंटर चोरी का खुलासा, गैस कटर से काटकर बेचने की थी तैयारी; आरोपी गिरफ्तार

रामगढ़ पुलिस ने एटा के गोदाम से चोरी का कैंटर, 36 पीस बॉडी स्क्रैप और गैस कटर किया बरामद

दैनिक सुनहरा संसार आगरा मंडल ब्यूरो चीफ राजकुमार शर्मा व तरुण कुमार राजोरिया



फिरोजाबाद थाना रामगढ़ पुलिस ने कैंटर चोरी के मामले का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी किया गया कैंटर, उसके बॉडी के 36 पीस स्क्रैप और बॉडी काटने में इस्तेमाल होने वाला गैस कटर बरामद किया है। बरामद कैंटर की बॉडी कटी हुई थी और उस पर नंबर प्लेट नहीं लगी थी।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आदित्य लांग्हे के निर्देशन में चोरी की घटनाओं के खुलासे और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत रामगढ़ पुलिस ने यह कार्रवाई की। गिरफ्तार आरोपी की पहचान नीरज पुत्र हरिशंकर निवासी न्यू रेवाड़ी मोहल्ला, थाना कोतवाली नगर, जनपद एटा के रूप में हुई है। वह वर्तमान में एटा के मानपुर बाईपास क्षेत्र में रह रहा था। पुलिस ने उसे मानपुर बाईपास स्थित एक गोदाम परिसर से गिरफ्तार किया।जाटवपुरी चौराहे के पास से चोरी हुआ था कैंटर पुलिस के अनुसार, 15 नवंबर 2026 को मोहम्मद तारिक पुत्र जाबिर हुसैन निवासी मदीना कॉलोनी, थाना रामगढ़ ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उनके चचेरे भाई अकरम पुत्र खुआजुद्दीन निवासी ताजगंज, आगरा का कैंटर (नंबर यूपी 80 बीटी 4887) जाटवपुरी चौराहे के पास सर्विस रोड पर खड़ा था। इसी दौरान अज्ञात व्यक्ति कैंटर चोरी कर ले गया। शिकायत के आधार पर थाना रामगढ़ में मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एटा में कार्रवाई करते हुए आरोपी नीरज को गिरफ्तार कर चोरी का कैंटर और उससे संबंधित सामान बरामद कर लिया। पुलिस ने बरामदगी के आधार पर मुकदमे में बीएनएस की धारा 317(2), 317(4) और 317(5) की बढ़ोतरी की है। आरोपी के खिलाफ अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।हरियाणा में भी दर्ज हैं मुकदमे पुलिस के मुताबिक, आरोपी नीरज के खिलाफ हरियाणा के पंचकूला जनपद के सेक्टर-20 थाने में मुकदमा संख्या 188/2026 तथा चंडीमंदिर थाने में मुकदमा संख्या 294/2026 दर्ज हैं। इसके अलावा थाना रामगढ़, फिरोजाबाद में कैंटर चोरी के मामले में मुकदमा संख्या 675/2026 दर्ज किया गया है।इस कार्रवाई में थाना रामगढ़ के प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार दुबे, एंटी थेफ्ट टीम प्रभारी उपनिरीक्षक राजीव कुमार, उपनिरीक्षक आदित्य चौधरी, रोहित तोमर सहित पुलिसकर्मियों और सर्विलांस टीम के सदस्य शामिल रहे।

जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद आदित्य लांग्हे द्वारा सड़क सुरक्षा पखवाड़ा (16 से 30 नवंबर 2026) का शुभारंभ किया गया

शपथ ग्रहण के उपरांत जिलाधिकारी फिरोजाबाद एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद द्वारा संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर सड़क सुरक्षा प्रचार वाहनों एवं जागरूकता रैलियों को मुख्यालय परिसर से किया रवाना

दैनिक सुनहरा संसार ब्यूरो चीफ राजेश कुमार शर्मा व राजकुमार शर्मा फिरोजाबाद उत्तर प्रदेश शासन के निदेर्शानुसार सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और आम जनता को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से आज दिनांक 16 नवंबर 2026 को जिलाधिकारी कार्यालय परिसर फिरोजाबाद में सड़क सुरक्षा पखवाड़ा (16 नवंबर से 30 नवंबर 2026) का जिलाधिकारी फिरोजाबाद तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद द्वारा उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों और नागरिकों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई गई, जिसमें सभी ने यातायात नियमों का पूर्ण पालन करने और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया एवं हरी झंडी दिखाकर सड़क सुरक्षा पखवाड़ा (16 से 30 नवंबर 2026) का शुभारंभ किया गया । कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण "सड़क सुरक्षा - जीवन रक्षा" थीम पर आधारित रहा । शपथ ग्रहण के उपरांत सड़क सुरक्षा प्रचार वाहनों एवं जागरूकता रैलियों को मुख्यालय परिसर से रवाना किया । यह वाहन भ्रमण कर आम जनमानस को हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने, निर्धारित गति सीमा का पालन करने, ड्राइविंग करते समय मोबाइल का प्रयोग न करने तथा पैदल यात्रियों को प्राथमिकता देने जैसे महत्वपूर्ण यातायात नियमों के प्रति जागरूक करेंगे ।



झलकारी बाई के वंशज बनवाएंगे पीडीए सरकार - प्रो रामगोपाल यादव

दैनिक सुनहरा संसार ब्यूरो चीफ राजेश कुमार शर्मा व राजकुमार शर्मा फिरोजाबाद :- विधानसभा चुनाव नजदीक है सभी पार्टियों के नेता अपना दमखम दिखा रहे हैं, सोमवार को श्रीरामचंद्र पालीवाल हॉल में पार्षद मनोज शंखवार ने वीरांगना झलकारी बाई महाकुंभ का आयोजन किया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव एवं राज्यसभा सांसद प्रो.रामगोपाल यादव जी ने कहा कि झांसी की रानी लक्ष्मीबाई की हमशक्ल दुर्गादल की सेनापति वीरांगना झलकारी बाई के बलिदान को भुलाया नहीं जा सकता ,कार्यक्रम आयोजक पार्षद मनोज शंखवार ने अपनी टीम के साथ प्रो.रामगोपाल यादव जी का तलबार भेंट कर स्वागत किया ,प्रो.रामगोपाल यादव जी ने कहा कि मनोज शंखवार ने यह आयोजन करके समाज को जागरूक करते हुए एक अहम पहल की है , कार्यक्रम के आयोजक पार्षद मनोज शंखवार ने कहा कि यह जो तलबार भेंट की गई है वह झाँसी से मां झलकारी बाई की जन्मभूमि से मंगाई गई है और झलकारी बाई के वंशज ये बताना चाहते हैं कि अब हम पीडीए सरकार बनाएंगे, कार्यक्रम में जिलाअध्यक्ष शिवराज सिंह यादव एडवोकेट,पूर्व एमएलसी डॉ. दिलीप यादव,इंद्रवती यादव, सुनील शंखवार,अभयराम ,जानी कोहली, सुखवीर ,राम कुमार शंखवार, लक्ष्मण कुमार,अमित शंखवार,गौरव ,टीटू कोहली , किशनगोपल आदि लोग उपस्थित रहे



फिरोजाबाद में आबकारी विभाग का शराब दुकानों पर निरीक्षण, निर्धारित मूल्य पर बिक्री के निर्देश

दैनिक सुनहरा संसार आगरा मंडल ब्यूरो चीफ राजकुमार शर्मा व तरुण कुमार राजोरिया फिरोजाबाद जनपद में शराब की दुकानों पर व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने और निर्धारित मूल्य पर मदिरा की बिक्री सुनिश्चित करने के लिए आबकारी विभाग की टीम ने सोमवार, 16 नवंबर 2026 को निरीक्षण अभियान चलाया।आबकारी आयुक्त, उत्तर प्रदेश एवं जिलाधिकारी फिरोजाबाद के आदेशों के अनुपालन में उप आबकारी आयुक्त, आगरा प्रभार तथा जिला आबकारी अधिकारी फिरोजाबाद के निर्देशन में आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-1 ने अपनी टीम के साथ क्षेत्रांतर्गत गोदामों, फुटकर देशी शराब की दुकानों और कंपोजिट दुकानों का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने दुकानों एवं कैंटीन परिसर में साफ-सफाई बनाए रखने, दुकान के बाहर मदिरा का सेवन न होने देने और ग्राहकों की मांग के अनुरूप विभिन्न ब्रांडों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही दुकानों पर पर्याप्त स्टॉक रखने, सीसीटीवी कैमरों को लगातार चालू रखने तथा पॉस मशीन के माध्यम से शत-प्रतिशत बिक्री करने पर जोर दिया गया।आबकारी टीम ने दुकान संचालकों को सभी आवश्यक अभिलेख अद्यतन रखने, ऑनलाइन भुगतान की सुविधा सुनिश्चित करने और मदिरा की बिक्री केवल निर्धारित मूल्य पर करने के निर्देश भी दिए। विभाग ने दुकानों पर नियमों के पालन और उपभोक्ताओं को निर्धारित दरों पर मदिरा उपलब्ध कराने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।आबकारी विभाग की इस कार्रवाई का उद्देश्य शराब की दुकानों पर निर्धारित नियमों का पालन सुनिश्चित करना और बिक्री व्यवस्था को पारदर्शी बनाए रखना है।



डेंगू-मलेरिया से बचकर रहें, बच्चों को पहनाएं पूरी बाजू के कपड़े - डॉ. आरके शर्मा ने दिया स्वास्थ्य का संदेश, बुखार आने पर घबराएं नहीं, तुरंत दिखाएं नजदीकी चिकित्सक को

राष्ट्रीय सुनहरा संसार वन्दना जोशी ब्यूरो चीफ मोदीनगर। मौसम बदलते ही डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है ऐसे में लोगों को सतर्क रहने की जरूरत है। निवाड़ी रोड, मोदीनगर के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. आरके शर्मा ने क्षेत्र के लोगों को डेंगू-मलेरिया से बचाव के लिए महत्वपूर्ण संदेश दिया है। उन्होंने कहा कि थोड़ी सी सावधानी बरतकर हम अपने आप को और अपने बच्चों को इन खतरनाक बीमारियों से बचा सकते हैं। डॉ. आरके शर्मा ने कहा कि डेंगू और मलेरिया मच्छरों के काटने से फैलते हैं। मच्छर गंदे पानी और रुके हुए पानी में पनपते हैं। इसलिए सबसे पहले अपने घर के आसपास पानी जमा न होने दें। कूलर, गमले, टायर, टंकी और बर्तनों में पानी जमा न रखें। अगर पानी जमा है तो उसे तुरंत साफ करें। डॉ. शर्मा ने विशेष रूप से बच्चों के लिए कहा कि बच्चों को पूरी बाजू के कपड़े पहनाएं। बच्चे स्कूल जाते हैं, खेलने जाते हैं, ट्यूशन जाते हैं, ऐसे में उन्हें पूरी बाजू की शर्ट और फुल पैंट पहनाकर भेजें। इससे मच्छरों के काटने से बचाव होगा। उन्होंने कहा कि बच्चों को सुबह और शाम के समय मच्छरों से ज्यादा बचाकर रखें, क्योंकि इसी समय मच्छर सबसे ज्यादा काटते हैं। सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग जरूर करें। घर में मच्छर भगाने वाली दवाओं का प्रयोग करें, लेकिन बच्चों से दूर रखें। डॉ. आरके शर्मा ने कहा कि बाहर का खाना, ठेले-खोमचे का खुला खाना और गंदा पानी पीने से भी बीमारियां फैलती हैं। इसलिए बाहर के खाने से बचकर रहें। घर का बना साफ-सुथरा खाना ही खाएं। पानी को उबालकर या फिल्टर करके ही पिएं। उन्होंने कहा कि बच्चों को बाहर की चाट- पकौड़ी, बर्फ, खुला जूस और कटा हुआ फल खाने से रोकें।इससे पेट की बीमारियों के साथ- साथ बुखार का भी खतरा रहता है। डॉ. शर्मा ने कहा कि अगर किसी को बुखार आता है, तो घबराएं नहीं। घबराने से बीमारी और बढ़ जाती है। बुखार आने पर तुरंत अपने नजदीकी चिकित्सक को दिखाएं। खुद से दवा न लें, झोलाछाप डॉक्टरों से इलाज न कराएं। उन्होंने कहा कि बुखार में ज्यादा से ज्यादा पानी पिएं, नारियल पानी, ओआरएस और हल्का खाना लें आराम करें और डॉक्टर की बताई हुई दवा ही लें। अगर बुखार 2-3 दिन से ज्यादा रहे, तो तुरंत जांच कराएं। डॉ. आरके शर्मा ने कहा कि डेंगू-मलेरिया से बचने का सबसे आसान तरीका साफ -सफाई है। अपने घर, गली और मोहल्ले को साफ रखें। कूड़ा इधर-उधर न फेंकें। मच्छरों को पनपने का मौका ही न दें। उन्होंने क्षेत्र के लोगों से अपील की कि वह अपने परिवार, अपने बच्चों और अपने पड़ोसियों को भी इस संदेश के बारे में बताएं।



डीएम ने हरी झंडी दिखाकर 'जागरूकता वाहन' को किया रवाना



सुनहरा संसार ब्यूरो चीफ विक्रम सिंह

मैनपुरी, 16 नवंबर 2026 सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने और आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से सोमवार को सड़क सुरक्षा पखवाड़े के अंतर्गत 'जागरूकता वाहन' को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। जिलाधिकारी डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी ने वाहन को रवाना करते हुए कहा कि इस अभियान का मुख्य लक्ष्य सड़क हादसों में कमी लाना और लोगों को सुरक्षित यातायात के प्रति संवेदनशील बनाना है।

घायल की मदद करने पर मिलेगा 25 हजार का इनाम

जिलाधिकारी ने दुर्घटना के बाद के शुरूआती समय यानी 'गोल्डन हॉवर' के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यदि कहीं कोई सड़क दुर्घटना होती है, तो एक जिम्मेदार नागरिक का कर्तव्य निभाते हुए घायल व्यक्ति को तत्काल नजदीकी अस्पताल पहुंचाएं। उन्होंने जानकारी दी कि ऐसे नेक कार्य करने वाले व्यक्तियों को शासन की 'गुड समेरिटन योजना' के तहत 25 हजार रुपये तक की पुरस्कार राशि से सम्मानित किया जाएगा।

युवाओं से की विशेष अपील

जनपदवासियों का आह्वान करते हुए डीएम ने कहा कि "जान है तो जहान है", इसलिए जीवन की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। उन्होंने युवाओं को विशेष संदेश देते हुए कहा कि वाहन चलाने को अपनी आवश्यकता समझें, न कि इसे कोई तमाशा या रोमांच बनाएं।

उन्होंने वाहन चालकों से निम्नलिखित नियमों का पालन करने की अपील की:

दोपहिया वाहन चलाते समय अनिवार्य रूप से हेलमेट का प्रयोग करें।

- चारपहिया वाहन में सीट-बेल्ट अवश्य लगाएं।
- रैश ड्राइविंग, गलत दिशा में वाहन चलाने और ओवर-स्पीडिंग जैसी लापरवाहियों से बचें।
- अपने और अपने परिवार के सुरक्षित भविष्य के लिए सदैव नियंत्रित गति से वाहन चलाएं।

इस अवसर पर सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (एआरटीओ) सिद्धार्थ यादव सहित अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

डीएम डॉ इंद्रमणि त्रिपाठी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक

सुनहरा संसार ब्यूरो चीफ विक्रम सिंह

मैनपुरी, में विधानसभा निर्वाचन नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान को पारदर्शी और त्रुटिरहित बनाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी की अध्यक्षता में बूथ लेवल अधिकारियों (बी.एल.ओ.) एवं सुपरवाइजरों की एक महत्वपूर्ण प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई।

कार्यशाला को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती का आधार एक शुद्ध एवं अद्यतन मतदाता सूची है। उन्होंने बी.एल.ओ. को मतदाता सूची का 'चिकित्सक' बताते हुए चेतावनी दी कि सूची में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी पाए जाने पर बी.एल.ओ. से लेकर सुपरवाइजर, ई.आर.ओ. और जिला निर्वाचन अधिकारी तक की जवाबदेही तय होगी।



ड्राफ्ट प्रकाशन और पारदर्शिता के निर्देश:

- **17 नवंबर को प्रकाशन:** आगामी 17 नवंबर को सभी मतदान केंद्रों पर ड्राफ्ट मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा।
- **सार्वजनिक पठन और रिकॉर्डिंग:** 16 नवंबर को ही ग्राम प्रधान, सभासद और राजनीतिक दलों के बी.एल.ए. को फोन कर आमंत्रित किया जाएगा। 17 नवंबर को सुबह 10 बजे बी.एल.ओ. बूथ पर पहुंचकर अपनी उपस्थिति की फोटो ग्रुप पर साझा करेंगे और ग्रामीणों व जन-प्रतिनिधियों की मौजूदगी में सूची को पढ़कर सुनाएंगे। इसकी वीडियो रिकॉर्डिंग और उपस्थित लोगों के हस्ताक्षर सुरक्षित रखे जाएंगे।
- **घर-घर सत्यापन:** बी.एल.ओ. को दिए गए रजिस्टर (प्रारूप 1 से 8) को घर बैठे तैयार कर, घर-घर सत्यापन के दौरान मतदाताओं के मोबाइल नंबर और ईमेल आईडी संकलित करने के निर्देश दिए गए हैं।

दावे-आपत्तियां और फॉर्म भरने के नियम:

- **फॉर्म की सीमा:** कोई भी बी.एल.ए. एक दिन में अधिकतम 10 फॉर्म ही जमा कर सकता है। यदि किसी बी.एल.ए. द्वारा पूरे माह में 30 से अधिक फॉर्म दिए जाते हैं, तो ई.आर.ओ. स्तर से उनका क्रॉस वेरिफिकेशन होगा।
- **बिना दस्तावेज फॉर्म अस्वीकार:** आवेदक के हस्ताक्षर/अंगूठे, रंगीन फोटो और अनिवार्य दस्तावेजों के बिना कोई भी फॉर्म स्वीकार या अपलोड नहीं किया जाएगा। दस्तावेज न होने पर स्थलीय जांच की जाएगी।
- **नाम काटने व जोड़ने के नियम:** बिना ठोस साक्ष्य के किसी का नाम नहीं काटा जाएगा। मृतक मतदाताओं के लिए फॉर्म-7 के साथ मृत्यु प्रमाण पत्र या ग्राम सचिव की पुष्टि अनिवार्य है। विवाह के पश्चात दूसरे स्थान से आई बहू या एक ही विधानसभा में स्थान बदलने वाले मतदाताओं के लिए फॉर्म-6 के स्थान पर फॉर्म-8 का उपयोग किया जाएगा, ताकि पुराने स्थान से नाम स्वतः कट सके।

युवाओं और बुजुर्गों पर विशेष फोकस

जिलाधिकारी ने ईपी रेशियो, जेंडर रेशियो और आयु वर्ग विश्लेषण पर ध्यान देने को कहा। उन्होंने निर्देश दिए कि 01 जनवरी 2027 की अर्हता तिथि के आधार पर 18 से 19 आयु वर्ग के सभी युवाओं का शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित किया जाए। साथ ही 80 व 85 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं और दिव्यांग मतदाताओं का भौतिक सत्यापन किया जाए। आगामी एक माह तक प्रत्येक मतदान केंद्र पर हेल्प-डेस्क संचालित रहेगी और सभी बी.एल.ओ. प्रतिदिन प्राप्त फॉर्मों को गरुड़ ऐप/पोर्टल पर डिजिटाइज करेंगे।

इस अवसर पर उप जिलाधिकारी, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सुपरवाइजर एवं बड़ी संख्या में बी.एल.ओ. उपस्थित रहे।

डीएम ने जनगणना 2027' के द्वितीय चरण के तहत स्व-गणना का शुभारम्भ किया

सुनहरा संसार ब्यूरो चीफ विक्रम सिंह

मैनपुरी, 16 नवंबर, 2026। जनपद में भारत की जनगणना 2027 के द्वितीय चरण के अंतर्गत 'स्व-गणना' (Self-Enumeration) अभियान का औपचारिक शुभारंभ हो गया है। जिलाधिकारी डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी ने सोमवार को अभियान के पहले दिन स्वयं अपनी स्व-गणना प्रक्रिया को पूरा कर जनपदवासियों को इस राष्ट्रीय महाभियान से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। प्रशासन ने विभिन्न योजनाओं के माध्यम से जनपद के 60 से 65 प्रतिशत परिवारों को सीधे स्व-गणना से जोड़ने का लक्ष्य निर्धारित किया है।

16 से 30 नवंबर तक चलेगा विशेष अभियान

जिलाधिकारी डॉ. त्रिपाठी ने बताया कि जनगणना के प्रथम चरण में मकानों की गणना का कार्य सफलतापूर्वक पूरा होने के बाद, अब 16 से 30 नवंबर 2026 तक स्व-गणना का विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसके पश्चात 01 दिसंबर 2026 से 04 जनवरी 2027 तक



प्रगणकों द्वारा घर-घर जाकर मुख्य जनसंख्या गणना की जाएगी। उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि वे घर बैठे अपने स्मार्टफोन या लैपटॉप के जरिए आधिकारिक पोर्टल se.census.gov.in पर जाकर अपनी जानकारी स्वयं दर्ज करें।

कैसे पूरी होगी स्व-गणना और सत्यापन की प्रक्रिया?

- **ऑनलाइन प्रश्नावली:** नागरिकों को पोर्टल पर अपने परिवार से जुड़े 40 प्रश्नों के उत्तर सावधानीपूर्वक भरने होंगे।
- **विशिष्ट आई.डी.:** विवरण सबमिट करने के बाद प्रणाली द्वारा एक विशिष्ट पहचान संख्या (आई.डी.) जनरेट होगी, जिसे सुरक्षित नोट करके रखना अनिवार्य है।
- **घर-घर सत्यापन:** आगामी चरण में जब प्रगणक घर-घर सर्वेक्षण के लिए आएंगे, तो नागरिक उन्हें यह आई.डी. उपलब्ध कराएंगे। प्रगणक इस आई.डी. से ऑनलाइन डेटा खोलकर परिवार के सामने पढ़कर सुनाएंगे और पुष्टि करेंगे।
- **सुधार की सुविधा:** यदि ऑनलाइन भरे गए विवरण में कोई त्रुटि पाई जाती है, तो प्रगणक परिवार की सहमति से उसमें तत्काल सुधार भी करेंगे, जिससे डेटा की शत-प्रतिशत शुद्धता सुनिश्चित हो सके।

समय की होगी बचत, ग्राम पंचायतों में लगेगी 'स्व-गणना चौपाल'

डीएम ने कहा कि यदि अधिक से अधिक नागरिक स्व-गणना के माध्यम से अपना विवरण ऑनलाइन दर्ज कर लेते हैं, तो मुख्य गणना के दौरान प्रगणकों के समय की बचत होगी और आम जनता को भी लंबी पूछताछ की प्रक्रिया से राहत मिलेगी।

ग्रामीण क्षेत्रों में जन-जागरूकता बढ़ाने और तकनीकी रूप से अनभिज्ञ परिवारों की सहायता के लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत में 'स्व-गणना चौपाल' का आयोजन किया जाएगा। इस अभियान को सफल बनाने के लिए शिक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकत्री, आशा, ग्राम रोजगार सेवक, पंचायत सहायक, ग्राम प्रधान और स्वयं सहायता समूहों की सखियों को सक्रिय रूप से जोड़ा गया है।

भा कि यू ने किसानों की समस्याओं को लेकर धरना प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

दैनिक सुनहरा संसार व्यूरो हरिमोहन याज्ञिक जालौन कोंच(जालौन) किसानों की विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर दिन सोमवार को भारतीय किसान यूनियन की ओर से तहसील परिसर स्थित उपजिलाधिकारी कार्यालय के पास धरना-प्रदर्शन किया गया धरने की अध्यक्षता श्याम सुंदर पुजारी कुंअरपुरा ने की इस दौरान किसानों ने बिजली सिंचाई फसल मुआवजा धान खरीद और अन्ना मवेशियों सहित कई गंभीर समस्याएं उठाईं प्रदर्शन के बाद उपजिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन सौंपकर समस्याओं के शीघ्र निस्तारण की मांग की गई भा कि यू ने ज्ञापन में मांग की गई कि नवीन गल्ला मंडी में प्रत्येक माह की 10 तारीख को आयोजित मासिक पंचायतों में दिए गए ज्ञापनों पर तत्काल कार्रवाई की जाए किसानों को कम से कम 18 घंटे निर्बाध बिजली आपूर्ति उपलब्ध कराई जाए टूटे बिजली के खंभों झूलते तारों और खराब ट्रांसफार्मरों को तत्काल ठीक कराया जाए निजी नलकूपों के फुंके ट्रांसफार्मर शासन के निर्देशानुसार 72 घंटे के भीतर बदले जाएं। किसानों ने अतिवृष्टि से गिरे गरीबों और मजदूरों के मकानों का मुआवजा देने तथा नष्ट हुई फसलों का बीमा और आर्थिक सहायता दिलाने की मांग भी उठाई अन्ना मवेशियों और जंगली सूअरों से फसलों की सुरक्षा के लिए प्रभावी व्यवस्था करने और बंद पड़ी गौशालाओं को दोबारा चालू कराने की मांग की गई।





इसके अलावा धान खरीद केंद्रों पर प्रति बोरी निर्धारित मात्रा से अधिक धान लेने तौल में दो से तीन किलो की कटौती तथा भुगतान में दो से तीन प्रतिशत की कथित अनियमितता पर नाराजगी जताई गई किसानों ने इन गतिविधियों पर तत्काल रोक लगाने की मांग की नलकूप संख्या 128 ग्राम रवा विकास खंड नदीगांव की लीकेज पाइपलाइन ठीक कराने और ग्राम ताहरपुरा में महेंद्र कुमार के गाटा संख्या 249 पर झूल रही विद्युत लाइन को दुरुस्त कराने की मांग भी ज्ञापन में शामिल रही किसान नेताओं ने खरीफ फसल मुआवजे में लेखपालों की कथित मनमानी अनियमितता और रिश्वतखोरी पर रोक लगाने की मांग करते हुए चेतावनी दी कि समस्याओं का समाधान नहीं होने पर आंदोलन तेज किया जाएगा इस दौरान राजवीर जादौन तहसील अध्यक्ष चतुर सिंह पीडी निरंजन सुभाष पटेल सौरभ रामप्रसाद वीरसिंह सहित सैकड़ों किसान मौजूद रहे।

डम्फर कार की टक्कर में दो महिलाएं गम्भीर रूप से हुई घायल

दैनिक सुनहरा संसार व्यूरो हरिमोहन याज्ञिक जालौन कोंच(जालौन) तहसील क्षेत्र के ग्राम जखोली के पास दिन सोमवार को एक तेज रफ्तार डम्फर ने चार पहिया बाहन को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी जिससे कार सवार दो महिलाएं गम्भीर रूप से घायल हो गयीं। प्राप्त जानकारी के अनुसार दिन सोमवार को ग्राम राजपुर थाना राजपुर जिला कानपुर देहात निबासिनी राजेन्द्री पत्नी अमर सिंह उम्र करीब 56 वर्ष एवं राजकली पत्नी शिव सिंह उम्र करीब 60 वर्ष अपनी चार पहिया कार से राजपुर से इंदौर टाटा वायर कम्पनी में नोकरी करने जा रहीं थी और जैसे ही उनकी कार ग्राम जखोली के पास पहुंची तभी पीछे से आ रहे डम्फर ने उनकी कार में जोरदार टक्कर मार दी जिससे दोनों महिलाएं गम्भीर रूप से घायल हो गयीं वहां से गुजर रहे राहगीरों ने तुरंत ही घायलों की मदद करते हुए उन्हें कार से बाहर निकाला और एम्बुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोंच भिजवाया जहाँ डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक देखते हुए बेहतर इलाज के लिए मेडीकल कालेज उरई रिफर कर दिया।





पल्स पोलियो अभियान को लेकर एसडीएम ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ की बैठक, 22 नवंबर से शुरू होगा अभियान

दैनिक सुनहरा संसार व्यूरो हरिमोहन याज्ञिक

जालौन के कोंच में आगामी पल्स पोलियो अभियान को सफल बनाने और पांच वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने के उद्देश्य से सोमवार को एसडीएम अनीता देवी ने स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सा अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ बैठक की। बैठक में उन्होंने अभियान की तैयारियों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही अभियान में किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरतने और निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप शत-प्रतिशत बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने पर जोर दिया।



एसडीएम अनीता देवी ने बताया कि पल्स पोलियो अभियान 22 नवंबर से शुरू होगा। अभियान के पहले दिन निर्धारित बूथों पर शून्य से पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियोह की खुराक पिलाई जाएगी। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर उन बच्चों को दवा पिलाएंगी, जो किसी कारणवश बूथ तक नहीं पहुंच सकेंगे। उन्होंने कहा कि अभियान को सफल बनाने के लिए अभिभावकों को जागरूक करना बेहद जरूरी है। स्वास्थ्य कर्मचारी घर-घर जाकर लोगों को पोलियो की खुराक के महत्व की जानकारी दें और बच्चों को दवा पिलाने के लिए प्रेरित करें।

उन्होंने बताया कि नगर क्षेत्र में अभियान के लिए कुल 32 बूथ बनाए गए हैं। वहीं आठ सुपरवाइजरों की निगरानी में 24 टीमें गठित की गई हैं। प्रत्येक टीम में एएनएम, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और आशा बहू सहित तीन सदस्य शामिल रहेंगे। ये टीमें घर-घर पहुंचकर बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाएंगी।

एसडीएम ने सुपरवाइजरों को निर्देश दिए कि वे अपने क्षेत्रों में नियमित निगरानी रखें और सुनिश्चित करें कि कोई भी बच्चा पोलियो की खुराक पीने से वंचित न रहे। बैठक में प्रभारी सीडीपीओ चंद्रप्रभा खरे, सुपरवाइजर अमर सिंह, सुरजीत सिंह, रामनारायण, अवधेश झा, अजय झा सहित स्वास्थ्य विभाग के कई कर्मचारी मौजूद रहे।

अनुसूचित जाति जनजाति आयोग सदस्य ने सफाई कर्मचारियों की सुनी समस्याएं

दैनिक सुनहरा संसार व्यूरो हरिमोहन याज्ञिक जालौन कोंच(जालौन) अनुसूचित जाति एवं जनजाति आयोग के सदस्य रमेश चन्द्र कुंडे ने दिन सोमवार को नगर पालिका परिषद के सभागार में सफाई कर्मचारियों के साथ बैठक करते हुए उनकी समस्याओं को सुना और शासन द्वारा चलाई जा रहीं जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने का आश्वासन दिया इस दौरान उन्होंने बोलते हुए कहा कि सफाई कर्मचारी बिभाग की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी है जिन्हें समय से बेतन एवं मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना प्रधानमंत्री आवास योजना आयुष्मान भारत योजना राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना सहित चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिलना चाहिए और उनके बच्चों को छत्राबास की सुविधा सहित शिक्षा से जुड़ी योजनाओं का लाभ भी सुनिश्चित किया जाए उन्होंने यह भी कहा कि कर्मचारियों के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु समय समय पर कैम्प आयोजित करते हुए उन्हें मेडीकल जांच की सुविधा दिलाई जाए जिससे जब कर्मचारी स्वस्थ्य होगा तभी स्वच्छ भारत मिशन अभियान का संकल्प पूरा हो सकेगा उन्होंने करीब 2 सौ सफाई कर्मचारियों की समस्याओं को सुनते हुए उनके निस्तारण की बात कही इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता अधिशाषी अधिकारी मोनिका उमराव रिजवान कुरैशी अनिल वर्मा लिपिक जीबन बाबू विजय अवस्थी आशुतोष चौहान सहित सफाई नायक अमित सुरेश दीपक रामचन्द्र शिवा बीरू अभिषेक महेंद्र सहित पालिका परिवार मौजूद रहा।





पार्टी के पोष्टर लगाते समय एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर मारपीट का लगाया आरोप

दैनिक सुनहरा संसार व्यूरो हरिमोहन याज्ञिक जालौन

कोंच(जालौन) थाना नदीगांव के ग्राम ईश्वरी में दिनांक 15 नबम्बर 2026 को आजाद समाज पार्टी के पोष्टर बिजली के खम्भों पर चिपकाए जा रहे थे तभी ग्राम के ही निबासी गोलन्दर ठाकुर पुत्र राज कुमार आया औ? पोष्टर लगाने से रोकते हुए जाति सूचक गालियां देने लगा वहीं ग्रामीणों का यह भी आरोप है कि उक्त ने अवध किशोर के साथ मारपीट करते हुए समाज की औरतों औ? लड़कियों को भी गाली गलौच करते हुए झगड़ा किया और उसके भाई पिंटू ने फोन पर जान से मारने की धमकी दी जिसका बी डी ओ सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है और लोगों द्वारा बताया जा रहा है कि पुलिस को भी प्रार्थना पत्र दिया गया अब देखना है कि पुलिस जांच में हकीकत क्या निकलकर सामने आती है या फिर लगाए गए आरोपी बेबुनियाद निकलते है।





कोंच में 18 नवंबर को सजेगा सातवां खाटू श्याम महोत्सव, भजन गायकों की प्रस्तुतियों से गूंजेगा बाबा का दरबार

दैनिक सुनहरा संसार व्यूरो हरिमोहन याज्ञिक जालौन

जालौन के कोंच नगर में सातवें खाटू श्याम महोत्सव को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। पागल श्याम प्रेमी परिवार समिति के तत्वावधान में 18 नवंबर को एसआरपी इंटर कॉलेज कोंच में भव्य धार्मिक महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। रविवार की रात समिति के सदस्यों ने आयोजन की जानकारी देते हुए बताया कि महोत्सव को लेकर तैयारियां तेज कर दी गई हैं। आयोजन स्थल को आकर्षक लाइटों, रंग-बिरंगी झंडियों और फूलों की सजावट से भव्य रूप दिया जाएगा।

महोत्सव में भजन संध्या, आकर्षक धार्मिक झांकियों के दर्शन और प्रसाद वितरण सहित विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। बाबा खाटू श्याम का विशेष पुष्पों से भव्य श्रृंगार किया जाएगा। इसके साथ ही बाबा को 56 प्रकार के व्यंजनों का भोग अर्पित किया जाएगा। समिति द्वारा श्रद्धालुओं के लिए विशेष व्यवस्थाएं की जा रही हैं।





आयोजन के तहत 18 नवंबर को सुबह 10 बजे नगर के मुरली मनोहर मंदिर से भव्य पालकी एवं निशान यात्रा निकाली जाएगी। यह यात्रा नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए महोत्सव स्थल तक पहुंचेगी। इसमें बड़ी संख्या में श्याम भक्तों के शामिल होने की उम्मीद है।

महोत्सव में श्याम जगत के प्रसिद्ध भजन गायक सरदार हरमिंदर सिंह रोमी, गौरी शरण, अपर्णा अनंत मिश्रा और प्रवीण जैन अपनी मधुर भजनों की प्रस्तुतियों से बाबा खाटू श्याम का गुणगान करेंगे। भजन संध्या में भक्त भक्ति रस में सराबोर होंगे।

कार्यक्रम अध्यक्ष पुष्पेंद्र उर्फ पिंकू फुलैला तथा संरक्षक डॉ. आलोक निरंजन के नेतृत्व में आयोजन की तैयारियां की जा रही हैं। इस दौरान कुलदीप सोनी, रवि यादव, दिवाकर सोनी, छोटू मोठ, अभय सोनी, चिराग नरी, निखिल वेलवा, विवेक खिल्ली, राजीव, दीपक, राजेश राठौर, रोनू पटवा, देवेंद्र पाठक, आयुष, राकेश वर्मा, राजा सोनी, गोलू लाला पेटीज, राजेश रथिर, सचिन सुजेले, मोनू सहित समिति के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

समाजसेवी पंडित कैलाश नाथ दुरबार की पुण्यतिथि पर गरीबों को कराया गया भोजन

दैनिक सुनहरा संसार व्यूरो हरिमोहन याज्ञिक जालौन जालौन के कोंच नगर में सोमवार को गांधी नगर स्थित दरिद्र नारायण सेवा समिति में हरदोई गुजर निवासी पूर्व बीडीओ समाजसेवी पंडित कैलाश नाथ दुरबार की दसवीं पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर उनके परिजनों ने समिति में पहुंचकर जरूरतमंद और गरीब लोगों को भोजन कराया तथा उनके प्रति अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम के दौरान परिजनों ने पंडित कैलाश नाथ दुरबार के व्यक्तित्व और उनके सामाजिक योगदान को याद किया। उन्होंने कहा कि जरूरतमंदों की सेवा करना और समाज के कमजोर वर्गों की मदद करना ही सच्ची श्रद्धांजलि है। इसी भावना के साथ उनकी पुण्यतिथि पर दरिद्र नारायण सेवा समिति में गरीबों को भोजन कराया गया। इस दौरान भोजन करने पहुंचे लोगों ने भी परिजनों के इस सेवा कार्य की सराहना की।





कार्यक्रम में उनके पुत्र सुशील दुरबार उर्फ मिरकू महाराज, नाती आकाशदीप, ऋचा अथर्वदीप पुत्र वधु रेखा देवी दुरबार सहित विधायक पुत्र आँसू निरंजन नगर पालिका अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता मौजूद रहे। इसके अलावा सभासद अमित यादव, अनिल कपूर, नरेंद्र विश्वकर्मा, बादाम कुशवाहा सहित नगर के अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे।

सभी लोगों ने पंडित कैलाश नाथ दुरबार के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें याद किया। इस दौरान सेवा और परोपकार के कार्यों को आगे बढ़ाने का संदेश भी दिया गया। पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित इस सेवा कार्यक्रम के माध्यम से परिजनों ने समाजसेवा की उस परंपरा को आगे बढ़ाने का प्रयास किया, जिसे स्वर्गीय पंडित कैलाश नाथ दुरबार अपने जीवन में महत्व देते थे।

छोटी खबरें

श्री शिव शक्ति सूर्य देव ट्रस्ट द्वारा श्रीमति राज देवी चौधरी को पगड़ी पहनाकर और सोल उड़ा कर किया सम्मानित

राष्ट्रीय सुनहरा संसार आस मोहम्मद ब्यूरो चीफ गाजियाबाद। वार्ड नंबर 45 करहेडा स्थित सूर्य देव मंदिर पर बने पौराणिक छठ घाट पर श्री शिव शक्ति सूर्य देव ट्रस्ट कमेटी के संचालक ठाकुर नरेंद्र सिंह निर्वाण व कमेटी के अन्य सदस्यों द्वारा श्रीमति राज देवी चौधरी प्रदेश उपाध्यक्ष समाजवादी महिला सभा पूर्व सदस्य राज्य महिला आयोग उत्तर प्रदेश प्रदेश महासचिव व्यापारी संघ महिला मोर्चा पश्चिमी उत्तर प्रदेश को सामाजिक कार्यों में योगदान और छठ घाट पर प्रत्येक वर्ष की भांति योगदान और सहयोग करने पर पगड़ी पहनाकर व पटका पहनाकर सम्मानित किया गया इस अवसर पर श्रीमति राज देवी चौधरी ने कमेटी को धन्यवाद और आभार प्रकट किया तथा श्रद्धालुओं को भगवान सूर्य देव और छठ माता की कृपा सभी के परिवार पर और सभी सदस्यों पर बनी रहे इसकी प्रार्थना की और सभी को बधाई और शुभकामनाएं दी।



मोदीनगर में सियासी हलचल तेज तरुण जाटव एडवोकेट ने पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से की शानदार मुलाकात

राष्ट्रीय सुनहरा संसार वन्दना जोशी ब्यूरो चीफ मोदीनगर। उत्तर प्रदेश की राजनीति में मोदीनगर क्षेत्र से एक बड़ी और सकारात्मक खबर सामने आई है। 14 नवंबर 2026 को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से मोदीनगर के युवा, ऊजार्वान एवं लोकप्रिय अधिवक्ता तरुण जाटव एडवोकेट ने शानदार मुलाकात की। यह मुलाकात न सिर्फ सौहार्दपूर्ण रही, बल्कि मोदीनगर के राजनीतिक भविष्य को लेकर भी बेहद महत्वपूर्ण मानी जा रही है। मुलाकात के दौरान तरुण जाटव एडवोकेट ने पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव को मोदीनगर क्षेत्र की जमीनी हकीकत, युवाओं की समस्याओं, दलित- पिछड़े समाज की आवाज और क्षेत्र के विकास से जुड़े मुद्दों से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि मोदीनगर का युवा आज शिक्षा, रोजगार और सम्मान के लिए संघर्ष कर रहा है और उसे एक मजबूत नेतृत्व की जरूरत है।



अखिलेश यादव जी ने भी तरुण जाटव एडवोकेट की बातों को बड़े ध्यान से सुना और उनके सामाजिक कार्यों, युवाओं के बीच पकड़ और संगठन के प्रति समर्पण की सराहना की। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी हमेशा युवाओं और दबे-कुचले समाज के साथ खड़ी है और तरुण जैसे युवा नेता ही पार्टी की असली ताकत हैं। इस महत्वपूर्ण मुलाकात के दौरान मोदीनगर विधानसभा क्षेत्र के कई प्रमुख नेता और समाजसेवी भी मौजूद रहे। इनमें शेरा जाट,मोदीनगर विधानसभा प्रत्याशी बल्लू सीकरी और शशिकांत गौतम प्रमुख रूप से शामिल रहे। सभी नेताओं ने एकजुट होकर मोदीनगर में समाजवादी पार्टी को मजबूत करने और आगामी चुनावों में पार्टी को ऐतिहासिक जीत दिलाने का संकल्प लिया।मुलाकात के बाद तरुण जाटव एडवोकेट ने कहा अखिलेश यादव से मिलकर मुझे नई ऊर्जा और मार्गदर्शन मिला है। उनका आशीर्वाद और मार्गदर्शन हमारे लिए सबसे बड़ी ताकत है। हम मोदीनगर में हर गरीब, मजदूर, किसान, युवा और बहन-बेटी की आवाज बनकर काम करेंगे। वहीं शेरा जाट, बल्लू सीकरी और शशिकांत गौतम ने भी कहा कि तरुण जाटव एडवोकेट जैसे युवा नेता के नेतृत्व में मोदीनगर में समाजवादी पार्टी और मजबूत होगी। सभी ने एक स्वर में कहा कि आने वाले समय में मोदीनगर में बदलाव की लहर चलेगी। इस मुलाकात के बाद से मोदीनगर क्षेत्र के कार्यकताओं और समर्थकों में जबरदस्त उत्साह और जोश देखा जा रहा है। लोगों का कहना है कि यह मुलाकात मोदीनगर के उज्ज्वल भविष्य की शुरूआत है।

छठ महापर्व पर श्रद्धा और भक्ति के साथ उमड़ा जनसैलाब

संजय नगर में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया छठ महापर्व जनप्रतिनिधियों ने पहुंचकर लिया छठी मैया का आशीर्वाद

राष्ट्रीय सुनहरा संसार वन्दना जोशी ब्यूरो चीफ गाजियाबाद। संजय नगर एवं मेरठ रोड इंडस्ट्रियल एरिया गुलधर के सुभाष पार्क, सेक्टर-23 एफ ब्लॉक पानी की टंकी तथा जी ब्लॉक पानी की टंकी, रईस पुर एम ब्लॉक में और बी ब्लॉक पार्क में क्षेत्रवासियों ने पूर्ण श्रद्धा, भक्ति और विधि-विधान के साथ छठी मैया का पर्व मनाया। आयोजन स्थलों पर श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर परिवार एवं समाज की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। आयोजन समितियों के आमंत्रण पर क्षेत्रीय विधायक अजीत पाल त्यागी, पूर्व महापौर आशु वर्मा, वरिष्ठ समाजसेविका विभा रावत, वंदना चौधरी, पूर्व अध्यक्ष अमर दत्त शर्मा, पार्षद प्रदीप चौधरी, पार्षद पप्पू नागर, एडवोकेट अक्षिता मुकेश त्यागी, पूर्व पार्षद मनोज चौधरी एवं पूर्व मंडल अध्यक्ष ओम दत्त कौशिक सहित अनेक गणमान्य लोग पहुंचे और श्रद्धालुओं को पर्व की शुभकामनाएं दीं। विधायक अजीत पाल त्यागी ने कहा कि छठ महापर्व भारतीय संस्कृति, आस्था, अनुशासन और प्रकृति के प्रति कृतज्ञता का अद्भुत पर्व है। यह पर्व सामाजिक एकता और पारिवारिक संस्कारों को मजबूत करता है।



पूर्व महापौर आशु वर्मा ने कहा कि छठी मैया की आराधना लोक आस्था का प्रतीक है। ऐसे आयोजन हमारी सांस्कृतिक विरासत और सामाजिक समरसता को आगे बढ़ाते हैं। वरिष्ठ समाजसेविका विभा रावत ने कहा कि छठ महापर्व में माताओं- बहनों की श्रद्धा, तपस्या और समर्पण प्रेरणादायक है। छठी मैया सभी के जीवन में सुख-शांति और समृद्धि प्रदान करें। पार्षद प्रदीप चौधरी ने कहा कि छठ महापर्व हमारी सनातन संस्कृति और लोक परंपराओं का महत्वपूर्ण हिस्सा है। क्षेत्र में श्रद्धालुओं की आस्था और सामूहिक सहभागिता देखकर मन प्रसन्न होता है।

पार्षद पप्पू नागर ने कहा कि छठ पूजा सामाजिक एकता, भाईचारे और सेवा भावना का संदेश देती है। सभी श्रद्धालुओं को पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं।

एडवोकेट अक्षिता मुकेश त्यागी ने कहा कि छठ महापर्व नारी शक्ति, आस्था, त्याग और परिवार की खुशहाली का प्रतीक है। छठी मैया सभी पर अपनी कृपा बनाए रखें। आयोजन समिति की ओर से पूर्व पार्षद मनबीर नागर, पंडित यू.एन. वत्स, सियाराम यादव, राजू भाई, डी.एन. सिंह, रामेश्वर सिंह, गौरी शंकर सिंह, राजकुमार चौधरी, अविनाश ओझा, कमल चन्द्र पाल एवं कन्हाई ओझा सहित अन्य सहयोगियों ने श्रद्धालुओं एवं अतिथियों के लिए उचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित कीं।

आगरा जनपद में जनगणना-2027 के द्वितीय चरण के अंतर्गत स्व-गणना अभियान का हुआ शुभारंभ, जिलाधिकारी श्री मनीष बंसल जी ने स्वयं स्व-गणना कर की शुरूआत

- कलेक्ट्रेट सहित तहसीलों एवं राजस्व विभाग के समस्त कार्यालयों में अधिकारियों-कर्मचारियों ने की स्व-गणना
- 16 से 30 नवंबर तक ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से घर बैठे कर सकेंगे स्व-गणना, 01 दिसंबर से 04 जनवरी तक होगा घर-घर जनसंख्या गणना का कार्य
- जनगणना के इस राष्ट्रीय अभियान में बढ़-चढ़कर करें सहभागिता, अपने परिवार की स्व-गणना अवश्य पूर्ण करें-जिलाधिकारी

सुनहरा संसार आगरा अंजना कुलकर्णी कैलाश वर्मा

आगरा.16/11/2026/। आज जिलाधिकारी श्री मनीष बंसल जी ने जनगणना-2027 के द्वितीय चरण (जनसंख्या गणना) के अंतर्गत स्वयं ऑनलाइन स्व-गणना की प्रक्रिया पूर्ण कर जनपद में अभियान की शुरूआत की।



अभियान के प्रथम दिवस पर कलेक्ट्रेट सहित राजस्व विभाग के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा स्व-गणना की गई। तहसीलों, राजस्व न्यायालयों, चकबंदी कार्यालयों एवं राजस्व विभाग के अन्य संस्थानों में भी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक स्व-गणना प्रक्रिया में प्रतिभाग किया।

गौरतलब है कि जनगणना-2027 दो चरणों में संपन्न कराई जा रही है। प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। द्वितीय चरण के अंतर्गत जनसंख्या गणना की प्रक्रिया संचालित की जा रही है। इस बार जनगणना को डिजिटल माध्यम से संपन्न कराया जा रहा है तथा पहली बार नागरिकों को स्वयं ऑनलाइन स्व-गणना करने की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। स्व-गणना के लिए 16 से 30 नवंबर 2026 तक आधिकारिक पोर्टल https://se.census.gov.in पर सुविधा उपलब्ध रहेगी। परिवार का कोई भी सदस्य मोबाइल अथवा कंप्यूटर के माध्यम से घर बैठे अपने परिवार के सभी सदस्यों का विवरण ऑनलाइन दर्ज कर सकता है। इस प्रक्रिया में निर्धारित प्रश्नावली के अंतर्गत कुल 40 प्रश्नों के उत्तर भरने होंगे। स्व-गणना के दौरान परिवार एवं उसके सदस्यों से संबंधित जनसांख्यिकीय, सामाजिक, शैक्षिक एवं आर्थिक जानकारियां दर्ज की जाएंगी। ऑनलाइन विवरण सफलतापूर्वक सबमिट करने के उपरांत पोर्टल से एक विशिष्ट सेल्फ एन्यूमरेशन आईडी (रए क्क) जनरेट होगी, जिसे सुरक्षित रखना अनिवार्य है। स्व-गणना के उपरांत 01 दिसंबर 2026 से 04 जनवरी 2027 तक प्रगणकों द्वारा घर-घर जाकर जनसंख्या गणना का कार्य किया जाएगा। इस दौरान स्व-गणना करने वाले परिवारों की जानकारी का सत्यापन भी किया जाएगा। परिवारों को अपनी एसई आईडी प्रगणक को उपलब्ध करानी होगी, जिससे ऑनलाइन दर्ज विवरण का मिलान एवं सत्यापन किया जा सकेगा। जिन परिवारों द्वारा स्व-गणना नहीं की जाएगी, उनके यहां भी प्रगणकों द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार घर-घर जाकर जानकारी एकत्र की जाएगी। जिलाधिकारी श्री मनीष बंसल जी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि स्व-गणना अभियान का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करते हुए तथा जनप्रतिनिधियों, शिक्षण संस्थानों, विभिन्न विभागों एवं मीडिया के माध्यम से अधिकाधिक लोगों को इस प्रक्रिया के प्रति जागरूक किया जाए। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से भी अपने परिवार के साथ स्व-गणना करने तथा इसकी जानकारी एवं फोटो सोशल मीडिया के माध्यम से साझा कर अन्य नागरिकों को प्रेरित करने की अपील की तथा राजस्व विभाग के विभिन्न कार्यालयों एवं प्रशिक्षण संस्थानों में अभियान संबंधी जागरूकता गतिविधियां संचालित करने तथा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सभी कार्य समयबद्ध रूप से संपन्न कराने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी श्री मनीष बंसल जी ने जनपदवासियों से अपील की कि 16 से 30 नवंबर तक आधिकारिक पोर्टल पर अपने परिवार की स्व-गणना अवश्य करें तथा सही एवं पूर्ण जानकारी दर्ज कर जनगणना-2027 के इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय अभियान में सहभागी बनें।

"छठ पूजा आस्था का महापर्व - चेयरमैन रंजीता धामा

राष्ट्रीय सुनहरा संसार वन्दना जोशी ब्यूरो चीफ

लोनी। में देर शाम व आज सुबह राष्ट्रीय लोकदल की लोनी नगरपालिका अध्यक्ष रंजीता धामा ने लोनी नगरपालिका क्षेत्र की विभिन्न कालोनियों मे जिनमे डीएलएफ छठ घाट पर,पूजा कालोनी, गीतांजलि विहार, बंद फाटक पर, रामविहार, नाईपुरा, गुरूद्वारा रोड ,पावी,इलायचीपुर,चमन विहार, रामपार्क पुस्ते पार, उत्तरांचल विहार, कावंड मार्ग पर, राहुल गार्डन,लाल मंदिर नहर रोड बेहटा, गोल्डी स्कूल के पास, यमुना घाट पर, रेल विहार, निस्तोली आदि छठ घाटों पर जाकर पूर्वांचल समाज के परिवारों के साथ छठ मनायी। इस अवसर पर रंजीता धामा का पूर्वांचल समाज की छठ समितियों के पदाधिकारियों दूारा ढोल नगाड़ों के साथ फूल-माला व पटका पहनाकर जोरदार स्वागत किया। लोनी नगरपालिका अध्यक्ष ने सभी को संबोधित करते हुये कहा कि छठ मैया की पूजा करने से मन-मांगा फल मिलता है। छठी मैया देती है मै स्वयं इस बात की साक्षी हूं कि छठी मैया का आशीर्वाद काफी वर्षों से हमारे परिवार पर भी बना हुआ है आज देश भर मे छठी मैया को मानने वाले लोग डूबते सूरज के साथ पानी मे खडे होकर जिस प्रकार से सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य चढाकर व्रत पूर्ण करते हैं उनके दूारा पूरे विधि-विधान से पूजा पाठ की जाती है व लोकगीत गाये जाते हैं व अपनी संस्कृति से अन्य समाज को भी अपने साथ जोडने का काम किया जाता है। रंजीता धामा ने छठ मैया की पूजा को लेकर पौराणिक काल की घटना का भी जिक्र करते हुये बताया कि पौराणिक कथा के अनुसार,प्राचीनकाल में स्वायंभू मनु के पुत्र राजा प्रियव्रत और उनकी पत्नी रानी मालिनी को कोई संतान नहीं थी। इससे वे बहुत दुखी रहते थे। तब महर्षि कश्यप ने राजा से 'पुत्रयेष्टि यज्ञ' करवाया। यज्ञ के प्रभाव से रानी गर्भवती हुईं, लेकिन दुर्भाग्यवश उन्हें एक मृत शिशु की प्राप्ति हुई। पुत्र के वियोग में राजा प्रियव्रत जब श्मशान में अपने प्राण त्यागने लगे, तब वहां भगवान ब्रह्मा की मानस पुत्री देवी षष्ठी (छठी मैया) प्रकट हुईं। उन्होंने राजा से कहा,मैं सृष्टि की मूल प्रवृत्ति के छठे अंश से उत्पन्न हुई हूं, इसलिए मेरा नाम षष्ठी है। जो भी सच्चे मन से मेरी पूजा करता है, मैं उसे संतान सुख और उसकी रक्षा का वरदान देती हूं। देवी षष्ठी के कहने पर राजा प्रियव्रत ने कार्तिक मास की शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि को उनका विधिवत व्रत और पूजन किया। देवी की कृपा से उन्हें एक सुंदर और स्वस्थ पुत्र की प्राप्ति हुई। तभी से संतान की लंबी उम्र, अच्छे स्वास्थ्य और खुशहाली के लिए छठ व्रत रखने की परंपरा शुरू हुई। इसी प्रकार अन्य काल खंडों मे भी छठी मैया के व्रत को लेकर भी कई कहानियां प्रचलित है। लोनी नगरपालिका अध्यक्ष ने जानकारी देते हुये बताया कि हमारे दूारा पूर्व मे भी कई छठ घाट लोनी नगरपालिका क्षेत्र मे बनाये गये हैं तथा उनकी साफ -सफाई व रंगाई पुताई हर वर्ष नगरपालिका के दूारा करायी जाती है इस वर्ष भी नगरपालिका अधिकारियों व कर्मचारी के दूारा ये कार्य कराया जा रहा है छठ घाटों पर लाइट की व्यवस्था करायी गयी है। इस अवसर पर समिति के आयोजकों दूारा रंजीता धामा को स्मृति चिन्ह देकर भी सम्मानित किया। इस अवसर पर राधा रमण झा, सुनील झा, संतोष श्रीवास्तव,लाल बहादुर शास्त्री,नवीन झा, प्रमोद झा, पंडित, बहादरा कसाना,ओम प्रकाश उपाध्याय, रामनिवास त्रिपाठी, कपिल मलिक, दीपक शर्मा,दशरथ पंडितजी, सुधीर दूबे, राम लगन राय, आर एन झा, एस एन चौधरी,रूबी,चित्रा श्रीवास्तव, सुमिता मिश्रा, स्वाति झा, सहित हजारों की संख्या मे व्रतधारी व छठ घाट समिति के पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे।



आउटर नॉर्थ जिला पुलिस ने चोरों के चार सदस्यीय गिरोह का किया पदार्फाश, मास्टरमाइंड कबाड़ी समेत चार गिरफ्तार, 72 किलो चोरी के बिजली तार और वारदात में इस्तेमाल मारुति स्विफ्ट कार बरामद, 16 चोरी के मामले सुलझे

अनिल कुमार गुप्ता दिल्ली

दिल्ली के आउटर नॉर्थ जिला पुलिस की स्पेशल स्टाफ टीम ने बिजली के तार, बिजली मीटर और पानी के मीटर चोरी करने वाले चार सदस्यीय गिरोह का पदार्फाश करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान फर्दीन खान (22), शरीफ (20), आरिफ (20) और राजा मोहम्मद (24) के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार राजा मोहम्मद गिरोह का मास्टरमाइंड है और कबाड़ी का काम करता था। आरोपियों के कब्जे से करीब 72 किलो चोरी के बिजली के तार तीन कट्टों में बरामद किए गए हैं। इसके अलावा चोरी की वारदातों में इस्तेमाल की जाने वाली एक सफेद रंग की मारुति स्विफ्ट कार भी जब्त की गई है।



पुलिस के मुताबिक स्पेशल स्टाफ को आउटर नॉर्थ जिले में बिजली के तारों और मीटरों की चोरी की कई घटनाओं में कुछ आरोपियों के शामिल होने की गुप्त सूचना मिली थी। इसके बाद इंस्पेक्टर विश्वेंद्र चौधरी के नेतृत्व और एसीपी ऑपरेशंस दिनेश कुमार की निगरानी में एसआई दीपक लाठवाल, एएसआई संदीप, हेड कांस्टेबल संजय, अनिल, रवि और अतुल की टीम गठित की गई। टीम ने कार्रवाई करते हुए चारों आरोपियों को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपियों ने रिहायशी सोसायटियों और डीडीए फ्लैटों को निशाना बनाकर बिजली के तार, बिजली मीटर और पानी के मीटर चोरी करने की बात कबूल की। पुलिस जांच में गिरोह की संलिप्तता नरेला और नरेला इंडस्ट्रियल एरिया थानों में दर्ज कुल 16 चोरी के मामलों में सामने आई है। पुलिस उपायुक्त शिभित डी. सक्सेना के अनुसार इस कार्रवाई से जिले में संपत्ति संबंधी अपराधों को अंजाम देने वाले गिरोह को बड़ा झटका लगा है।

लोक आस्था, श्रद्धा और सूर्य उपासना के महापर्व छठ पूजा के पावन अवसर पर कल अपने क्षेत्र में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में सम्मिलित होकर छठी मैया का आशीर्वाद प्राप्त किया



राष्ट्रीय सुनहरा संसार आस मोहम्मद ब्यूरो चीफ

गाजियाबाद। कल अपने वार्ड के नीति खंड-3, अऊर सोसाइटी एवं शिप्रा सृष्टि सोसाइटी में आयोजित छठ पूजा कार्यक्रमों में पहुंचकर छठी मैया की पूजा-अर्चना की तथा सभी श्रद्धालुओं से आत्मीय मुलाकात की। इसके साथ ही हिंडन घाट पर नगर निगम गाजियाबाद द्वारा आयोजित भव्य छठ पूजा कार्यक्रम में भी सम्मिलित होकर श्रद्धालुओं के बीच इस पावन पर्व की खुशियां साझा कीं। चारों स्थानों पर भक्तों का उत्साह, माताओं- बहनों की श्रद्धा और छठी मैया के प्रति अटूट विश्वास देखकर मन आनंदित हो गया। इन सभी सुंदर एवं भव्य आयोजनों के लिए सभी आयोजक मंडलों, आरडब्ल्यूए पदाधिकारियों एवं समस्त क्षेत्रवासियों का हृदय से बहुत-बहुत आभार एवं धन्यवाद। आप सभी ने जो स्नेह, सम्मान और आत्मीय स्वागत दिया, उसके लिए मैं सदैव आभारी रहूंगा। इस अवसर पर मेरे साथ पार्षद प्रतिनिधि डॉ. लीना तोमर, प्रदीप सोलंकी, विकास राजपूत, सीपी सिंह जी सहित अनेक साथी उपस्थित रहे।

छठी मैया सभी के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि एवं उत्तम स्वास्थ्य प्रदान करें।

महिला कल्याण समिति द्वारा स्काउट्स एवं गाइड्स की 8वीं जिला रैली में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन

मेहंदी, ड्राइंग, रंगोली एवं क्राफ्ट प्रतियोगिताओं में प्रतिभागियों ने दिखाई अपनी रचनात्मक प्रतिभा

अनिल कुमार गुप्ता दिल्ली

प्रयागराज मंडल के तत्वावधान में आयोजित 8वीं जिला रैली के अंतर्गत 15 नवंबर 2026 को डीएसए ग्राउंड, प्रयागराज में विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। 13 से 16 नवंबर 2026 तक आयोजित इस चार दिवसीय रैली में मंडल के विभिन्न स्टेशनों एवं इकाइयों से आए लगभग 300 स्काउट्स एवं गाइड्स उत्साहपूर्वक प्रतिभाग कर रहे हैं। रैली का शुभारंभ अपर मंडल रेल प्रबंधक (सामान्य) एवं जिला मुख्य आयुक्त, स्काउट्स एवं गाइड्स, श्री दीपक कुमार द्वारा किया गया था।



दिनांक 15 नवंबर 2026 को आयोजित कार्यक्रम में महिला कल्याण समिति की उपाध्यक्षा श्रीमती प्रज्ञा दीपक, सचिव श्रीमती प्रिया मिश्रा, उप सचिव श्रीमती आकांक्षा राणा एवं समिति की अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहीं। इस अवसर पर मेहंदी, ड्राइंग, रंगोली एवं क्राफ्ट प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतिभागियों ने इन प्रतियोगिताओं में अपनी कला, रचनात्मकता एवं सृजनात्मक कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इसके साथ ही देशभक्ति गीतों, समूह नृत्य, लोकगीतों एवं अन्य रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से भारतीय संस्कृति की समृद्ध विरासत, विविधता और राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया गया।

उल्लेखनीय है कि स्काउट्स एवं गाइड्स की जिला रैली का प्रमुख उद्देश्य युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, सेवा भावना, आत्मनिर्भरता, टीम भावना तथा सामाजिक उत्तरदायित्व जैसे गुणों का विकास करना है। रैली के दौरान विभिन्न गतिविधियों, प्रतियोगिताओं एवं सामूहिक कार्यक्रमों के माध्यम से प्रतिभागियों को इन जीवन मूल्यों को आत्मसात करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। चार दिवसीय इस रैली का समापन 16 नवंबर 2026 को होगा। आयोजन को सफल बनाने के लिए मंडल के संबंधित विभागों एवं स्काउट्स एवं गाइड्स के पदाधिकारियों द्वारा आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं।

यह आयोजन युवाओं के सर्वांगीण विकास के साथ-साथ उनमें राष्ट्रप्रेम, सेवा, अनुशासन, रचनात्मकता एवं सामाजिक समरसता की भावना विकसित करने की दिशा में प्रयागराज मंडल की एक सराहनीय पहल है।

द्वारका साइबर पुलिस ने फर्जी ह्यइंटरनेशनल बायरह्ल कॉल सेंटर का किया भंडाफोड़, देशभर के कारोबारियों और निमार्ताओं को विदेशी खरीदार दिलाने के नाम पर ठगने वाले गिरोह के 20 लोग पकड़े, 34 मोबाइल, 8 लैपटॉप, 14 सीपीयू और फर्जी प्रमाणपत्र बरामद

अनिल कुमार गुप्ता दिल्ली

दिल्ली पुलिस के द्वारका जिला साइबर थाना पुलिस ने फर्जी वेब सॉल्यूशंस एक्सपोर्ट के नाम से चलाए जा रहे कॉल सेंटर का पदार्फाश किया है। यह गिरोह देशभर के निमार्ताओं और व्यापारियों को विदेशी खरीदार दिलाने तथा बड़े एक्सपोर्ट ऑर्डर दिलाने का झांसा देकर ठगी कर रहा था। पुलिस ने इस कार्रवाई में फर्म के पंजीकृत मालिक और ऑपरेशन मैनेजर सहित कुल 20 लोगों को पकड़ा है। आरोपियों के कब्जे से 34 मोबाइल फोन, 8 लैपटॉप, 14 सीपीयू, 23 डायरियां, दो चेकबुक, फर्जी प्रमाणपत्र और अन्य दस्तावेज बरामद किए गए हैं।

पुलिस के अनुसार, एनसीआरपी पोर्टल पर साइबर अपराध से संबंधित शिकायतों के विश्लेषण के दौरान पता चला कि ठगी की रकम जिले में खोले गए म्यूल बैंक खातों में जमा कराई जा रही थी। महाराष्ट्र की एक शिकायत में इंडसइंड बैंक का एक खाता सामने आया, जिसके आधार पर एसआई विकास सांगवान के नेतृत्व



में पुलिस टीम ने जांच शुरू की। जांच के दौरान इस खाते का संबंध पालम एक्सटेंशन, सेक्टर-7, द्वारका स्थित एक कार्यालय से मिला, जहां फर्जी कॉल सेंटर संचालित किया जा रहा था। मौके पर 20 लोग मोबाइल, लैपटॉप और कंप्यूटर के जरिए काम करते मिले। इसके बाद साइबर थाना द्वारका में बीएनएस की धारा 318(4), 3(5) और 61(2) के तहत मामला दर्ज किया गया।

जांच में सामने आया कि आरोपी गूगल लिस्टिंग, ऑनलाइन विज्ञापन, बी2बी पोर्टल और सोशल मीडिया के माध्यम से निमार्ताओं तथा व्यापारियों को निशाना बनाते थे। उन्हें 5,900 रुपये प्लस जीएसटी और अन्य शुल्क लेकर पेड मेंबरशिप दी जाती थी तथा विदेशी खरीदार उपलब्ध कराने का भरोसा दिलाया जाता था। इसके बाद पीड़ितों को व्हाट्सऐप पर एक कथित विदेशी खरीदार का नंबर दिया जाता था, जबकि वास्तव में वह उसी कार्यालय में काम करने वाला कर्मचारी होता था, जो विदेशी मोबाइल नंबरों के जरिए बातचीत करता था।

फर्जी खरीदार व्यापारियों को बड़े निर्यात ऑर्डर का लालच देकर आईएसओ, जीएमपी, बीआरसी, आईईसी और फूड सेफ्टी जैसे प्रमाणपत्रों की मांग करता था। ऑर्डर हाथ से निकलने के डर से व्यापारी दोबारा इसी कंपनी से संपर्क करते थे, जहां उन्हें लाखों रुपये लेकर फर्जी प्रमाणपत्र उपलब्ध कराए जाते थे। इसके बाद कथित विदेशी खरीदार एक और प्रमाणपत्र की मांग कर पीड़ितों से बार-बार ठगी करता था।

पुलिस जांच में महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश से मिली शिकायतों का संबंध कंपनी के इंडसइंड बैंक और एक्सिस बैंक खातों तथा कॉल सेंटर से बरामद एक मोबाइल नंबर से भी मिला है। जांच में यह भी खुलासा हुआ कि फर्म का पंजीकरण एक ऐसे व्यक्ति के नाम पर कराया गया था, जिसने मासिक भुगतान के बदले अपनी पहचान का इस्तेमाल करने दिया था। पूरे नेटवर्क का संचालन मैनेजर करता था और इसके लिए सेल्स, सपोर्ट, बायर कनेक्ट, फर्जी खरीदार तथा आईटी की अलग-अलग टीमें बनाई गई थीं।

द्वारका जिला पुलिस उपायुक्त कुशल पाल सिंह के अनुसार, पुलिस ने कॉल सेंटर से 34 मोबाइल फोन, 8 लैपटॉप, 14 सीपीयू, फर्म की बिल बुक सहित 23 डायरियां, यस बैंक की दो चेकबुक, प्लास्टिक कोटेड फर्जी प्रमाणपत्र और अन्य आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद किए हैं। पुलिस गिरोह से जुड़े अन्य पहलुओं की जांच कर रही है।

2027 विधानसभा चुनाव से पहले लोनी में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा का शक्ति प्रदर्शन,दिग्गज नेताओं का हुआ भव्य स्वागत

राष्ट्रीय सुनहरा संसार वन्दना जोशी ब्यूरो चीफ लोनी। उत्तर प्रदेश में वर्ष 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले लोनी में भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा की ओर से भव्य स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया। नवनियुक्त प्रदेश मंत्री अलीमुद्दीन अंसारी के नेतृत्व में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुंवर बासित अली, प्रदेश अध्यक्ष अनस उस्मानी एवं उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री दानिश आजाद अंसारी का भव्य रोड शो के साथ स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान लोनी की सड़कों पर स्वागत की तैयारियां देखने को मिलीं। जगह-जगह कार्यकताओं एवं समर्थकों ने अतिथियों का फूल-मालाओं से स्वागत किया। रोड शो में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के पदाधिकारियों और कार्यकताओं की मौजूदगी रही।नवनियुक्त प्रदेश मंत्री अलीमुद्दीन अंसारी ने कार्यक्रम के माध्यम से अपनी संगठनात्मक सक्रियता का परिचय देते हुए राष्ट्रीय एवं प्रदेश स्तर के नेताओं के स्वागत की जिम्मेदारी संभाली। कार्यक्रम में संगठन को मजबूत करने, कार्यकताओं की भागीदारी बढ़ाने और आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर संगठनात्मक गतिविधियों पर चर्चा हुई। लोनी की राजनीति में बढ़ा अलीमुद्दीन अंसारी का राजनीतिक कद इस भव्य कार्यक्रम और शक्ति प्रदर्शन के बाद स्थानीय राजनीतिक गलियारों में नवनियुक्त प्रदेश मंत्री अलीमुद्दीन अंसारी की सक्रियता और राजनीतिक भूमिका को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष, प्रदेश अध्यक्ष और प्रदेश सरकार के मंत्री की मौजूदगी में इतने बड़े आयोजन की अगुवाई करने के बाद अलीमुद्दीन अंसारी का लोनी की राजनीति में कद बढ़ता नजर आ रहा है। इसे उनकी बढ़ती संगठनात्मक सक्रियता और भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा में नई जिम्मेदारी के प्रभाव के रूप में देखा जा रहा है। राजनीतिक दृष्टि से 2027 विधानसभा चुनाव से पहले लोनी में आयोजित यह कार्यक्रम भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा की संगठनात्मक गतिविधियों और स्थानीय राजनीति में उसकी सक्रियता को सामने लाने वाला आयोजन रहा।



लोनी में छठ महापर्व की धूम,विधायक पुत्र नागेश गुर्जर ने घाटों पर पहुंचकर दिया संध्या अर्घ्य

राष्ट्रीय सुनहरा संसार वन्दना जोशी ब्यूरो चीफ लोनी। लोक आस्था और सूर्य उपासना के महापर्व छठ पूजा के पावन अवसर पर लोनी विधानसभा क्षेत्र के नगरपालिका एवं ग्रामीण इलाकों में भक्तिमय माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर के पुत्र नागेश गुर्जर ने क्षेत्र के विभिन्न छठ घाटों पर पहुंचकर छठी मैया की विधिवत पूजा-अर्चना की और अस्ताचलगामी सूर्य देव को संध्या अर्घ्य अर्पित किया। पूजा- अर्चना के दौरान नागेश गुर्जर (सह संयोजक, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जिला गाजियाबाद एवं प्रदेश अध्यक्ष, राष्ट्रीय संत सेवा एवं गौ रक्षा कल्याण परिषद) ने घाटों पर मौजूद छठ व्रतियों और श्रद्धालुओं से मुलाकात कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान उन्होंने छठी मैया से समस्त क्षेत्रवासियों के सुख, शांति, समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य की मंगलकामना की। उन्होंने कहा कि छठी मैया की कृपा से सभी के जीवन में खुशहाली आए और हर परिवार की मनोकामनाएं पूर्ण हों। घाटों पर स्थानीय नागरिकों और पूजा समितियों द्वारा उनका जोरदार स्वागत किया गया।



मोदीनगर में छठ महापर्व पर सभी घाटों पर उमड़ा आस्था का सैलाब सांसद, विधायक और पालिकाध्यक्ष ने घाटों पर पहुंचकर व्रतियों को दी शुभकामनाएं, व्यवस्थाओं का लिया जायजा

राष्ट्रीय सुनहरा संसार वन्दना जोशी ब्यूरो चीफ मोदीनगर। लोक आस्था के महापर्व छठ के अवसर पर आज मोदीनगर के सभी छठ घाटों पर श्रद्धा और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। संध्या अर्घ्य के दौरान घाटों पर हजारों की संख्या में व्रती महिलाएं, पुरुष और श्रद्धालु सूर्य देव को अर्घ्य देने पहुंचे। इस अवसर पर बागपत लोकसभा क्षेत्र के सांसद डॉ. राजकुमार सांगवान, मोदीनगर विधायक डॉ. मंजू शिवाच और नगर पालिका परिषद मोदीनगर के अध्यक्ष विनोद वैशाली ने नगर के सभी प्रमुख छठ घाटों का दौरा किया। तीनों जनप्रतिनिधियों ने घाटों पर पहुंचकर छठ व्रतियों से मुलाकात की, उन्हें छठ महापर्व की शुभकामनाएं दीं और पूजा-अर्चना में शामिल हुए। दौरे के दौरान जनप्रतिनिधियों ने घाटों पर सफाई, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल, सुरक्षा व्यवस्था और आवागमन की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। नगर पालिका द्वारा घाटों पर की गई तैयारियों की सराहना करते हुए उन्होंने श्रद्धालुओं से संवाद किया और किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए मौके पर मौजूद अधिकारियों व कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए। मोदी यादगार पार्क स्थित छठ घाट पर आयोजित कार्यक्रम में विशेष रूप से भव्य आयोजन देखने को मिला। यहां सजावट, रोशनी और सांस्कृतिक माहौल के बीच श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजा की। सांसद डॉ. राजकुमार सांगवान ने कहा:"छठ महापर्व आस्था, अनुशासन और प्रकृति के प्रति कृतज्ञता का पर्व है। मोदीनगर के सभी घाटों पर जिस श्रद्धा और व्यवस्था के साथ पर्व मनाया जा रहा है, वह प्रशंसनीय है। सभी व्रतियों की मनोकामनाएं पूर्ण हों, यही कामना है।विधायक डॉ. मंजू सिवाच ने कहा: छठी मैया सभी व्रतियों और उनके परिवारों पर अपनी कृपा बनाए रखें। मोदीनगर में सभी समाज के लोग मिलकर इस पर्व को मनाते हैं, यही हमारी सांस्कृतिक एकता की पहचान है। घाटों पर श्रद्धालुओं को कोई परेशानी न हो, इसके लिए हम सब लगातार प्रयासरत हैं।पालिकाध्यक्ष विनोद वैशाली ने कहा: नगर पालिका परिषद ने सभी छठ घाटों पर सफाई, प्रकाश, पानी और सुरक्षा की पूरी व्यवस्था की है। छठ व्रतियों की सेवा ही हमारी प्राथमिकता है। सभी श्रद्धालुओं को छठ महापर्व की हार्दिक शुभकामनाएं।"



इस अवसर पर उपजिलाधिकारी कोमल पवार, स्थानीय सभासद वेद प्रकाश चौधरी, सूबे सिंह, प्रदीप शर्मा, संदीप सांगवान, मोनू धामा, गोल्डी नेहरा, राम भरोसे लाल, सतेंद्र, पिंकी चौधरी,नीरज तेवतिया एवं नगर पालिका के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। इस दौरान छठ पूजा समितियों के पदाधिकारी, स्थानीय गणमान्य नागरिक और भाजपा कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

मंदिर से चोरी हुई तीन मूर्तियां चार घंटे में बरामद: राधा, कृष्ण और लड्डू गोपाल की अष्टधातु की मूर्तियां मिलीं, आरोपी गिरफ्तार

दैनिक सुनहरा संसार ब्यूरोचीफ हिमांशु मोदी कैथवाड़ा - कैथवाड़ा थाना के मांतूकी गांव के राधाकृष्ण मंदिर से चोरी हुई अष्टधातु की तीन मूर्तियां पुलिस ने मात्र चार घंटे में बरामद कर लीं। पुलिस ने गांव के कैलाश (46) को गिरफ्तार किया है।



पुलिस के मुताबिक, 15 नवंबर 2026 को मांतूकी निवासी इंदर सिंह ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि अज्ञात व्यक्ति मंदिर से राधा-कृष्ण की प्राचीन मूर्तियां और लड्डू गोपाल की प्रतिमा ले गया। मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की कैथवाड़ा थाना पुलिस ने मुकदमा नंबर 191/2026 दर्ज कर जांच शुरू की। मामला धारा 305(डी) और 331(4) बीएनएस के तहत दर्ज किया गया।

पुलिस अधीक्षक डीग शरण गोपीनाथ के. आईपीएस के निर्देश पर विशेष टीम बनाई गई। टीम ने घटनास्थल का मुआयना किया और एमआईयू टीम को बुलाकर मौके से चांस प्रिंट लिए।

पुलिस ने गोपनीय सूचनाओं और तकनीकी जानकारी के आधार पर आरोपी की पहचान की। कैलाश पुत्र जयपाल को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। बाद में उसे गिरफ्तार कर उसकी निशानदेही पर तीनों मूर्तियां बरामद की गईं।

मुख्य टिकट निरीक्षक ने घायल यात्री को तत्परता दिखाते हुए उपलब्ध कराई प्राथमिक चिकित्सा

अनिल कुमार गुप्ता दिल्ली

प्रयागराज मंडल में यात्रियों की सुरक्षा, सुविधा एवं सहायता को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए रेलकर्मी सदैव तत्परता से अपने दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/प्रयागराज श्री हरि मोहन के निर्देशन में कर्मचारियों को यात्रियों की सहायता के लिए निरंतर प्रोत्साहित किया जाता है। इसी क्रम में दिनांक 15 नवंबर 2026 को प्रयागराज जंक्शन पर एक रेलकर्मी ने तत्परता एवं मानवीय संवेदनशीलता का सराहनीय उदाहरण प्रस्तुत किया।

गाड़ी संख्या 12802 से प्रयागराज से वाराणसी की यात्रा करने जा रहे भारतीय सेना में कार्यरत लगभग 50 वर्षीय एक यात्री सुबह करीब 7:30 बजे



प्लेटफॉर्म संख्या-4 के पास स्थित लिफ्ट के निकट अचानक गिरकर चोटिल हो गए। इसी दौरान वहां से गुजर रहे मुख्य टिकट निरीक्षक श्री दिवाकर शुक्ला की नजर घायल यात्री पर पड़ी। स्थिति को समझते हुए उन्होंने बिना समय गंवाए तत्काल यात्री की सहायता की।

घायल यात्री द्वारा चोट लगने पर आवश्यक दवाइयों के संबंध में पूछे जाने पर मुख्य टिकट निरीक्षक श्री शुक्ला ने अपने पास उपलब्ध प्राथमिक चिकित्सा किट का उपयोग करते हुए उन्हें तत्काल प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराया तथा हरसंभव सहायता प्रदान की। उनकी इस त्वरित पहल से घायल यात्री को समय पर आवश्यक प्राथमिक उपचार मिल सका।

मुख्य टिकट निरीक्षक श्री दिवाकर शुक्ला का यह सराहनीय कार्य दर्शाता है कि रेलकर्मियों की जिम्मेदारी केवल रेल सेवाओं के संचालन तक सीमित नहीं है, बल्कि आवश्यकता के समय यात्रियों की सहायता करना भी उनके कर्तव्यों का अभिन्न अंग है। रेल प्रशासन मुख्य टिकट निरीक्षक श्री शुक्ला की इस मानवीय पहल, कर्तव्यनिष्ठा एवं सेवाभाव की सराहना करता है तथा अन्य रेलकर्मियों को भी यात्रियों की सहायता एवं सुरक्षा के लिए सदैव तत्पर रहने हेतु प्रोत्साहित करता है।

डॉ. अरबाज के विवाह समारोह में शामिल गणमान्य लोगों ने जोड़े मुबारकबाद दी

राष्ट्रीय सुनहरा संसार वन्दना जोशी ब्यूरो चीफ



मुरादनगर। विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत नेकपुर निवासी डॉ. दिलशाद के सुपुत्र डॉ. अरबाज के विवाह समारोह में क्षेत्र के कई गणमान्य लोग शामिल हुए। इस अवसर पर सभी ने नवविवाहित जोड़े को दिल से मुबारकबाद दी और उनके सुखद वैवाहिक जीवन व नए सफर की शुरूआत के लिए शुभकामनाएं प्रेषित कीं। उपस्थित लोगों ने दुआ की कि नवदंपति का जीवन हमेशा खुशियों से भरा रहे और परिवार में प्यार, सुख-शांति व बरकत बनी रहे।समारोह में मुख्य रूप से मुरादनगर विधानसभा कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष नईम त्यागी, नेता मेहंदी, वकील साहब, नीतू सरपंच कलवा, चौधरी आरिफ, चौधरी जकी, चौधरी उस्मान, चौधरी रहीस, हाजी अनवार (नवेडा वाले) चौधरी रिजवान और हाजी कुर्बान डवारसी सहित बड़ी संख्या में सम्मानित लोग मौजूद रहे।

ये महावीर का पंथ है, हर प्राणी में संत है - भारत मंडपम में गूँजी महावीर निर्वाण कथा

राजीव जैन सीए (विख्यात चार्टर्ड अकाउंटेंट) की संगीतमय कथा में जीवंत हुई पावापुरी की गाथा, युद्ध की विभीषिका से अहिंसा का संदेश और हजारों दीपों से सजा निर्वाण उत्सव

अनिल कुमार गुप्ता दिल्ली



नई दिल्ली, 16 नवंबर 2026। भगवान महावीर देशना फाउंडेशन और बीआरजे प्रोडक्शंस के संयुक्त आयोजन में रविवार को भारत मंडपम में ह्यमहावीर निर्वाण कथा - मेरे महावीर 3.1 का मंचन हुआ। श्री राजीव जैन सीए ने अपने कथा वाचन, मौलिक संगीत और दृश्य प्रस्तुति के माध्यम से करीब 2552 वर्ष पुरानी पावापुरी और भगवान महावीर के जीवन के अंतिम अध्याय को दर्शकों के सामने जीवंत कर दिया। सभागार में उपस्थित दर्शक कथा के अनेक प्रसंगों में भावविभोर नजर आए।

कथा सुनने के लिए अहिंसा विश्व भारती के संस्थापक पूज्य आचार्य लोकेश मुनि जी, उनके सहयोगी संत श्री आदर्श मुनि जी तथा राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष श्री किशोर मकवाना जी भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने पूरी कथा का आनंद लिया ! उनकी उपस्थिति भगवान महावीर के अहिंसा और करुणा के संदेश को व्यापक समाज तक पहुँचाने की भावना से जुड़ी रही।

भारत मंडपम में प्राचीन पावापुरी और भगवान महावीर के जीवन से जुड़े प्रसंगों की झलकियाँ दिखाई गईं। आगंतुकों का केसर तिलक से स्वागत किया गया और दीपोत्सव के लिए दीपक भेंट किए गए। मंगलाचरण के बाद एलईडी स्क्रीन पर भगवान महावीर के अंतिम चातुर्मास और पावापुरी के समवसरण का दृश्य उभरा। मनोनीत निगम पार्षद श्री मनोज कुमार जैन ने राजा हस्तिपाल और श्री सुधीर जैन ने राजा नंदीवर्धन की भूमिका निभाई। इन पात्रों के संवादों के साथ कथा महावीर के जन्म, बचपन, युवावस्था, वैराग्य और दीक्षा की ओर बढ़ी।

भगवान महावीर के समता, स्वतंत्रता और प्रत्येक जीव के अस्तित्व के अधिकार संबंधी विचारों को भारतीय संविधान के अनुच्छेद 14, 19 और 21 में निहित आधुनिक मूल्यों के संदर्भ में भी समझाया गया। साढ़े बारह वर्षों की कठोर साधना, मौन, अहिंसा और केवलज्ञान की यात्रा को संगीत और दृश्यों के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। ह्यये महावीर का पंथ है, हर प्राणी में संत हैह्ण के संदेश के साथ बताया गया कि हर जीव में आत्मिक विकास और परमात्मपद तक पहुँचने की संभावना है।

चंदनबाला का प्रसंग कथा का एक मार्मिक हिस्सा रहा। कौशाम्बी के वत्स नरेश शतानीक और चम्पा के राजा दधिवाहन के बीच युद्ध, उससे हुई तबाही और निर्दोष लोगों के जीवन पर पड़े प्रभाव को दृश्यों के माध्यम से दिखाया गया। चंदनबाला की पीड़ा के जरिए यह सवाल भी सामने आया कि सत्ता की लालसा, संग्रह और हिंसा की कीमत आखिर निर्दोष मनुष्यों को क्यों चुकानी पड़ती है। इस प्रसंग को आज दुनिया में चल रहे युद्धों और संघर्षों से जोड़ते हुए महावीर के अहिंसा और अपरिग्रह के विचारों की प्रासंगिकता समझाई गई। पाँच महीने पच्चीस दिन बाद चंदनबाला के हाथों भगवान महावीर के आहार ग्रहण करने का दृश्य दर्शकों के लिए विशेष रूप से भावुक क्षण रहा।

राजा श्रेणिक, जिन्हें इतिहास में बिम्बिसार के नाम से जाना जाता है, के साथ भगवान महावीर के संवाद में कर्म सिद्धान्त, नरकगति और भविष्य में तीर्थंकर बनने की जैन मान्यता को रोचक ढंग से समझाया गया। इसके बाद कथा फिर पावापुरी पहुँची। भगवान महावीर की अंतिम देशना में जीव-अजीव, कर्म सिद्धान्त, आहार, आत्मशुद्धि, मोह से मुक्ति और मोक्षमार्ग जैसे विषयों को सरल उदाहरणों के साथ प्रस्तुत किया गया।

देव, मनुष्य, तिर्यंच और नरक—इन चार गतियों के सुख-दुःख और जीवन की परिस्थितियों को समझाते हुए मनुष्य जन्म के महत्व पर विशेष चर्चा हुई। बताया गया कि जैन दर्शन में मनुष्य जीवन इसलिए मूल्यवान है क्योंकि इसी अवस्था में विवेक, तप, संयम और पुरुषार्थ के द्वारा नए कर्मों का बन्ध रोकने, संचित कर्मों की निर्जरा करने और मोक्ष की दिशा में आगे बढ़ने का अवसर मिलता है। कथा का संदेश था कि मनुष्य को मृत्यु की प्रतीक्षा करने के बजाय जीवन रहते ही अपने अस्तित्व का उद्देश्य समझना चाहिए।

भगवान महावीर के निर्वाण के बाद गौतम स्वामी की आत्मचिन्तन यात्रा और केवलज्ञान प्राप्ति का दृश्य भी दर्शकों के लिए भावपूर्ण रहा।

कथा की सूत्रधार एवं क्रिएटिव डायरेक्टर श्रीमती अर्भीषा जैन ने विभिन्न प्रसंगों को अपने संवादों से जोड़ा। संगीत निर्देशक श्री प्रदीप जैन की मौलिक रचनाओं ने पूरी कथा को संगीतमय स्वरूप दिया। समापन पर निर्वाण गीत, हजारों दीपों के दीपोत्सव और भगवान महावीर की आरती ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

कार्यक्रम का सीधा प्रसारण टेलीविजन और यूट्यूब चैनलों के माध्यम से देश-विदेश में किया गया। कथा में अहिंसा, अनेकांत, समता, अपरिग्रह और पर्यावरण-संरक्षण के साथ शाकाहार, सदाचार और नशामुक्त जीवन का संदेश भी प्रमुखता से सामने आया। पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु, वनस्पति और प्रत्येक जीव के प्रति संवेदनशीलता को भगवान महावीर के दर्शन का आधार बताते हुए यह संदेश दिया गया कि अहिंसा केवल किसी को न मारने का नाम नहीं, बल्कि हर जीव के अस्तित्व का सम्मान करने और अपने जीवन में संयम अपनाने का संकल्प है।

इस आयोजन को सफल बनाने में भगवान महावीर देशना फाउंडेशन के निदेशक श्री सुभाष ओसवाल जैन, श्री मनोज जैन, श्री राजीव जैन सीए एवं श्री अनिल कुमार जैन सीए, मानद मेजबान श्री सत्यभूषण जैन तथा क्षेत्रीय निदेशक श्री मनीष जैन, श्रीमती क्रिस्टी जैन एवं श्री शुभम जैन का विशेष योगदान रहा।

बियर प्रोडक्शंस की संस्थापक एवं निमार्ता श्रीमती बीना जैन, सह-निमार्ता श्रीमती वर्षु जैन एवं एडवोकेट मणिभद्र जैन ने प्रस्तुति को साकार किया। आयोजन में श्री अरुण आर. डी. जैन, श्री रवि जैन, श्री नरेश आनंद प्रकाश जैन , श्री अशोक जैन, श्री विपुल जैन, सीए नविता जैन, श्रीमती श्रुति जैन, श्री अशोक जाजवान का भी विशेष सहयोग रहा।

असंगठित क्षेत्र के नवप्रवर्तकों की जिला स्तरीय प्रदर्शनी में नवप्रवर्तकों ने दिखाई प्रतिभा, विधायक और डीएम ने सराहा

दैनिक सुनहरा संसार ब्यूरो चीफ राजेश कुमार शर्मा व राजकुमार शर्मा

जनपद फिरोजाबाद के टूण्डला विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश के अंतर्गत जिला विज्ञान क्लब, फिरोजाबाद के तत्वाधान में जिलाधिकारी फिरोजाबाद संतोष कुमार शर्मा, मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य एवं जिला विद्यालय निरीक्षक श्रीमती मुदिता पाण्डेय के निर्देशन में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, टूण्डला में असंगठित क्षेत्र के



नवप्रवर्तकों की जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन प्रधानाचार्या श्रीमती रंजना सहाय एवं जिला समन्वयक अश्वनी कुमार जैन के संयोजन में किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ टूण्डला विधायक प्रेमपाल सिंह धनगर, जिलाधिकारी फिरोजाबाद संतोष कुमार शर्मा, उपजिलाधिकारी टूण्डला श्रीमती दिव्या सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक मुदिता पाण्डेय, रंजना सहाय एवं अश्वनी कुमार जैन द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित करके किया गया।

विधायक प्रेमपाल सिंह धनगर ने सभी नवप्रवर्तकों के नवाचारों का अवलोकन किया एवं उनके नवाचारों की प्रशंसा करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने सभी नवप्रवर्तकों एवं छात्राओं के नवाचारों की सराहना करते हुए अधिक से अधिक नवाचार को अग्रसर करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने नवाचारों को नवीन दिशा प्रदान करने के लिए जिला विज्ञान क्लब, फिरोजाबाद के कार्यों की प्रशंसा करते हुए सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं प्रदान करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अश्वनी कुमार जैन ने बताया कि इस विज्ञान प्रदर्शनी में जनपद के असंगठित क्षेत्र के नवप्रवर्तकों के साथ विद्यालय के कुल 242 छात्र-छात्राओं ने 142 मॉडल प्रस्तुत किए। जिसमें पराली प्रबंधन, प्राकृतिक खेती, मटका में लौकी उत्पादन, जैविक सब्जी उत्पादन, गोदाम वायरिंग, मिट्टी के बर्तन, रूडी, जैविक दाल उत्पादन,मोमबत्ती उत्पादन आदि नवाचार प्रस्तुत किए। निर्णायक मंडल की भूमिका का निर्वहन कृषि वैज्ञानिक डॉ तेज प्रकाश, डॉ ओमकार सिंह यादव, डॉ पृथ्वी पाल और ध्रुव कान्त तिवारी ने किया। प्रदर्शनी में प्रथम स्थान मनोज कुमार विद्यार्थी, द्वितीय राकेश कुमार, तृतीय स्थान सचिन कुमार एवं पाँच सान्त्वना पुरस्कार क्रमशः लोकेश कुमार,दिलीप कुमार, सचिन सैनी, बरखा एवं बबली देवी ने प्राप्त किया। उन्हें सभी अतिथियों द्वारा प्रमाण पत्र, प्रतीक चिन्ह के साथ जिला विज्ञान क्लब, फिरोजाबाद द्वारा क्रमशः 8000, 5000, 3000, 2000, 2000, 2000, 2000, 2000 रुपये आरटीजीएस के माध्यम से प्रदान किये जाएंगे। इसी के साथ सभी प्रतिभागियों को जिला विज्ञान क्लब, फिरोजाबाद की ओर से प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम का सफल संचालन अश्वनी कुमार जैन एवं आभार प्रदर्शन श्रीमती मुदिता पाण्डेय द्वारा किया गया। कार्यक्रम में श्रीमती माधुरी गुप्ता, अर्चना सिंह, प्रियंका, कुमकुम गुप्ता, कविता गौतम, उपासना सिंह एवं समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

भाजपा के पूर्व क्षेत्रीय मंत्री अनुज शर्मा के प्रयासों से 20 महीने से रुकी सैलरी का मामला शांत मनबीर को 21 तारीख तक पूरा पैसा देने का जल निगम अधिकारियों ने दिया आश्वासन

राष्ट्रीय सुनहरा संसार वन्दना जोशी ब्यूरो चीफ

गाजियाबाद। में 20 महीने से अपनी सैलरी के लिए संघर्ष कर रहे जल निगम कर्मचारी मनबीर के मामले में आखिरकार बड़ी राहत मिल गई है। भाजपा के पूर्व क्षेत्रीय मंत्री अनुज शर्मा के लगातार प्रयासों और हस्तक्षेप के बाद जल निगम के उच्च अधिकारियों ने मनबीर का पूरा बकाया पैसा 21 तारीख तक उनके अकाउंट में देने का आश्वासन दिया है। इस आश्वासन के बाद मनबीर ने अपना धरना समाप्त कर दिया है।

इस पूरे प्रकरण को खत्म करने में सबसे अहम और निर्णायक भूमिका भाजपा के पूर्व क्षेत्रीय मंत्री अनुज शर्मा जी की रही। जैसे ही अनुज शर्मा जी को पता चला कि



एक गरीब कर्मचारी मनबीर 20 महीने से बिना सैलरी के काम कर रहा है और अपने दो मासूम बच्चों के साथ धरने पर बैठने को मजबूर है, तो उन्होंने तुरंत इस मामले को अपने हाथ में लिया।

अनुज शर्मा ने लगातार जल निगम के उच्च अधिकारियों से संपर्क किया, उनसे बात की और मनबीर के हक की आवाज को मजबूती से उठाया। उन्होंने अधिकारियों को साफ शब्दों में कहा कि मेहनत करने वाले कर्मचारी का पैसा रोकना अन्याय है और इसका तुरंत निस्तारण होना चाहिए। अनुज शर्मा के लगातार दबाव, प्रयासों और हस्तक्षेप के बाद ही अधिकारियों ने मामले को गंभीरता से लिया और मनबीर को 21 तारीख तक उसका पूरा बकाया पैसा देने का आश्वासन दिया। मनबीर और उसके परिवार को न्याय दिलाने में अनुज शर्मा ने पूरी ताकत लगा दी। मनबीर ने भी कहा कि अनुज शर्मा जी ने जिस तरह से उसके लिए अधिकारियों से बात की और उसके परिवार की पीड़ा को समझा, वह हमेशा याद रहेगा। इस मामले में मोदीनगर के पूर्व विधायक, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष पंडित सुदेश शर्मा ने भी खुद जाकर जल निगम के उच्च अधिकारियों से मुलाकात कर इस पूरे प्रकरण को शांत कराने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने भी अधिकारियों से मनबीर का पैसा जल्द दिलाने की बात कही।

इस खबर को उच्च अधिकारियों तक पहुंचाने और इस मामले को निपटाने में समाजसेवी बी.के. शर्मा और उनकी टीम की भूमिका भी बेहद अहम रही। बी.के. शर्मा और उनकी टीम ने महज चार दिन के अंदर-अंदर इस खबर को उच्च अधिकारियों तक पहुंचाया, उनसे बात की और मामले को निपटाने का काम किया। इस दौरान रवि कुमार जिला पंचायत अध्यक्ष, विशाल वत्स, विक्की वर्मा और जाट संगठन के जिला अध्यक्ष परविंदर तोमर भी मौजूद रहे। सभी नेताओं ने एकजुट होकर अधिकारियों से बात की और मनबीर के पक्ष में आवाज उठाई। मनबीर मोदीनगर के गांव अमराला में जल निगम में एल.सी. इन्फ्रा लिमिटेड के माध्यम से कार्यरत हैं। उनकी महीने की सैलरी मात्र 20,000 रुपये है। उन्हें आखिरी बार मार्च 2025 की सैलरी मिली थी। अप्रैल 2025 से उनकी सैलरी रुकी हुई थी। सैलरी न मिलने से उनका परिवार टूटने की कगार पर आ गया था। पत्नी दीपांशी चौधरी और दो मासूम बच्चे, 6 साल का विक्रम और 3 साल का आदित्य, राशन, फीस और दवाई के लिए परेशान थे। घर में कई बार चूल्हा तक नहीं जला। परेशान होकर मनबीर ने 13 नवंबर को दोपहर 3:00 बजे से अपने बच्चों के साथ गाजियाबाद जल निगम, आरडीसी राजनगर में धरना शुरू कर दिया था। इससे पहले वह मोदीनगर की विधायक डॉ. मंजू शिवाच, नगर पालिका अध्यक्ष और रज्जू मोदीनगर से भी मिल चुके थे, लेकिन वहां से उन्हें सिर्फ आश्वासन मिला था मनबीर ने कहा कि भाजपा के पूर्व क्षेत्रीय मंत्री अनुज शर्मा जी, पूर्व विधायक पंडित सुदेश शर्मा जी, समाजसेवी बी.के. शर्मा और अन्य सभी वरिष्ठ लोगों की उपस्थिति में वह धरना समाप्त कर रहे हैं। जल निगम के अधिकारियों के आश्वासन और सभी नेताओं के कहने पर उन्होंने धरना खत्म किया। उन्होंने कहा कि जब तक पैसा नहीं मिल जाता, तब तक वह सतर्क रहेंगे।मनबीर ने विशेष रूप से अनुज शर्मा जी का दिल से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आज उनकी वजह से ही उनके बच्चों को नई उम्मीद मिली है।

आगरा मण्डलायुक्त श्री नगेन्द्र प्रताप जी की अध्यक्षता एवं उएउ सदस्य श्री अंजन कुमार मोहन्ती और डॉ0 एस के गोयल, मुख्य वैज्ञानिक/अध्यक्ष, नीरी की गरिमामयी उपस्थिति में हुई ताज ट्रैपेजियम जोन प्राधिकरण की 69वीं बैठक

टीटीजेड क्षेत्र में औद्योगिक विकास को मिलेगी रफ़्तार, 10 औद्योगिक इकाइयों को स्थापना/विस्तारीकरण हेतु मिला अनुमोदन

अन्य इकाई स्थापना/विस्तारीकरण के आवेदनों की स्क्रूटनी जारी, जल्द ही अन्य औद्योगिक इकाइयों को मिलेगा अनुमोदन

जल्द ही अन्य पात्र औद्योगिक इकाइयों को भी अनुमोदन प्रदान कर जनपद में औद्योगिक विकास को और दी जाएगी गति,टीटीजेड क्षेत्र के जनपदों में औद्योगिक गतिविधियों को मिलेगा बढ़ावा, निवेश को मिलेगा प्रोत्साहन तथा स्थानीय स्तर पर रोजगार के नये अवसर होंगे सृजित

सुनहरा संसार आगरा अंजना कुलकर्णी कैलाश वर्मा





आगरा. 16/11/2026. मण्डलायुक्त महोदय श्री नगेन्द्र प्रताप जी की अध्यक्षता एवं सेन्ट्रल इम्पावर्ड कमेटी के सदस्य श्री अंजन कुमार मोहन्ती और डॉ0 एस के गोयल, मुख्य वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष, नीरी, क्षेत्रीय केन्द्र, दिल्ली की गरिमामयी उपस्थिति में ताज ट्रैपेजियम जोन प्रदूषण प्राधिकरण की 69वीं बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में सर्वप्रथम विगत बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि की गयी। विगत बैठक में लिए गये निर्णय के अनुपालन की आयुक्त महोदय द्वारा समीक्षा की गयी।

नगर निगम, नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायत द्वारा किए जा रहे ठोस कूड़ा प्रबंधन, टीटीजेड क्षेत्र में जनपदों की परिवेशीय वायु गुणता, एयर क्वालिटी मॉनिटरिंग स्टेशन की स्थापना आदि की समीक्षा आयुक्त महोदय द्वारा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि टीटीजेड क्षेत्र में उद्योग के अलावा जिन कारणों से अत्यधिक वायु प्रदूषण हो रहा है, प्रदूषण रोकथाम हेतु आवश्यक कार्यवाही की जाए। हाथरस में एक माह के अंदर एयर क्वालिटी मॉनिटरिंग स्टेशन की स्थापना की जाए। विगत बैठक में लिए गए जिन निर्णयों की अनुपालन आख्या नहीं आई है, जल्द उपलब्ध कराई जाए। टीटीजेड प्राधिकरण की बैठक में इकाई की स्थापना/विस्तारीकरण हेतु आये नए आवेदनों पर विस्तृत चर्चा की गई। आयुक्त महोदय द्वारा 10 आवेदनों को सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया। आज आयोजित हुई टीटीजेड बोर्ड की बैठक में जनपद आगरा की 07 औद्योगिक इकाइयों तथा जनपद मथुरा की 03 औद्योगिक इकाइयों को अनुमोदन प्रदान किया गया।

बैठक में टीटीजेड क्षेत्र की अन्य औद्योगिक इकाइयों की भी स्क्रूटनी की गई। जल्द ही अन्य पात्र औद्योगिक इकाइयों को भी अनुमोदन प्रदान कर जनपद में औद्योगिक विकास को और गति दी जाएगी। टीटीजेड बोर्ड द्वारा दिए गए अ

लखनऊ Skyom पाल्म्स गोल्फ टीम चैंपियनशिप -2026 का शानदार समापन

आर ए वी स्पार्टन्स बनी चैंपियन

सुनहरा संसार लखनऊ अमरनाथ सिंह

द पाल्म्स गोल्फ क्लब और रिसॉर्ट्स,लखनऊ में आयोजित दो दिवसीय गोल्फ टीम चैंपियनशिप में 10 टीमों के 80 खिलाड़ियों ने लिया हिस्सा; प्रथम वारियर्स उपविजेता और ग्रीन ग्लैडिएटर्स तीसरे स्थान पर रहे।

लखनऊ, 16 नवंबर 2026: स्कायोम पीजीटीसी-2026 (द स्कायोम पाल्म्स गोल्फ टीम चैंपियनशिप) का दूसरा संस्करण 14 और 15 नवंबर को द पाल्म्स गोल्फ एंड कंट्री क्लब, लखनऊ में शानदार ढंग से संपन्न हुआ। दो दिवसीय इस प्रतियोगिता में 10 टीमों के कुल 80 गोल्फ खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन के साथ खेल भावना, टीमवर्क और आपसी सौहार्द का परिचय दिया।

स्कायोम इस चैंपियनशिप का टाइटल पार्टनर स्कायोम पीजीटीसी-2026 का शानदार समापन, आरएवी स्पार्टन्स बनी चैंपियन

द पाल्म्स गोल्फ एंड कंट्री क्लब, लखनऊ में आयोजित दो दिवसीय गोल्फ टीम चैंपियनशिप में 10 टीमों के 80 खिलाड़ियों ने लिया हिस्सा; प्रथम वारियर्स उपविजेता और ग्रीन ग्लैडिएटर्स तीसरे स्थान पर रहे।



लखनऊ, 16 नवंबर 2026: स्कायोम पीजीटीसी-2026 (द स्कायोम पाल्म्स गोल्फ टीम चैंपियनशिप) का दूसरा संस्करण 14 और 15 नवंबर को द पाल्म्स गोल्फ एंड कंट्री क्लब, लखनऊ में शानदार ढंग से संपन्न हुआ। दो दिवसीय इस प्रतियोगिता में 10 टीमों के कुल 80 गोल्फ खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन के साथ खेल भावना, टीमवर्क और आपसी सौहार्द का परिचय दिया।

स्कायोम इस चैंपियनशिप का टाइटल पार्टनर रहा, जबकि आयोजन का प्रबंधन अमन टंडन स्पोर्ट्स मैनेजमेंट (एटीएसएम) द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में दो अलग-अलग प्रारूपों में मुकाबले आयोजित किए गए, जिनमें खिलाड़ियों के व्यक्तिगत कौशल के साथ-साथ टीम के रूप में बेहतर प्रदर्शन करने की क्षमता की भी परीक्षा हुई।

प्रतियोगिता के पहले दिन खिलाड़ियों ने डबल पियोरिया स्ट्रोकप्ले प्रारूप में हिस्सा लिया। इसमें टीम का स्कोर ओपन कैटेगरी के सर्वश्रेष्ठ पांच स्कोर तथा लेडीज, वेटरन्स और जूनियर्स श्रेणी के सर्वश्रेष्ठ एक स्कोर को मिलाकर निर्धारित किया गया।

दूसरे दिन फोर-बॉल स्क्रैम्बल प्रारूप में मुकाबले हुए। दोनों दिनों के प्रदर्शन को मिलाकर अंतिम टीम रैंकिंग तय की गई।

दो दिनों तक चले रोमांचक मुकाबलों के बाद आरएवी स्पार्टन्स ने कुल 527.8 के स्कोर के साथ चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया। प्रथम वारियर्स ने 533.5 अंकों के साथ दूसरा स्थान हासिल किया, जबकि ग्रीन ग्लैडिएटर्स 538.2 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रही।

अंतिम टीम परिणाम

आरएवी स्पार्टन्स - 527.8
प्रथम वारियर्स - 533.5
ग्रीन ग्लैडिएटर्स - 538.2
फेयरवे टाइगर्स - 541.4
एसएस स्ट्राइकर्स - 548.0
केएमसी महाराजा - 548.6
बर्डी ट्रोजन्स - 558.3
ब्लू टिक - 569.5
नीलेन्द्रा वारियर्स - 573.5
गोल्फर्स लेगेसी - 578.6

व्यक्तिगत एवं विशेष पुरस्कार

चैंपियनशिप में दोनों दिनों के उत्कृष्ट व्यक्तिगत प्रदर्शन को भी सम्मानित किया गया।

प्रतियोगिता के पहले दिन ओपन कैटेगरी में जोहेब सिद्दीकी ने 73 के स्कोर के साथ बेस्ट ग्रॉस का पुरस्कार जीता। वहीं वेटरन्स श्रेणी में वी.के. श्रीवास्तव ने 35 के स्कोर के साथ सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया।

दूसरे दिन ओपन कैटेगरी में शिखर श्रीवास्तव और हार्दिक सिंह की जोड़ी ने 64 के स्कोर के साथ बेस्ट ग्रॉस का पुरस्कार हासिल किया। वेटरन्स श्रेणी में वी.के. श्रीवास्तव और अनूप कुमार की जोड़ी ने 31 के स्कोर के साथ बाजी मारी।

विशेष पुरस्कारों में पहले दिन कर्नल मनोज सचान को स्ट्रेटेस्ट ड्राइव का सम्मान दिया गया, जबकि दूसरे दिन यह पुरस्कार शिवा सागर सिंह को मिला।

इसी तरह, क्लोजेस्ट टू द पिन का पुरस्कार पहले दिन अरविंद कुमार और दूसरे दिन अचल भसीन ने अपने नाम किया।

पुरस्कार वितरण समारोह में शामिल हुए गणमान्य अतिथि

पुरस्कार वितरण समारोह में उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम के पूर्व प्रबंध निदेशक श्री राकेश सिंह, स्कायोम के प्रबंध निदेशक श्री आकाश सिंह तथा एम3एम के श्री प्रदीप राय मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम के प्रबंध निदेशक श्री राम नाथ सिंह विशेष अतिथि के रूप में समारोह में शामिल हुए।

आयोजकों ने श्री मनजीत तलवार, श्री रणजीत सिंह, श्री एस.के. सिंह, श्री वी.के. श्रीवास्तव तथा श्री राम मिलन एवं उनकी टीम के योगदान और सहयोग के लिए विशेष आभार व्यक्त किया। उनके सहयोग और प्रोत्साहन ने इस चैंपियनशिप को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

सहयोगी संस्थाओं एवं प्रायोजकों के प्रति आभार

स्कायोम पीजीटीसी-2026 के सफल आयोजन में प्रायोजकों और सहयोगी संस्थाओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही। आयोजकों ने सभी सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके विश्वास और सहयोग से ही इस चैंपियनशिप को सफलतापूर्वक आयोजित करना संभव हो पाया।

चैंपियनशिप के प्रमुख सहयोगी इस प्रकार रहे:

टाइटल पार्टनर: स्कायोम
पावर्ड बाय पार्टनर्स: एम3एम और रियल्टी असिस्टेंट
अपैरल पार्टनर: ब्लू टिक
इवेंट पार्टनर: माइलस्टोन इवेंट्स
मीडिया पार्टनर: के न्यूज इंडिया
प्रिंट मीडिया पार्टनर: दैनिक भास्कर
इंजीनियरिंग पार्टनर्स: दुर्गा इंजीनियरिंग वर्क्स और नीलेन्द्राज कंस्ट्रक्शंस
मैन्युफैक्चरिंग पार्टनर: पीटीसी इंडस्ट्रीज
बेवरेज पार्टनर्स: बैचेज एंड ब्लेंड्स और इवान विलियम्स बॉर्बन
बैंकिंग पार्टनर: यूनियन बैंक

इसके अतिरिक्त, आयोजन को सुचारु रूप से संपन्न कराने में पर्दे के पीछे काम करने वाली पूरी टीम, टूर्नामेंट के हेलिपंग हैंड्स और सभी सहयोगी सदस्यों के प्रति भी आयोजकों ने आभार जताया।

अगले वर्ष और बड़े आयोजन की तैयारी

एटीएसएम की एक सफल पहल

चैंपियनशिप के सफल समापन पर एटीएसएम के अमन टंडन ने द पाल्म्स गोल्फ एंड कंट्री क्लब के प्रबंधन, समिति के सदस्यों, अतिथियों, प्रायोजकों और सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों का आभार व्यक्त किया।

उन्होंने कहा कि पीजीटीसी-2026 की परिकल्पना एक ऐसे समावेशी खेल मंच के निर्माण की है, जहां विभिन्न वर्गों के गोल्फ खिलाड़ी एक साथ आ सकें और गोल्फ समुदाय को और मजबूत बनाया जा सके।

दो दिनों तक चले इस आयोजन ने खेल प्रतिस्पर्धा के साथ-साथ आपसी सौहार्द, टीम भावना और खेल संस्कृति को भी बढ़ावा दिया। चैंपियनशिप का दूसरा संस्करण सफलतापूर्वक संपन्न होने के साथ ही आयोजकों ने अगले वर्ष इससे भी बड़े और बेहतर आयोजन की उम्मीद जताई।

इस प्रकार स्कायोम पीजीटीसी-2026 का समापन यादगार खेल प्रदर्शन, उत्साह और आपसी भाईचारे के साथ हुआ। आयोजन का प्रबंधन अमन टंडन स्पोर्ट्स मैनेजमेंट (एटीएसएम) द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में दो अलग-अलग प्रारूपों में मुकाबले आयोजित किए गए, जिनमें खिलाड़ियों के व्यक्तिगत कौशल के साथ-साथ टीम के रूप में बेहतर प्रदर्शन करने की क्षमता की भी परीक्षा हुई।

प्रतियोगिता के पहले दिन खिलाड़ियों ने डबल पियोरिया स्ट्रोकप्ले प्रारूप में हिस्सा लिया। इसमें टीम का स्कोर ओपन कैटेगरी के सर्वश्रेष्ठ पांच स्कोर तथा लेडीज, वेटरन्स और जूनियर्स श्रेणी के सर्वश्रेष्ठ एक स्कोर को मिलाकर निर्धारित किया गया।

पहाड़ी थाना पुलिस की बड़ी कार्रवाई: पथराव और फायरिंग मामले में 12 बोर की बंदूक जब्त, दोनों पक्षों के 6 आरोपी पहले ही गिरफ्तार

दैनिक सुनहरा संसार ब्यूरोचीफ हिमांशु मोदी पहाड़ी (डीग)- सरपंच चुनाव की रंजिश को लेकर दो पक्षों के बीच हुई खूनी संघर्ष, पथराव और फायरिंग के मामले में पहाड़ी थाना पुलिस ने एक और बड़ी सफलता हासिल करते हुए घटना में प्रयुक्त 12 बोर की अवैध बंदूक बरामद कर ली है। पुलिस ने यह हथियार आरोपियों की निशानदेही पर एक बाड़े से जब्त किया है।

चुनावी रंजिश के चलते आमने-सामने आए थे दोनों पक्ष



पुलिस के अनुसार, सरपंच चुनाव संपन्न होने के बाद चुनाव में हारने वाले प्रत्याशी और जीतने वाले प्रत्याशी के समर्थकों के बीच मनमुटाव व रंजिश गहरी हो गई थी। इसी चुनावी विवाद को लेकर दोनों पक्ष अचानक आमने-सामने आ गए। देखते ही देखते यह विवाद इतना बढ़ा कि मारपीट, पथराव और ताबड़तोड़ फायरिंग तक जा पहुंचा। इस हिंसक झड़प में दोनों पक्षों के कुल छह लोग घायल हो गए थे।

छह आरोपी पहले ही हो चुके हैं गिरफ्तार

घटना के तुरंत बाद दोनों पक्षों की ओर से थाने में मामले दर्ज कराए गए थे। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों मामलों में संलिप्त कुल छह आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था।

गिरफ्तार किए गए आरोपियों–कासम, मोहम्मद कैफ, शौकत, जाहुल, नियाजू और अकरम–से पुलिस ने रिमांड के दौरान कड़ाई से पूछताछ की। पूछताछ के दौरान आरोपियों की निशानदेही पर ही पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल की गई 12 बोर की बंदूक को एक बाड़े से बरामद कर लिया।

पहाड़ी थाना पुलिस का कहना है कि मामले में आगे की जांच जारी है और संलिप्त अन्य लोगों तथा हथियारों के स्त्रोत का पता लगाया जा रहा है।

फिरोजाबाद जिला संवाददाता बनाया गौ पुत्र धर्म दास महाराज को

दैनिक सुनहरा संसार फिरोजाबाद। आपको बता दें कि सुनेहरा संसार अखबार के उत्तर प्रदेश न्यूरो चीफ कैलाश चंद्र वर्मा और संपादक एडवोकेट रघुवेन्द्र सिंह के द्वारा आज ब्रजवासी गौ रक्षक सेना भारत संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गौ पुत्र धर्म दास महाराज को फिरोजाबाद जिला संवाददाता नियुक्त किया और यूपी हैड कैलाश चंद्र वर्मा ने आई कार्ड, अथोरिटी लेटर देकर सम्मानित किया तथा जिलाधिकारी,एस एस पी, सूचना विभाग और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री महोदय को अथोरिटी लेटर की कापी संपादक एडवोकेट रघुवेन्द्र सिंह के द्वारा भेज दी गई है।

गौ पुत्र धर्म दास महाराज पिछले दस साल पहले एक अच्छे और इमानदार पत्रकार थे और आज चार अखबार,चार चैनल और अनेकों पत्रिकाओं में शामिल हो चुके हैं तथा अनेकों संगठनो में शामिल हो चुके हैं इनका एक ही लक्ष्य है पूरे भारत में गौ हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध और गौ माता राष्ट्र माता घोषित हो तथा गौ माता के लिए नया कानून लागू हो जिससे गौ वंश सुरक्षित और अच्छे तरीके से हर गृहस्थी के घर पूजा पाठ हो। और गौ माता व नंदी महाराज की सेवा और सुविधाएं प्रदान हो इसी संकल्प को लेकर जी रहा है। गौ माता को सम्मान दिलाने के लिए ब्रजवासी गौ रक्षक सेना भारत संगठन,जन अर्धांगिनी फाउण्डेशन, श्री राधे ब्रजवासी गौ शाला ट्रस्ट, सनातन सरकार वेलफेयर फाउण्डेशन आदि अनेकों संस्थान चल रहे हैं गौ पुत्र धर्म दास महाराज निस्वार्थ भाव से चौबीसों घंटे गौ माताओ और सनातन धर्म के लिए समर्पित है।आओ ऐसे संत का साथ दे और भारत देश के सभी राज्यों के पत्रकार बंधु गौ माता को राष्ट्र माता घोषित करवाये।

पूर्व प्रधान जलीस खान ने प्रदीप गोयल के पिताजी के निधन पर जताया शोक, निवास पर पहुंचकर दी श्रद्धांजलि



दैनिक सुनहरा संसार ब्यूरोचीफ हिमांशु मोदी कामां, जिला डीग -पंचायत समिति के पूर्व प्रधान जलीस खान ने पूर्व भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष प्रदीप गोयल के निवास पर पहुंचकर उनके पिताजी स्वर्गीय भगवान चंद्र गोयल के निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस दौरान जलीस खान ने शोक संतप्त परिवार से मुलाकात कर ढांढस बंधाया और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि भगवान चंद्र गोयल एक सरल, मिलनसार और समाजसेवी स्वभाव के व्यक्ति थे। उनके निधन से क्षेत्र ने एक अनुभवी और सम्मानित बुजुर्ग को खो दिया है। प्रदीप गोयल ने इस दुख की घड़ी में पहुंचकर सांत्वना देने के लिए पूर्व प्रधान जलीस खान का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर अन्य गणमान्य लोग भी मौजूद रहे।

यातायात पुलिस फिरोजाबाद की यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के विरुद्ध व्यापक कार्यवाही, कार्यवाही के दौरान कुल 829 वाहनों का चालान कर जुमार्ना अधिरोपित किया गया

दैनिक सुनहरा संसार ब्यूरो चीफ राजेश कुमार शर्मा व राजकुमार शर्मा

फिरोजाबाद वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आदित्य लांग्हे के निर्देशन में एवं क्षेत्राधिकारी यातायात के कुशल नेतृत्व में जनपद में सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने, यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने एवं आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाकर प्रभावी कार्यवाही की जा रही है । इसी क्रम में आज दिनांक 16-11-2026 को यातायात पुलिस फिरोजाबाद द्वारा नियमों का उल्लंघन करने वाले ऑटो,



ई-रिक्शा एवं अन्य वाहनों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए ओवरस्पीड, क्षमता से अधिक सवारी बैठाने, वाहनों में साउंड स्पीकर लगाकर संचालित करने तथा स्टंट एवं तेज गति से बाइक चलाने वालों के विरुद्ध चालान की कार्यवाही की गई । साथ ही वाहन चालकों को सदैव यातायात नियमों का पालन करने हेतु जागरुक किया गया ।

अभियान के दौरान की गई कार्यवाही का विवरण निम्नवत है–

1. ऑटो/ई-रिक्शा के विरुद्ध कुल 67 चालान किए गए ।
2. क्षमता से अधिक सवारी बैठाकर संचालित किए जा रहे ऑटो के विरुद्ध 53 चालान किए गए ।
3. साउंड स्पीकर लगाकर संचालित किए जा रहे ई-रिक्शा के विरुद्ध 47 चालान किए गए ।
4. ओवरस्पीड वाहन चलाने वालों के विरुद्ध 54 चालान किए गए ।
5. स्टंट एवं तेज गति से बाइक चलाने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध 07 चालान किए गए ।
6. अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध 601 चालान किए गए ।

इस प्रकार अभियान के दौरान कुल 829 चालान किए गए।

फिरोजाबाद पुलिस द्वारा वाहन चालकों से अपील की जाती है कि निर्धारित गति सीमा में ही वाहन चलाएं, दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट एवं चारपहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करें।

ऑटो एवं ई-रिक्शा में निर्धारित क्षमता के अनुसार ही सवारियां बैठाएं तथा यातायात नियमों का पालन करें। यातायात नियमों का पालन स्वयं की एवं दूसरों की सुरक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक है। सुरक्षित यातायात व्यवस्था बनाए रखने में फिरोजाबाद पुलिस का सहयोग करें ।

मतदाता जोड़ो अभियान को लेकर भाजपा ने तेज की संगठनात्मक तैयारी, विधानसभा स्तर पर बनेगी कार्ययोजना

जिला प्रभारी अशोक कटारिया ने ली बैठक, बोले—हर पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में जुड़वाना संगठन की प्राथमिकता

राष्ट्रीय सुनहरा संसार वन्दना जोशी ब्यूरो चीफ

गाजियाबाद। मतदाता जोड़ो अभियान- 2026 को लेकर भाजपा गाजियाबाद महानगर ने संगठनात्मक गतिविधियां तेज कर दी हैं। अभियान को बूथ स्तर तक प्रभावी बनाने और विधानसभा वार कार्यकताओं की जिम्मेदारियां निर्धारित करने के लिए सोमवार को नेहरू नगर स्थित भाजपा महानगर कार्यालय पर जिला प्रभारी अशोक कटारिया ने महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल के नेतृत्व में संगठनात्मक बैठक की। बैठक में आगामी विधानसभा स्तरीय बैठकों की रूपरेखा तय करने के साथ अभियान के क्रियान्वयन को लेकर विस्तृत रणनीति बनाई गई। बैठक में जिला प्रभारी अशोक कटारिया ने कहा कि मतदाता सूची का शुद्धिकरण और प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में शामिल कराना लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। कोई भी पात्र युवा, महिला अथवा नागरिक मतदाता बनने से वंचित नहीं रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि लखनऊ में प्रदेश नेतृत्व एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में आयोजित प्रदेश स्तरीय कार्यशाला में मिले दिशा-निर्देशों के अनुरूप अभियान को योजनाबद्ध तरीके से संचालित किया



जाएगा। इसके लिए संगठन के प्रत्येक स्तर पर जवाबदेही तय होनी चाहिए। कटारिया ने स्पष्ट किया कि विधानसभा वार आयोजित होने वाली बैठकों में निर्धारित अपेक्षित श्रेणी के सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं की उपस्थिति अनिवार्य रहेगी। अभियान को केवल बैठकों तक सीमित न रखते हुए शक्ति केंद्र, मंडल और बूथ स्तर पर सक्रियता के साथ लागू करना होगा। मतदाता सूची से संबंधित प्रत्येक गतिविधि की नियमित समीक्षा और आपसी समन्वय सुनिश्चित किया जाए। महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने कहा कि भाजपा की संगठनात्मक शक्ति उसका बूथ स्तर तक सक्रिय कार्यकर्ता है। मतदाता जोड़ो अभियान की सफलता के लिए विधानसभा से लेकर बूथ तक संगठन की सभी इकाइयों को एकजुट होकर काम करना होगा। उन्होंने मंडल अध्यक्षों, विधानसभा प्रभारियों, विस्तारकों, शक्ति केंद्र एवं सेक्टर प्रभारियों, बीएलए-1 तथा मतदाता सूची प्रमुखों को आपसी समन्वय के साथ निर्धारित समयसीमा में जिम्मेदारियों का निर्वहन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पात्र मतदाता का नाम सूची में शामिल कराने के लिए कार्यकर्ता पूरी गंभीरता से जुटें और अभियान की प्रगति पर लगातार नजर रखें। बैठक में विधानसभा वार बैठकों की विस्तृत संरचना भी निर्धारित की गई। इसके अंतर्गत संबंधित विधानसभा के विधायक एवं अन्य जनप्रतिनिधि, मंडल अध्यक्ष, विधानसभा प्रभारी, विधानसभा विस्तारक,मंडल प्रवासी,मंडल प्रभारी, शक्ति केंद्र प्रभारी, सेक्टर प्रभारी,मतदाता सूची प्रमुख, विभिन्न मोर्चों के अध्यक्ष, सोशल मीडिया एवं आईटी प्रमुख तथा बीएलए-1 सहित अन्य अपेक्षित पदाधिकारी शामिल होंगे। संबंधित जनप्रतिनिधियों एवं संगठनात्मक पदाधिकारियों के समन्वय से बैठकों का संचालन और मतदाता सूची से जुड़े कार्यों की समीक्षा सुनिश्चित की जाएगी। बैठक में साहिबाबाद विधान सभा प्रभारी अनिल सिसोदिया, महानगर महामंत्री गौरव चोपड़ा, पंकज भारद्वाज एवं प्रदीप चौहान, तीनों विधानसभाओं के विस्तारक निखिल कुमार, विकास शर्मा एवं मनीष कुशवाह, अभियान के महानगर संयोजक अमित रंजन, मुरादनगर विधानसभा के बीएलए-1 प्रदीप चौधरी, साहिबाबाद विधानसभा के बीएलए-1 देवेंद्र गिरी, शहर विधानसभा के बीएलए-1 बलराम रावल तथा मतदाता सूची प्रमुख नागेंद्र चौहान सहित सभी मोर्चों के अध्यक्ष देवेंद्र यादव, वेदप्रकाश जाटव, सिद्धि प्रधान अग्रवाल, सचिन डेढ़ा, धर्मेन्द्र कुमार,महानगर सोशल मीडिया एवं आईटी प्रमुख पुष्पेंद्र गुप्ता, प्रयाम सक्सैना, मीत गर्ग, धीरज शर्मा, रवि रंजन पांडेय, यश मेहता अन्य संगठनात्मक पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक के माध्यम से संगठन ने स्पष्ट संकेत दिया कि मतदाता जोड़ो अभियान को लेकर भाजपा महानगर अब विधानसभा स्तर पर समन्वित और बूथ केंद्रित रणनीति के साथ आगे बढ़ेगा।प्रदेश नेतृत्व के दिशा- निर्देशों के अनुरूप अभियान की नियमित निगरानी और समीक्षा के जरिए प्रत्येक पात्र मतदाता तक पहुंच बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। संपादकीय दृष्टि से सुझाव समाचार पत्रों में प्रकाशन के लिए यह संस्करण उपयुक्त है। इसमें व्यक्तिगत प्रशंसा के बजाय संगठन की रणनीति, नेतृत्व के निर्देश और अभियान के उद्देश्य को समाचार का केंद्र रखा गया है।

पंचायतीराज आम चुनाव-2026: जिला निर्वाचन अधिकारी मयंक मनीष ने 10 मतदान केंद्रों के 38 बूथों का किया निरीक्षण

अंतिम चरण के सरपंच एवं वार्ड पंच चुनाव में शांतिपूर्ण मतदान, सुरक्षा के लिए पर्याप्त पुलिस जाप्ता एवं क्यूआरटी तैनात

दैनिक सुनहरा संसार ब्यूरोचीफ हिमांशु मोदी

डीग -पंचायतीराज आम चुनाव-2026 के चौथे एवं अंतिम चरण के तहत सोमवार को जिले की ग्राम पंचायतों में सरपंच एवं वार्ड पंच पदों के लिए मतदान जारी रहा। मतदान प्रक्रिया को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने तथा निर्वाचन व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी मयंक मनीष ने डीग क्षेत्र के 10 मतदान केंद्रों का



निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कुल 38 बूथों की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय दिदावली के 2 बूथ, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गुहाना के 3 बूथ, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खोह के 3 बूथ, राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय जटेरी के 3 बूथ तथा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय टोड़ा के 3 बूथों का निरीक्षण किया। इसके अतिरिक्त उन्होंने कुम्हेर क्षेत्र के शहीद मोहन सिंह राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पैंगोर के 3 बूथ, महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय कुम्हा के 4 बूथ, शहीद राहुल सिंह राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गुनसारा के 5 बूथ, शहीद वीरेंद्र सिंह राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय अजान के 6 बूथ तथा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रारह के 6 बूथों का भी निरीक्षण किया।

उन्होंने बताया कि पंचायतीराज आम चुनाव का यह चौथा एवं अंतिम चरण है। जिले में पंचायत समिति एवं जिला परिषद सदस्य पदों के चुनाव सम्पन्न हो चुके हैं तथा सोमवार को जिले की ग्राम पंचायतों में सरपंच एवं वार्ड पंच पदों के लिए मतदान कराया जा रहा है। मतदान को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए प्रत्येक मतदान केंद्र पर पर्याप्त पुलिस जाप्ता तैनात किया गया है। क्रिटिकल मतदान केंद्रों पर अतिरिक्त पुलिस बल लगाया गया है तथा किसी भी आकस्मिक स्थिति में त्वरित कार्रवाई के लिए क्यूआरटी भी तैनात की गई हैं। उन्होंने बताया कि प्रत्येक सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ मोबाइल पुलिस पार्टी नियुक्त की गई है। इसके साथ ही जोनल एवं एरिया मजिस्ट्रेट के रूप में एसडीएम एवं तहसीलदार सहित अन्य अधिकारी लगातार क्षेत्र का भ्रमण कर रहे हैं। अब तक मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण रही है तथा किसी प्रकार की अप्रिय घटना सामने नहीं आई है। प्रशासन एवं पुलिस पूरी मुस्तैदी के साथ निर्वाचन प्रक्रिया पर निगरानी रखे हुए हैं। उन्होंने बताया कि मतदान के बाद सोमवार रात्रि में होने वाली मतगणना के लिए भी सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। मतगणना स्थल पर पर्याप्त रोशनी, जनरेटर एवं अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं, ताकि मतगणना का कार्य शांतिपूर्ण एवं सुचारू रूप से सम्पन्न हो सके। उन्होंने आमजन से अपील की कि जो मतदाता अभी तक अपने मताधिकार का प्रयोग नहीं कर पाए हैं, वे मतदान केंद्र पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग करें तथा लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भागीदारी निभाएं।

आदर्श विकास संस्थान द्वारा आयोजित जिला स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न

दैनिक सुनहरा संसार ब्यूरो चीफ राजेश कुमार शर्मा व राजकुमार शर्मा

फिरोजाबाद: आदर्श विकास संस्थान, उत्तर प्रदेश के 23वें स्थापना दिवस, बाल दिवस के शुभ अवसर पर जिला स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता का भव्य पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न हुआ। आइवी इण्टरनेशनल स्कूल, फिरोजाबाद में आयोजित इस कार्यक्रम में भारी संख्या में विद्यार्थियों और गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया।समारोह का शुभारंभ कुलगुरु देवव्रत पाण्डेय और विनोद पचौरी के सानिध्य में हुआ। अतिथियों द्वारा माता सरस्वती व चाचा नेहरू को माल्यार्पण कर व दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजेश



दुबे आदर्श ने की।

समारोह का मुख्य आकर्षण 18 अक्टूबर को एम.जी. गर्ल्स इंटर कॉलेज में आयोजित प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत करना रहा।मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे:

- मुख्य अतिथि: सदर विधायक मनीष असीजा
- मुख्य वक्ता :डॉ. जलज गुप्ता*
- अति विशिष्ट अतिथि :डॉ. नंदिनी यादव
- अति विशिष्ट अतिथि :विनोद दीक्षित प्रधान
- विशिष्ट अतिथि: भानु उपाध्याय, मनीष शर्मा, मोहित गर्ग, ऋषभ शर्मा, सत्यम राठौर, अर्चना दुबे, अंजना सिंह, अंशु सिंहअतिथियों के संक्षिप्त उद्बोधन: मुख्य अतिथि सदर विधायक मनीष असीजा ने कहा कि बच्चों की कल्पना ही आने वाले आदर्श नवराष्ट्र की नींव है। उन्होंने विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि चित्रकला जैसे मंच बच्चों में संस्कार, अनुशासन और राष्ट्रप्रेम जगाते हैं। संस्थान के 23 वर्षों के सतत प्रयास की उन्होंने सराहना की।मुख्य वक्ता डॉ. जलज गुप्ता ने कहा कि कला केवल रंग नहीं, चरित्र निर्माण का माध्यम है। उन्होंने बच्चों से आह्वान किया कि वे अपनी प्रतिभा को समाज सेवा और राष्ट्र निर्माण से जोड़ें, यही आदर्श विकास संस्थान का मूल उद्देश्य है।अति विशिष्ट अतिथि डॉ. नंदिनी यादव ने कहा कि जब बच्चे मन से चित्र बनाते हैं, तो उनमें आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच विकसित होती है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए शिक्षकों और अभिभावकों के योगदान की प्रशंसा की।अति विशिष्ट अतिथि विनोद दीक्षित प्रधान* ने कहा कि ऐसे आयोजन ग्रामीण और शहरी प्रतिभाओं को एक मंच देते हैं। उन्होंने कहा कि संस्थान का 'आदर्श नवराष्ट्र निर्माण' का संकल्प तभी साकार होगा जब हर बच्चा संस्कारवान और कर्तव्यनिष्ठ बनेगा।विधायक मनीष असीजा ने बच्चों को सम्मानित कर उनका उत्साह बढ़ाया।

विजेताओं की सूची – पंक्ति में:

ग्रुप अ
1. अनायशा गुप्ता – कृष्णा पब्लिक जूनियर हाई स्कूल, कक्षा 5 – प्रथम
2. शिवांगी – रामा पब्लिक स्कूल, कक्षा 5 – द्वितीय
3. नंदिनी – शिव मॉन्टेसरी पब्लिक स्कूल, कक्षा 5 – तृतीय

ग्रुप इ
4. नविष्ठा – सेंट जॉन्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल, कक्षा 8 – प्रथम
5. दीक्षा – एम.जी.ई. मॉन्टेसरी स्कूल, कक्षा 8 – द्वितीय
6. परी शर्मा – श्री राम स्वरूप जल देवी बाल मंदिर, कक्षा 8 – तृतीय

ग्रुप उ
7. अंशुल आनंद – जी.डी. गोयनका पब्लिक स्कूल, कक्षा 9 – प्रथम
8. वैभव शर्मा – आईवी इंटरनेशनल स्कूल, कक्षा 9 – द्वितीय
9. नित्या गुप्ता – सेंट जॉन्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल, कक्षा 10 – तृतीय

ग्रुप ऊ
10. अभय राजपूत – किड्स कॉर्नर हैप्पी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, कक्षा 11 – प्रथम
11. अंशिका गुप्ता – सेंट जॉन्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल, कक्षा 12 – द्वितीय
12. परी माहिवर – एस.एम.पी.के.डी., कक्षा 12 तृतीय

इनके अतिरिक्त प्रत्येक ग्रुप से 10-10 सांत्वना पुरस्कार दिए गए।

विभिन्न स्कूलों से आये प्रबंधक, प्रधानाचार्य एवं शिक्षकों को भी अतिथियों द्वारा प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया।

जनगणना 2027 से तय होगी यूपी के विकास की नई दिशा, हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचेगा सरकारी योजनाओं का लाभ

हिंदी दैनिक सुनहरा संसार अमरनाथ सिंह, जिला ब्यूरो लखनऊ



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के समग्र विकास की भावी योजनाओं को अब नई जनगणना के आंकड़ों का आधार मिलेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को लोकभवन में जनगणना 2027 के तृतीय संस्करण का शुभारंभ करते हुए कहा कि सटीक जनगणना ही सुशासन, पारदर्शी व्यवस्था और प्रभावी नीति निर्माण की मजबूत नींव है। जनगणना से मिलने वाले प्रमाणिक आंकड़ों के आधार पर प्रदेश के विकास की आगामी कार्ययोजना तैयार की जाएगी, जिससे कोई भी पात्र व्यक्ति सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश देश का सर्वाधिक आबादी वाला राज्य है। देश का हर छठा व्यक्ति प्रदेश में निवास करता है, जबकि दुनिया का हर 36वां व्यक्ति उत्तर प्रदेश से जुड़ा है। इसके बावजूद प्रदेश की अनेक विकास योजनाएं अभी तक वर्ष 2011 की जनगणना के आंकड़ों के आधार पर संचालित होती रही हैं। नई जनगणना से प्रदेश की वर्तमान सामाजिक, आर्थिक और जनसांख्यिकीय स्थिति की वास्तविक तस्वीर सामने आएगी। उन्होंने कहा कि विकास की योजनाएं तभी प्रभावी हो सकती हैं, जब सरकार के पास जमीनी हकीकत बताने वाले सही आंकड़े उपलब्ध हों। जनगणना में किसी व्यक्ति या समुदाय के छूटने के गंभीर परिणामों को समझाते हुए मुख्यमंत्री ने पूर्वी उत्तर प्रदेश के मुसहर समाज का उदाहरण दिया। उन्होंने कहा कि समाज का यह अत्यंत गरीब वर्ग लंबे समय तक बुनियादी सुविधाओं से वंचित रहा। कई परिवारों के पास पक्का मकान तो दूर, झोपड़ी बनाने के लिए जमीन का मालिकाना अधिकार तक नहीं था। राशन कार्ड और अन्य सरकारी सुविधाओं से भी अनेक परिवार दूर थे। यदि उनकी वास्तविक स्थिति पहले सामने आई होती तो उन्हें समय रहते सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सकता था। मुख्यमंत्री ने बताया कि सत्ता में आने के बाद इस समुदाय के लिए अलग से योजना बनाकर उन्हें सरकारी सुविधाओं से संतृप्त करने का प्रयास किया गया। उन्होंने कहा कि जनगणना में किसी पात्र व्यक्ति का नाम छूटना उसके अधिकारों और सुविधाओं से वंचित रहने का कारण बन सकता है।मुख्यमंत्री ने शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं की उपलब्धता का उल्लेख करते हुए कहा कि कहीं तीन विद्यालय हैं तो कहीं कई किलोमीटर तक कोई स्कूल नहीं है। ऐसी असमानताओं का सही आकलन तभी संभव है, जब जनसंख्या और जरूरतों से जुड़े प्रमाणिक आंकड़े उपलब्ध हों।

जनगणना से यह निर्धारित करने में मदद मिलेगी कि किन क्षेत्रों में विद्यालय, अस्पताल, स्वास्थ्य केंद्र, सड़क और अन्य बुनियादी सुविधाओं की अधिक आवश्यकता है।उन्होंने बताया कि प्रदेश में 16 नवंबर से 30 नवंबर तक स्वगणना की सुविधा उपलब्ध रहेगी। इस दौरान नागरिक आधिकारिक पोर्टल के माध्यम से स्वयं और अपने परिवार की जानकारी ऑनलाइन दर्ज कर सकेंगे। इसके बाद एक दिसंबर से चार जनवरी तक जनगणना कर्मी घर-घर पहुंचकर जानकारी एकत्र करेंगे। अभियान के दूसरे चरण में प्रत्येक व्यक्ति से धर्म, जाति, शिक्षा, व्यवसाय, मातृभाषा और अन्य जनसांख्यिकीय पहलुओं से जुड़े 40 प्रश्न पूछे जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश जैसे विशाल आबादी वाले राज्य में जनगणना की जिम्मेदारी और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। इस अभियान में प्रदेश के 18 मंडल, 75 जिले, 350 तहसील, 825 विकासखंड, 57,694 ग्राम पंचायतें और 1,04,004 राजस्व गांव शामिल होंगे। जिलाधिकारी अपने-अपने जिलों में अभियान का नेतृत्व करेंगे और प्रतिदिन इसकी प्रगति की समीक्षा करेंगे। नागरिकों की सहायता के लिए हेल्पलाइन नंबर 1855 भी जारी किया गया है। योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों और जनगणना कर्मियों को निर्देश दिए कि अभियान के दौरान पूरी ईमानदारी, संवेदनशीलता और विनम्रता के साथ कार्य किया जाए। उन्होंने विशेष रूप से किरायेदारों, प्रवासी श्रमिकों, दूरस्थ बस्तियों में रहने वाले परिवारों, अकेले रहने वाले व्यक्तियों, बुजुर्गों, घुमंतू समुदायों और वंचित वर्गों तक पहुंच सुनिश्चित करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि जनगणना केवल सरकारी औपचारिकता नहीं, बल्कि विकसित उत्तर प्रदेश और विकसित भारत के निर्माण का महत्वपूर्ण राष्ट्रीय अभियान है। इसमें जुटाए गए आंकड़ों की गोपनीयता और महत्व के प्रति भी आम लोगों को जागरूक किया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने युवाओं से अपील की कि वे स्वगणना में अपने माता-पिता, बुजुर्गों और आसपास के लोगों की मदद करें। ऑनलाइन जानकारी दर्ज करने के बाद मिलने वाली आईडी को सुरक्षित रखें, ताकि आगे की प्रक्रिया में किसी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने मीडिया और सोशल मीडिया से भी इस अभियान को जनआंदोलन बनाने में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनगणना में प्रत्येक व्यक्ति की भागीदारी सुनिश्चित होने से ही आने वाले दशक के लिए विकास की प्रभावी और जरूरत आधारित योजनाएं बनाई जा सकेंगी। कार्यक्रम में वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना, विधायक डॉ. नीरज बोरा, विधायक जय देवी सहित जनप्रतिनिधि और वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

फ्लेम्स 147 कैफे में बिना अनुमति चल रहा था हुक्का बार, छह हुक्के, चार फ्लेवर और आठ पाइप बरामद; कैफे मालिक और मैनेजर की तलाश में जुटी पुलिस

हिन्दी दैनिक सुनहरा संसार।अमरनाथ सिंह जिला ब्यूरो लखनऊ



लखनऊ। राजधानी के विभूतिखंड क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित हो रहे हुक्का बार के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया है। विशेषखंड-1 स्थित फ्लेम्स ऑफ अरेबिया कैफे के दूसरे तल पर संचालित फ्लेम्स 147 कैफे में पुलिस ने छापेमारी कर हुक्का बार का खुलासा किया। मौके से छह बड़े हुक्के, चार फ्लेवर और आठ हुक्का पाइप बरामद किए गए। कैफे संचालक पुलिस के सामने हुक्का बार संचालन से संबंधित कोई वैध लाइसेंस या अनुमति प्रस्तुत नहीं कर सके। पुलिस के मुताबिक, 15 नवंबर को थाना विभूतिखंड की टीम को मुखबिर के जरिए कैफे में अवैध रूप से हुक्का बार संचालित होने की सूचना मिली थी। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच और तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान कैफे के दूसरे तल पर हुक्का बार संचालित होता मिला। पुलिस ने मौके से राम कुमार (21) पुत्र विजय कुमार निवासी ग्रीन सिटी, लोधेश्वर मंदिर के पास, थाना रामनगर, बाराबंकी को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान गिरफ्तार युवक ने पुलिस को बताया कि हुक्का बार का मुख्य संचालन कैफे मालिक इस्माइल करता है। वही हुक्के और अलग-अलग फ्लेवर उपलब्ध कराता है। पुलिस ने बरामदगी और पूछताछ के आधार पर थाना विभूतिखंड में मुकदमा अपराध संख्या 448/2026 के तहत सिगरेट एवं अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम (COTPA) की धारा 4/25 में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस अब नामजद कैफे मालिक इस्माइल और मैनेजर अलबख्श की भूमिका की जांच कर रही है। दोनों की तलाश में आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। कार्रवाई करने वाली टीम में उपनिरीक्षक सिद्धांत सिंह, कांस्टेबल हरिओम यादव, दीपक गंगवार, मोनू राठी और महिला हेड कांस्टेबल वंदना यादव शामिल रहीं।

बायोटेक्नोलॉजी में करियर के लिए तकनीकी ज्ञान के साथ औद्योगिक अनुभव जरूरी : इंजी. मोहन यादव

ब्यूरो एच सिद्दीकी



झाँसी। बायोटेक्नोलॉजी के क्षेत्र में बेहतर करियर के लिए तकनीकी ज्ञान के साथ औद्योगिक अनुभव और व्यावहारिक कौशल विकसित करना जरूरी है। विद्यार्थियों को पढ़ाई के दौरान ही इंटर्नशिप और औद्योगिक प्रशिक्षण के अवसरों का लाभ उठाना चाहिए। यह बात बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के जैव प्रौद्योगिकी विभाग में सोमवार को आयोजित एलुमनाई टॉक में विभाग के पूर्व छात्र एवं आईपीसीए लैब्स लिमिटेड, सिक्किम के उप महाप्रबंधक (गुणवत्ता) इंजी. मोहन यादव ने कही।
वर्ष 2003-2007 बैच के पूर्व छात्र मोहन यादव ने विद्यार्थियों से अपने अनुभव साझा करते हुए फार्मास्युटिकल एवं बायोटेक्नोलॉजी उद्योग में करियर की संभावनाओं, गुणवत्ता नियंत्रण और गुणवत्ता आश्वासन की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को विषय की मूलभूत समझ मजबूत करने, नई तकनीकों को सीखने और कौशल विकास पर ध्यान देने की सलाह दी। साथ ही विभाग के विद्यार्थियों को औद्योगिक भ्रमण, प्रशिक्षण, इंटर्नशिप एवं प्लेसमेंट में सहयोग का आश्वासन दिया। कार्यक्रम का आयोजन पुरातन छात्र प्रकोष्ठ की समन्वयक प्रो. पूनम पुरी, इंजीनियरिंग संकाय के अधिष्ठाता प्रो. एम.एम. सिंह, आईईटी निदेशक प्रो. डी.के. भट्ट एवं ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के समन्वयक इंजी. शशिकांत वर्मा के मार्गदर्शन में हुआ। संचालन एलुमनाई समन्वयक डॉ. बृजेंद्र कश्यप ने किया। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष डॉ. महेंद्र प्रताप सिंह, डॉ. मुकुल सक्सेना, डॉ. आनंद कुमार पांडेय एवं डॉ. दिनेश द्विवेदी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के ऑनलाइन संचालन में विद्यार्थी कार्तिकेय कुमार एवं सत्यम तिवारी ने सहयोग किया।

श्री गहोई वैश्य समाज के पदाधिकारियों ने किया नीरजा गुप्ता का स्वागत एवं सम्मान

ब्यूरो एच सिद्दीकी



झाँसी। भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा महानगर झाँसी की नवनियुक्त जिला अध्यक्ष नीरजा गुप्ता पत्नी प्रमेंद्र गुप्ता (सहदेले) का श्री गहोई वैश्य समाज के सम्मानित पदाधिकारियों द्वारा उनके निवास पर भव्य स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस अवसर पर समाज पदाधिकारियों ने उन्हें नई जिम्मेदारी मिलने पर बधाई एवं शुभकामनाएँ देते हुए उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की एवं इस अवसर पर समाज के पदाधिकारियों ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व द्वारा गहोई वैश्य समाज की बेटी श्रीमती नीरजा गुप्ता को जिला अध्यक्ष जैसी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपना पूरे समाज के लिए गर्व और सम्मान का विषय है। इसके लिए समाज ने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के प्रति हृदय से आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया श्रीमती नीरजा गुप्ता ने सभी समाजजनों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान उनके लिए गौरव और प्रेरणा का विषय है। वह संगठन एवं समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निर्वहन करेंगी। इस अवसर पर गहोई वैश्य समाज के प्रकाश नौगरिया, प्रदीप नगरिया अरुण गुप्ता अन्नू., संदीप सेठ ,अनिल गुप्ता, राजकुमार गुप्ता रंग वाले, गंगाधर मर, उदय लुहारी ,राजीव सहदेले एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

13 वर्षीय किशोर की नदी में संदिग्ध मौत, परिजनों ने हत्या की आशंका जताई, एसपी से जांच की मांग की



सुनहरा संसार ब्यूरो बांदा

बांदा शहर के नोनिया मोहाल कटरा निवासी 13 वर्षीय अनुज की नदी में डूबने से हुई मौत को लेकर परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए पुलिस अधीक्षक से निष्पक्ष जांच की मांग की है। नोनिया मोहाल निवासी पीड़ित प्रदीप चौहान ने पुलिस अधीक्षक को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि अनुज पुत्र स्व. राकेश चौहान 2 नवंबर 2026 की रात करीब 8.15 बजे तक अशोक लाट के पास देखा गया था। रात 10 बजे तक घर न लौटने पर तलाश की गई। 3 नवंबर को गुमशुदगी की सूचना पुलिस को दी गई। 4 नवंबर को नदी में शव मिलने की सूचना मिली, जिसकी शिनाख्त अनुज के रूप में हुई। पीड़ित का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण डूबना बताया गया है, लेकिन कई बिंदु संदेह पैदा करते हैं। अनुज कभी नदी की ओर नहीं जाता था, जिस स्थान पर शव मिला वह सुनसान है। शव पर चोट व जलने जैसे निशान होने, पेट का सामान्य होना और दूसरे कपड़े पहने होने जैसे कारणों का हवाला देते हुए परिजनों ने आशंका जताई है कि मारपीट के बाद उसे नदी में फेंका गया हो सकता है। पीड़ित ने मामले में अनुज के साथियों से कड़ाई से पूछताछ कर निष्पक्ष जांच की मांग की है।

छठ पूजा से लौट रही महिला का मंगलसूत्र झपटकर भागा शातिर, चार घंटे में गिरफ्तार

सुनहरा संसार लखनऊ अमर नाथ सिंह जिला ब्यूरो लखनऊ



लखनऊ। छठ पूजा कर घर लौट रही महिला के गले से मंगलसूत्र झपटने वाले शातिर आरोपी को गुडंबा पुलिस ने महज चार घंटे के भीतर गिरफ्तार कर घटना का खुलासा कर दिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से छीना गया टूटा हुआ मंगलसूत्र और पीली धातु का लॉकेट बरामद किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान संदीप तिवारी उर्फ दुर्गा तिवारी (21) के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक आरोपी नशे का आदी है और नशे की लत पूरी करने के लिए उसने वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस के अनुसार, 15 नवंबर को विपिन कुमार सिंह अपनी पत्नी मौसमी भारती के साथ कुकरैल पिकनिक स्पॉट से छठ पूजा कर वापस लौट रहे थे। इसी दौरान लकी मेडिकल स्टोर के सामने वाली गली में एक युवक ने अचानक महिला के गले पर झपट्टा मारकर लाल मोतियों की माला में लगा मंगलसूत्र छीन लिया और मौके से भाग निकला। घटना से घबराए पीड़ित परिवार ने तत्काल गुडंबा थाने पहुंचकर पुलिस को सूचना दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी। पुलिस टीम ने घटनास्थल के आसपास जानकारी जुटाने के साथ मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया। इसी क्रम में 16 नवंबर को उपनिरीक्षक अवनीश कुमार सोनी पुलिस टीम के साथ कुकरैल जंगल की ओर जाने वाले कच्चे रास्ते पर बसेरा मोड़ से कुछ आगे छठ पूजा के बैनर के पास पहुंचे। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी कर संदीप तिवारी उर्फ दुर्गा तिवारी को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से लाल मोतियों की टूटी हुई माला में लगा पीली धातु का मंगलसूत्र और लॉकेट बरामद हुआ। पीड़ित पक्ष ने भी बरामद मंगलसूत्र की पहचान की। इसके बाद पुलिस ने मुकदमे में बरामदगी से संबंधित धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोतरी की। पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया कि उसे नशे की लत है और इसी वजह से उसने महिला के गले से मंगलसूत्र छीना था। पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक आरोपी के खिलाफ इंदिरानगर और गुडंबा थानों में चोरी, चोरी के प्रयास और अन्य धाराओं में पहले से पांच मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस उसके अन्य आपराधिक इतिहास की भी जानकारी जुटा रही है। गिरफ्तार आरोपी संदीप तिवारी उर्फ दुर्गा तिवारी मूल रूप से बिहार के सिवान जनपद के धुरौदा थाना क्षेत्र के ग्राम अबूई का निवासी है। वर्तमान में वह गुडंबा के राजीव नगर, कल्याणपुर में किराये पर रह रहा था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आवश्यक विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। इस कार्रवाई में प्रभारी निरीक्षक अंजनी कुमार मिश्र, उपनिरीक्षक अवनीश कुमार सोनी, उपनिरीक्षक अजय शंकर पांडेय, मुख्य आरक्षी अवधेश कुमार, राजन त्रिपाठी और आरक्षी गोविन्द पाल शामिल रहे।

बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय में किया जाएगा पराश्रव्य तरंगों से शोध

ब्यूरो एच सिद्दीकी



झांसी बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय को उत्तर प्रदेश सरकार की विज्ञान एवं तकनीकी परिषद ने एक नए शोध की जिम्मेदारी दी है। ये शोध अगले तीन साल तक चलेगा। इस शोध परियोजना की कमान भौतिकी के विभागाध्यक्ष डॉ संजीव कुमार श्रीवास्तव संभाल रहे हैं, वे देश के कई बड़े शोध संस्थानों के साथ पहले से ही 165 करोड़ की संयुक्त शोध परियोजनाओं में शोध कार्य कर रह हैं। उनके सह अन्वेषक के रूप में डॉ. सुमिरन श्रीवास्तव एवं बिपिन बिहारी महाविद्यालय से प्रो मुकेश श्रीवास्तव एवं प्रो विजय कुमार यादव बिपिन बिहारी महाविद्यालय शामिल हैं। पराश्रव्य तरंगें इतनी तेज होती हैं कि हम सुन भी नहीं सकते। इन्हीं तरंगों की मदद से वैज्ञानिक ऐसे कण तैयार करेंगे जो बाल से भी हजारों गुना छोटे होंगे। और फिर उसी तरंग से नैनो पार्टिकल्स का अध्ययन किया जाएगा एवं उनकी जांच की जाएगी नैनो पार्टिकल्स के कैरेक्टराइजेशन के लिए उपलब्ध अन्य तकनीकों में से यह पराश्रव्य तकनीक ज्यादा कारगर साबित होती है, क्योंकि इस तकनीक से नैनो पार्टिकल्स के कैरेक्टराइजेशन दौरान उनके मूल स्वभाव में कोई अंतर नहीं आता है। इस शोध परियोजना से कैंसर की शुरूआती जांच, एड्स की बैटरी, पानी साफ करने में, एंटी-बैक्टीरियल कोटिंग एवं पशुओं की बीमारी से लड़ने में आदि के क्षेत्र में सहायता होगी बिना सही करेक्टराइजेशन के नैनो कण खतरनाक हो सकते हैं, अल्ट्रासोनिक तरंग नैनो पार्टिकल्स को सस्ता, तेज और सही तरीके से परख लेती है। बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो मुकेश पाण्डेय एवं बिपिन बिहारी के प्राचार्य प्रो टी के शर्मा ने इस टीम को शुभकामनाएं देते हुए अगले 3 सालों में इस शोधकार्य को पूर्ण करने हेतु मार्गदर्शन दिया।

बेकरी और कन्फेक्शनरी उत्पादों में मिलावट पर कसेगा शिकंजा, मानकों की अनदेखी करने वालों पर होगी कार्रवाई

हिंदी दैनिक सवेरा संसार अमरनाथ सिंह जिला ब्यूरो लखनऊ



लखनऊ। ब्रेड, बिस्कुट, केक, पेस्ट्री, कुकीज, चॉकलेट और कैंडी जैसे खाद्य उत्पादों के निर्माण और बिक्री में अब मनमानी नहीं चलेगी। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए), उत्तर प्रदेश ने बेकरी और कन्फेक्शनरी कारोबार से जुड़े खाद्य सुरक्षा मानकों के पालन को लेकर सख्त निर्देश जारी किए हैं। इसके तहत मिलावट, घटिया कच्चे माल, प्रतिबंधित रंगों और रसायनों के इस्तेमाल, अस्वच्छ वातावरण में उत्पादन, गलत भंडारण और ग्राहकों को गुमराह करने वाले दावों पर निगरानी रखी जाएगी। खाद्य सुरक्षा विभाग ने कच्चे माल की खरीद से लेकर उत्पादन, पैकेजिंग, भंडारण और परिवहन तक के लिए निर्धारित मानकों का पालन अनिवार्य किया है। निदेर्शों के मुताबिक बेकरी कारोबारियों को मैदा, आटा, कोको पाउडर, अंडे, मेवे, मार्जरीन और शॉर्टनिंग जैसे कच्चे माल की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देना होगा। इनमें फफूंद, असामान्य रंग, दुर्गंध, संक्रमण या मिलावट के लक्षण मिलने पर संबंधित सामग्री को तत्काल स्टोर से अलग करना होगा। पैक्ड कच्चे माल को सुरक्षित रखने के लिए तापमान और नमी का नियंत्रण भी जरूरी होगा। वहीं दूध, कस्टर्ड और पेस्ट्री फिलिंग जैसे जल्दी खराब होने वाले खाद्य पदार्थों के भंडारण, परिवहन और डिलीवरी के दौरान कोल्ड चेन बनाए रखना अनिवार्य होगा। सात दिन से कम शेल्फ लाइफ वाले बेकरी उत्पादों पर अंतिम उपयोग की तारीख स्पष्ट रूप से अंकित करनी होगी। खाद्य पदार्थों को आकर्षक बनाने के लिए प्रतिबंधित औद्योगिक रंगों का इस्तेमाल करने वालों पर भी विभाग की नजर रहेगी। रोडामिन बी, मेटानिल येलो और सुडान डाई जैसे रंगों का प्रयोग पूरी तरह प्रतिबंधित है। इसके अलावा पोटैशियम ब्रोमेट, पोटैशियम आयोडेट, फॉर्मेलिन, बोरिक एसिड और सैलिसिलिक एसिड जैसे रसायनों का इस्तेमाल भी नहीं किया जा सकेगा। खाद्य उत्पादों में केवल अनुमन्य रंगों और प्रिजर्वेटिव का निर्धारित मात्रा में प्रयोग करने की अनुमति होगी। नियमों के विपरीत इनका इस्तेमाल खाद्य सुरक्षा मानकों का उल्लंघन माना जाएगा। उत्पादन इकाइयों में साफ-सफाई की व्यवस्था भी निर्धारित मानकों के अनुरूप रखनी होगी। बेकरी के फर्श, छत और दीवारें ऐसी होनी चाहिए, जिन्हें आसानी से साफ और धोया जा सके। गंदे पानी की निकासी के लिए उचित ड्रेनेज व्यवस्था तथा कचरे के नियमित निस्तारण का प्रबंध करना होगा। कर्मचारियों के लिए एप्रन, हेड नेट और दस्ताने पहनना जरूरी होगा। खाद्य पदार्थों की धुलाई और प्रसंस्करण में केवल पीने योग्य पानी का इस्तेमाल किया जा सकेगा। उत्पादन क्षेत्र में पर्याप्त रोशनी और वेंटिलेशन की व्यवस्था भी अनिवार्य होगी। कच्चे माल की प्राप्ति, तैयारी, बेकिंग, ठंडा करने, पैकिंग और भंडारण के लिए अलग-अलग व्यवस्थित क्षेत्र बनाने होंगे, ताकि एक खाद्य पदार्थ से दूसरे में संक्रमण न फैले। मिक्सर, ओवन, ट्रे, मोल्ड और खाद्य पदार्थों के संपर्क में आने वाले अन्य उपकरण खाद्य-ग्रेड गुणवत्ता के होने चाहिए। उत्पादन में इस्तेमाल होने वाले उपकरणों की नियमित सफाई और रखरखाव भी करना होगा। ब्रेड के नाम पर ग्राहकों को गुमराह करने वाले कारोबारियों पर भी सख्ती रहेगी। अलग-अलग नामों से बेची जाने वाली ब्रेड में संबंधित सामग्री की निर्धारित मात्रा होना जरूरी है। होल व्हीट ब्रेड में कुल आटे का कम से कम 75 प्रतिशत साबुत गेहूं का आटा होना चाहिए। मल्टीग्रेन ब्रेड में गेहूं के अलावा अन्य अनुमन्य अनाजों की मात्रा कम से कम 20 प्रतिशत निर्धारित की गई है। इसी तरह मिल्क ब्रेड में दूध के ठोस पदार्थों की मात्रा कम से कम छह प्रतिशत होनी चाहिए। ओट, ब्रान, हनी और फ्रूट ब्रेड जैसे विशेष नामों से उत्पाद बेचने वालों को भी संबंधित सामग्री की निर्धारित मात्रा सुनिश्चित करनी होगी। केवल रंग या स्वाद बदलकर किसी उत्पाद को विशेष किस्म की ब्रेड बताकर बेचना नियमों के दायरे में जांचा जाएगा। पैकेजिंग और लेबलिंग के नियमों का पालन भी अनिवार्य होगा। प्रत्येक पैकेट पर उत्पाद का नाम, सामग्री की सूची, एलर्जेन संबंधी जानकारी, पोषण विवरण, शाकाहारी या मांसाहारी चिह्न, बैच नंबर, निर्माण एवं समाप्ति तिथि और 14 अंकों का एफएसएसएआई लाइसेंस नंबर दर्ज करना होगा। दूध, सोया, ग्लूटेन और मेवे जैसे एलर्जी पैदा करने वाले तत्वों की जानकारी स्पष्ट रूप से देनी होगी। केक बोर्ड, पेपर कप, रैपर और टेकअवे बॉक्स खाद्य-ग्रेड सामग्री के होने चाहिए। खाद्य पदार्थों को पैक करने या लपेटने के लिए अखबार अथवा छपे हुए कागज का इस्तेमाल प्रतिबंधित रहेगा। वनस्पति वसा, मार्जरीन और शॉर्टनिंग में ट्रांस फैट की मात्रा दो प्रतिशत से अधिक नहीं होनी चाहिए। खाद्य सुरक्षा विभाग ने कैफे, बेकरी और कन्फेक्शनरी दुकानों के काउंटरों को भी जांच के दायरे में रखा है। खुले में रखे केक, पेस्ट्री, मफिन, कुकीज और ब्रेड को शीशे के डिस्प्ले केस या खाद्य-ग्रेड कवर में रखना होगा, जिससे वे धूल, मक्खियों और ग्राहकों के सीधे संपर्क से सुरक्षित रहें। केक काटने वाले चाकू, ट्रे और अन्य उपकरणों को नियमित रूप से सैनिटाइज करना होगा।

आस्ताना-ए-अपिया हुजूर में अकीदत के साथ मनाया गया हजरत गुलाम दोस्त मुहम्मद (रह.) का 257वां उर्स

ब्यूरो एच सिद्दीकी



झाँसी। पुलिया नम्बर नौ स्थित आस्ताना-ए-अपिया हुजूर में हजरत सैय्यद शाह गुलाम दोस्त मुहम्मद रहमतुल्लाह अलैहि का 257वां उर्स पूरी अकीदत व एहतराम के साथ मनाया गया। सूफी अफराज हुसैन सिद्दीकी की जेरे सरपरस्ती में आस्ताने पर कुरआन खानी, बयान और कुल शरीफ की महफिल सजाई गई। महफिल में अकीदतमंदों ने कुरआन की तिलावत की, फातेहा पढ़ी और नजराना-ए-अकीदत पेश किया। बाद में लंगर का एहतमाम किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने शिरकत की। इस मौके पर सूफी अफराज हुसैन सिद्दीकी ने कहा कि "हमारे बुजुर्गों ने हमें यही सिखाया है कि औलिया-ए-कराम के दर पर झुकना ही असली इंसानियत है। सरकार बांसा की चौखट पर जो एक बार सच्चे दिल से आ जाता है, वो कभी खाली हाथ नहीं लौटता। यहाँ न कोई छोटा है, न कोई बड़ा, यहाँ सब बराबर हैं। यही सूफियों का पैगाम है कि मोहब्बत, खिदमत और इंसानियत।"
पैगाम यही है कि नफरत को छोड़कर मोहब्बत को अपनाओ, एक-दूसरे की मदद करो और मुल्क में अमन-चैन के लिए दुआ करो।" उन्होंने बताया कि आस्ताना-ए-अपिया हुजूर से अकीदतमंदों का काफिला दरगाह शरीफ बांसा भी गया, जहाँ हजरत सैय्यद शाह उमर अहमद जीलानी की जेरे निगरानी में जश्ने चराग़ाँ व कुल शरीफ की फातेहा में शामिल होकर मुल्क की तरक्की और कौम की खुशहाली के लिए दुआ-ए-खैर की गई। महफिल के अंत में अल्लाह से मुल्क में अमन-चैन की विशेष दुआ की गई। इस दौरान मौलाना रिजवान अशरफी, हाफिज मो जमील खान, हाफिज रिजवान, हाफिज दानिश, कारी अजीज निजामी, मौलाना जाहिद रजा, मौलाना मुहम्मद उमर, मौलाना मो इमरान ने वलयों के एहतराम पर विस्तार से अपनी बात रखी। इस अवसर पर सुल्तान, फरहान, आरिफ खान, एहसान, उस्मान, रशीद, मुन्ना,इम्तियाज, अब्दुल्लाह, मुमताज मास्टर, अलीम अहमद, शाहरुख, इमरान, रहमान, संजय, अनिल, आशिक, शोएब, सिकंदर, मेहताब, आदिल, जफर, वाहिद सहित अनेक अकीदतमंद मौजूद रहे । संचालन कारी जमील ने किया।

एआई के दौर में पत्रकारिता के लिए नैतिक मूल्य और मानवीय संवेदनाएं अधिक जरूरी : प्रो. एम.एम. सिंह

ब्यूरो एच सिद्दीकी



झाँसी। बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के भास्कर जनसंचार एवं पत्रकारिता संस्थान में सोमवार को राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर ह्यडिजिटल युग में लोकतंत्र और प्रेस : भूमिका, चुनौतियां और उत्तरदायित्वह्न विषय पर संगोष्ठी आयोजित की गई। मुख्य अतिथि इंजीनियरिंग संकाय के अधिष्ठाता एवं यूजीसी नोडल ऑफिसर प्रो. एम.एम. सिंह ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और आधुनिक तकनीक ने पत्रकारिता को पहले की अपेक्षा अधिक सरल और सुविधाजनक बना दिया है, लेकिन इसके साथ नैतिक मूल्यों और मानवीय संवेदनाओं की आवश्यकता भी पहले से कहीं अधिक बढ़ गई है। समाचारों और सूचनाओं के प्रसारण से पहले उनकी विश्वसनीयता, मानवीय प्रभाव और प्रेस कानूनों का ध्यान रखना आवश्यक है। प्रो. सिंह ने कहा कि एआई और नई तकनीकों का उपयोग पत्रकारिता की गुणवत्ता और कार्यक्षमता बढ़ाने के लिए किया जाना चाहिए। तकनीक के बढ़ते प्रभाव के बीच पत्रकारों की नैतिक जिम्मेदारी और संवेदनशीलता का महत्व कम नहीं होना चाहिए। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ मंचासीन अतिथियों को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनके स्वागत के साथ हुआ। संगोष्ठी का संचालन करते हुए डॉ. राघवेन्द्र दीक्षित ने पत्रकारिता के सामाजिक सरोकारों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता का मूल धर्म बेजुबानों को आवाज देना और समाज के वंचित वर्गों की समस्याओं को सामने लाना है। लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में प्रेस की पहचान इसी जनपक्षधर भूमिका के कारण है। बदलते तकनीकी परिवेश में भी पत्रकारिता की विश्वसनीयता और जनसरोकार सर्वोपरि रहने चाहिए। संस्थान के शिक्षक उमेश शुक्ला ने राष्ट्रीय प्रेस दिवस के महत्व पर चर्चा करते हुए स्वतंत्रता के बाद भारतीय पत्रकारिता में आए बदलावों और प्रेस की स्वतंत्रता एवं उत्तरदायित्व सुनिश्चित करने में भारतीय प्रेस परिषद की भूमिका को समझाया। डॉ. अभिषेक कुमार ने स्वतंत्रता आंदोलन में प्रेस के योगदान और मुद्रण तकनीक के विकास के ऐतिहासिक पहलुओं पर प्रकाश डाला। डॉ. नितिन भगौरिया ने पत्रकार हूं मैं कविता का पाठ कर पत्रकारों के संघर्ष, चुनौतियों और सामाजिक उत्तरदायित्वों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। वहीं, विद्यार्थी धर्मेंद्र ने पत्रकारिता के व्यावसायिक दबावों का उल्लेख करते हुए मीडिया मालिकों, प्रशासन, शासन और पारिवारिक जिम्मेदारियों के बीच संतुलन बनाने की चुनौतियों को सामने रखा। कार्यक्रम के अंत में डॉ. राघवेन्द्र दीक्ष

श्रीमद् भागवत कथा में कृष्ण जन्म पर झूम उठे श्रद्धालु

सुनहरा संसार ब्यूरो बांदा



बांदा शहर के रामलीला मैदान में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में देर शाम को भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कथा के दौरान जैसे भगवान का जन्म हुआ तो पूरा पंडाल नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की के जयकारों से गूंज उठा। इस दौरान लोग झूमने-नाचने लगे। कथा व्यास परम पूज्य गुरुदेव धर्मगुरु आचार्य पंडित रमाकांत कौशिक जी महाराज ने कहा कि कलयुग में भागवत की कथा सुनने मात्र से हर प्राणी को मोक्ष की प्राप्ति होती है। कथावाचक ने कहा कि भागवत कथा एक ऐसी कथा है जिसे ग्रहण करने मात्र से ही मन को शांति मिलती है। भागवत कथा सुनने से अहंकार का नाश होता है। भागवत कथा के आयोजन से श्रद्धालुओं में खुशी का माहौल है। भगवान श्रीकृष्ण की वेश में नन्हें बालक के दर्शन करने के लिए लोग लालायित नजर आ रहे थे। कथा वाचक ने कहा कि जब धरती पर चारों ओर त्राहि-त्राहि मच गई, चारों ओर अत्याचार, अनाचार का साम्राज्य फैल गया तब भगवान श्रीकृष्ण ने देवकी के आठवें गर्भ के रूप में जन्म लेकर कंस का संहार किया। इस अवसर पर उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण की विभिन्न बाल लीलाओं का वर्णन किया। कथा में सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी ने भागवतआचार्य का अभिनंदन किया श्रीमद् भागवत कथा पंडित मृदुल कृष्ण महाराज देवी स्नेहा प्रिया कौशिक देवी श्रद्धा प्रिया शामिल रही आयोजक सोनिया गुप्ता मनभावन गुप्ता किरण रवि प्रकाश गुप्ता सोनू सिलम मोनू शालू शिवानी ज्ञानू सहित ऋषि सूरज दिव्यांश अयांश प्रिया श्रेया राधिका राशि श्रुति रघुवंश आदि लोग उपस्थित रहे।

सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के तहत जागरूकता वाहन एवं बाइक रैली का शुभारम्भ

ब्यूरो एएच सिद्दीकी



झांसी आज दिनांक 16.11.2026 को सड़क सुरक्षा पखवाड़ा (दिनांक 16.11.2026 से 30.11.2026 तक) के अन्तर्गत सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के प्रति आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से जागरूकता वाहन एवं बाइक रैली का शुभारम्भ जिलाधिकारी झाँसी श्री गौरांग राठी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक झाँसी विकास कुमार द्वारा जिलाधिकारी कार्यालय परिसर से हरी झंडी दिखाकर किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक नगर श्रीमती प्रीति सिंह एवं क्षेत्राधिकारी यातायात रामवीर सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। रैली के माध्यम से आमजन को यातायात नियमों के पालन, हेलमेट एवं सीट बेल्ट के अनिवार्य प्रयोग, निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करने तथा नशे की हालत में वाहन न चलाने के प्रति जागरूक किया जाएगा, जिससे सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। झाँसी पुलिस द्वारा आमजन से अपील की जाती है कि यातायात नियमों का पालन करें तथा स्वयं सुरक्षित रहें एवं दूसरों को भी सुरक्षित रखें। सड़क सुरक्षा हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

सड़क सुरक्षा पखवाड़े का शुभारंभ, जिलाधिकारी ने प्रचार वाहन एवं जागरूकता रैली को दिखाई हरी झंडी

सुनहरा संसार ब्यूरो पवन पाठक



एटा। जनपद में सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने तथा सुरक्षित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 16 नवंबर से 30 नवंबर 2026 तक सड़क सुरक्षा पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है। सोमवार को कलेक्ट्रेट परिसर में जिलाधिकारी एम. अरुन्मोली ने प्रचार वाहन एवं सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं अन्य लोगों को यातायात नियमों के पालन की शपथ भी दिलाई गई।शुभारंभ कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए यातायात नियमों का पालन करना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। वाहन चलाते समय हेलमेट एवं सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करें। निर्धारित गति सीमा का पालन करें तथा वाहन चलाते समय मोबाइल फ़ोन का इस्तेमाल न करें। उन्होंने कहा कि थोड़ी सी लापरवाही न केवल स्वयं के जीवन को, बल्कि सड़क पर चलने वाले अन्य लोगों के जीवन को भी खतरे में डाल सकती है।जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि सड़क सुरक्षा पखवाड़े के दौरान परिवहन, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, शिक्षा सहित अन्य संबंधित विभाग आपसी समन्वय स्थापित कर विभिन्न जागरूकता गतिविधियां संचालित करें। अभियान का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को यातायात नियमों एवं सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करना होना चाहिए।पखवाड़े के अंतर्गत प्रचार वाहनों, जागरूकता रैलियों एवं विभिन्न जनजागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से आमजन को सुरक्षित यातायात का संदेश दिया जाएगा। विशेष रूप से युवाओं, विद्यार्थियों एवं वाहन चालकों को यातायात नियमों के पालन, सड़क सुरक्षा उपायों तथा जिम्मेदारीपूर्वक वाहन संचालन के प्रति जागरूक एवं प्रेरित किया जाएगा।कार्यक्रम में उप संभागीय परिवहन अधिकारी शिवम यादव, यातायात निरीक्षक अब्दुल कादिर, यातायात पुलिस के जवान, एनसीसी कैडेट्स सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

जनगणना-2027 के द्वितीय चरण का शुभारंभ, जिलाधिकारी ने स्वयं की स्वगणना

सुनहरा संसार ब्यूरो पवन पाठक



एटा। भारत की जनगणना-2027 के द्वितीय चरण का शुभारंभ सोमवार, 16 नवंबर से स्वगणना प्रक्रिया के साथ हो गया। जनपद मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट परिसर में जिलाधिकारी एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी एम. अरुन्मोली ने जनगणना-2027 के संदेश को प्रदर्शित करती आकर्षक रंगोली के समक्ष स्वगणना के महत्व एवं इसकी प्रक्रिया की जानकारी देकर आमजन को जागरूक किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने स्वयं अपनी स्वगणना पूर्ण की तथा कलेक्ट्रेट परिसर में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को भी स्वगणना के लिए प्रेरित किया।जिलाधिकारी ने कहा कि जनगणना एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य है, जिसमें प्रत्येक नागरिक की सहभागिता आवश्यक है। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अपील की कि वे निर्धारित अवधि 16 नवंबर से 30 नवंबर 2026 के मध्य अपनी स्वगणना अनिवार्य रूप से पूर्ण करें। स्वगणना की प्रक्रिया पूरी होने के बाद प्राप्त होने वाली 11 अंकों की विशिष्ट पहचान संख्या को सुरक्षित रखें, ताकि घर पर प्रगणक के पहुंचने पर उन्हें यह संख्या उपलब्ध कराकर जनगणना की प्रक्रिया पूर्ण कराई जा सके।इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी एवं अपर प्रमुख जनगणना अधिकारी राजेंद्र प्रसाद मिश्र तथा जिला जनगणना अधिकारी सी.पी. पाठक ने भी अधीनस्थ अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि वे स्वगणना की प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण कर अपनी 11 अंकों की विशिष्ट पहचान संख्या सुरक्षित रखें। साथ ही अपने परिवारजनों एवं आसपास के लोगों को भी स्वगणना के प्रति जागरूक कर इसमें सहभागिता के लिए प्रेरित करें।जिलाधिकारी ने बताया कि स्वगणना की अवधि समाप्त होने के बाद एक दिसंबर 2026 से चार जनवरी 2027 तक प्रगणकों द्वारा घर-घर जाकर जनगणना का कार्य किया जाएगा। इस दौरान परिवारों से निर्धारित सभी 40 प्रश्नों के संबंध में सटीक एवं सही जानकारी उपलब्ध कराने की अपील की गई, जिससे जनगणना का कार्य शुद्धता एवं पारदर्शिता के साथ संपन्न हो सके।कलेक्ट्रेट परिसर में बनाई गई आकर्षक रंगोली के माध्यम से भारत की जनगणना-2027 का संदेश प्रभावशाली ढंग से प्रदर्शित किया गया। जिलाधिकारी ने जनगणना के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि "भारत की जनगणना से जनकल्याण होगा।" उन्होंने कहा कि जनगणना से प्राप्त आंकड़े भविष्य की विकास योजनाओं एवं जनकल्याणकारी नीतियों के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन अजय नारायण सिंह, अपर जिलाधिकारी न्यायिक रमेश मौर्य, अपर उप जिलाधिकारी रविंद्र सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।कलेक्ट्रेट परिसर में जनगणना-2027 का संदेश प्रदर्शित करती आकर्षक रंगोली का संयोजन मास्टर ट्रेनर संजय शर्मा एवं रजत पाल सिंह के साथ राज्य पुरस्कार प्राप्त शिक्षक बिम्बिसार बौद्ध, विवेक कुलश्रेष्ठ एवं जितेंद्र वीर सिंह द्वारा किया गया।

भारत विकास परिषद द्वारा अखिल भारतीय भारत जानो प्रतियोगिता आयोजित

ब्यूरो एएच सिद्दीकी



झांसीभारत विकास परिषद भारत विकास परिषद, मुख्य शाखा झांसी के अध्यक्ष अमित सराया की अध्यक्षता एवं मुख्य अतिथि कल्पना सिंह प्रधानाचार्य के आतिथ्य में सरस्वती बालिका विद्या मंदिर दतिया गेट में कनिष्ठ एवं वरिष्ठ वर्ग की शाखा स्तरीय अखिल भारतीय भारत को जानो प्रतियोगिता आयोजित हुई। प्रतियोगिता में कनिष्ठ वर्ग में अग्रसेन विद्या मंदिर इंटर कॉलेज शिवपुरी रोड की टीम ने प्रथम स्थान एवं सरस्वती बालका विद्या मंदिर दतिया गेट की टीम में द्वितीय स्थान प्राप्त किया वरिष्ठ वर्ग में सरस्वती विद्या मंदिर कॉलेज शिवपुरी रोड की टीम ने प्रथम एवं अग्रसेन विद्या मंदिर इंटर कॉलेज ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। अग्रसेन विद्या मंदिर इंटर कॉलेज शिवपुरी रोड से कनिष्ठ वर्ग में कुणाल प्रजापति एवं शैलेश जाटव तथा वरिष्ठ वर्ग में कु0 कौशिकी एवं कु0 रौनक पटेल ने प्रतिभाग किया । शाखा अध्यक्ष अमित सराया द्वारा प्रतियोगिता में सफल बच्चों को जानकारी दी गई कि अखिल भारतीय भारत को जानो प्रतियोगिता दिनांक 17 नवंबर 2026 को प्रांत स्तर पर अलडरिंच पब्लिक स्कूल उरई में संपन्न होगी, प्रान्त स्तरीय सम्पन्न होने वाली अखिल भारतीय भारत को जानो प्रतियोगिता में आपको सम्मिलित होना है। अनिल कुमार तिवारी आईपीपी, वीरेंद्र गुप्ता, गतिविधि सेवा संस्कार एवं प्रतियोगिता को संपन्न करने वाले अनूप खन्ना के द्वारा उपरोक्त दोनों विद्यालयों के कनिष्ठ एवं वरिष्ठ वर्ग के बच्चों को पुरस्कृत कर उनका समर्थन किया गया। उपरोक्त प्रतियोगिताएं श्रीमती स्मिता सक्सेना प्रकल्प प्रभारी के संयोजन में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। अंत में सचिव विनय जैन के द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।

भयमुक्त, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन के लिए वल्नरेबिलिटी मैपिंग में पूरी सतर्कता बरते,जोनल/सेक्टर मजिस्ट्रेट :- जिला निर्वाचन अधिकारी

ब्यूरो एएच सिद्दीकी



झांसी जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिलाधिकारी गौरांग राठी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने आज कलेक्ट्रेट नवीन सभागार में विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2027 की तैयारियों के क्रम में जनपद के जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट तथा पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिला निर्वाचन अधिकारी गौरांग राठी ने उपस्थित जनपद की समस्त विधानसभाओं के जोनल मजिस्ट्रेट एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट को संबोधित करते हुए कहा कि भयमुक्त, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन के लिए वल्नरेबिलिटी मैपिंग कि महती भूमिका है,अतः सभी अधिकारी अपने आवंटित क्षेत्रों का भ्रमण कर संवेदनशील एवं वल्नरेबल क्षेत्रों का गहनता से चिन्हीकरण करने के निर्देश दिए। जिला निर्वाचन अधिकारी गौरांग राठी ने कहा कि जनपद के प्रत्येक मतदाता को बिना किसी भय, दबाव अथवा बाधा के अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए सुरक्षित एवं अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। क्षेत्र में भ्रमण के दौरान मतदान प्रक्रिया को प्रभावित करने वाले व्यक्तियों की पहचान कर संबंधित अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए निश्चित प्रारूप में स्पष्ट और तथ्य परक सूचनाएँ समनबद्ध उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। जिला निर्वाचन अधिकारी गौरांग राठी ने प्रत्येक बूथ पर ए0एम0एफ0 की समीक्षा करते हुए समस्त जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी मतदेय स्थलों पर सुनिश्चित न्यूनतम सुविधाओं की सूचना निश्चित प्रारूप पर देना सुनिश्चित करें। यदि सुनिश्चित न्यूनतम सुविधाएं में यदि कोई कमी है तो उन्हें समय से पूरा कर लिया जाए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि प्रत्येक मतदान केंद्र एवं स्थलों पर मतदाताओं एवं मतदान कामिकों को निर्वाचन के समय गर्मी व लू से बचाने के लिए आवश्यक प्रबन्ध सुनिश्चित किए जाने। मतदान केन्द्रों पर जहां तक मतदाताओं की कतार होगी, वहां तक छाया की व्यवस्था तथा निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित किए जाने के प्रबंध पूर्व से कर लिए जाएं। मतदाताओं के लिए मतदेय स्थलों पर छाया हेतु अलग से टेंट की व्यवस्था कराए जाने के निर्देश दिए।

डी आई जी के निर्देशन पर जनपद में चलाया गया विशेष बैंक चेकिंग अभियान

सुनहरा संसार क्राइम ब्यूरो बांदा



पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र बांदा राजेश एस. के आदेश के क्रम में पुलिस अधीक्षक बांदा पलाश बंसल के निर्देशन में सोमवार को अपर पुलिस अधीक्षक बांदा शिवराज के पर्यवेक्षण में जनपद बांदा में सोमवार का विशेष सघन बैंक चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग अभियान का उद्देश्य बैंकों, एटीएम एवं अन्य वित्तीय संस्थानों तथा उनके आसपास होने वाली आपराधिक घटनाओं जैसे लूट, छिनैती, चोरी एवं टप्पेबाजी पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करना तथा आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना। अभियान के तहत समस्त थाना क्षेत्रों में स्थित विभिन्न बैंकों/एटीएम/वित्तीय संस्थानों आदि का निरीक्षण कर सुरक्षा मानकों को चेक किया गया। इस दौरान बैंक प्रबंधकों एवं सुरक्षा कर्मियों को सुरक्षा संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इसी क्रम में जनपद के सभी थाना क्षेत्रों में पुलिस टीमों द्वारा बैंक शाखाओं, एटीएम एवं वित्तीय संस्थानों का सघन निरीक्षण किया गया। चेकिंग के दौरान सुरक्षा मानकों को चेक किया गया, जिसमें सीसीटीवी कैमरे, आपातकालीन अलार्म सिस्टम, अग्निशामक यंत्र, आपातकालीन निकास मार्ग आदि को जांचा गया जिससे की उनके आपातकालीन स्थिति में की जाने वाली त्वरित प्रतिक्रिया सुनिश्चित की जा सके। बैंक/एटीएम प्रबंधन को 24 घंटे सीसीटीवी कैमरे सक्रिय रखने के निर्देश दिए गए। पुलिस टीम द्वारा बैंक अधिकारियों एवं कर्मचारियों से संवाद कर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर उन्हें आश्वस्त किया गया तथा सहयोग बनाए रखने की अपील की गई। साथ ही बैंक सुरक्षा कर्मियों को निर्देशित किया गया कि बैंक आने वाले ग्राहकों के वाहनों को निर्धारित पार्किंग स्थल पर ही खड़ा कराएं, जिससे यातायात व्यवस्था सुचारु बनी रहे तथा वाहन चोरी जैसी घटनाओं को रोका जा सके। चेकिंग अभियान के दौरान बैंकों एवं एटीएम के आसपास संदिग्ध रूप से खड़े अथवा घूम रहे व्यक्तियों एवं वाहनों की गहनता से जांच की गई तथा संदिग्ध पाए जाने वाले व्यक्तियों से पूछताछ कर उनका सत्यापन किया गया एवं उन्हें अनावश्यक कारणों से बैंक परिसर एवं उसके आसपास न रुकने तथा किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि से दूर रहने की कड़ी चेतावनी दी गई।

टीकाकरण अभियान की सफलता में कोल्ड चेन प्रबंधन की अहम भूमिका, स्वास्थ्य कर्मियों को दिया प्रशिक्षण

सुनहरा संसार ब्यूरो पवन पाठक



एटा। राष्ट्रीय टीकाकरण अभियान को सफल बनाने, शून्य खुराक (जीरो डोज) से वंचित बच्चों तक टीकाकरण की पहुंच सुनिश्चित करने तथा वैक्सीन प्रबंधन को सुदृढ़ बनाने के लिए निर्धारित मानकों के अनुरूप टीकों का सुरक्षित रख-रखाव अत्यंत आवश्यक है। इस पूरी व्यवस्था में कोल्ड चेन हैंडलर्स की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। यह विचार मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने गत दिवस सीएमओ सभागार में आयोजित एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला को संबोधित करते हुए व्यक्त किए।उन्होंने कहा कि टीकों की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए निर्धारित तापमान एवं भंडारण संबंधी मानकों का कड़ाई से पालन किया जाना चाहिए। वैक्सीन की गुणवत्ता प्रभावित न हो, इसके लिए कोल्ड चेन व्यवस्था को प्रभावी बनाए रखना आवश्यक है।कार्यशाला में एसीएमओ टीकाकरण डॉ. राम सिंह ने बताया कि वैक्सीन के निर्धारित मानकों को बनाए रखने के लिए डिजिटल प्रणाली विकसित की गई है, जिसे जनपद में पहले से ही लागू किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि वैक्सीन वितरण से पूर्व आइस पैक की कंडीशनिंग पर विशेष ध्यान देना जरूरी है। डिजिटल प्रणाली के माध्यम से वैक्सीन के रख-रखाव एवं उपलब्धता की निगरानी जनपद से लेकर राज्य स्तर तक ऑनलाइन की जा रही है।डिप्टी डीआईओ डॉ. सौरभ राजपूत ने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान दिए गए निदेशों के अनुसार सभी कोल्ड चेन हैंडलर्स अपनी जिम्मेदारियों का बेहतर ढंग से निर्वहन करेंगे तथा डिजिटल प्रणाली के नए अद्यतनों को समझकर कार्यप्रणाली में शामिल करेंगे। उन्होंने प्रशिक्षण को टीकाकरण व्यवस्था की गुणवत्ता और पारदर्शिता के लिए महत्वपूर्ण बताया।इस अवसर पर क्षेत्रीय परियोजना अधिकारी अवधेश सिंह एवं संतोष मिश्रा ने प्रशिक्षण सत्र में प्रतिभागियों को प्रशिक्षित करते हुए ऑनलाइन निगरानी प्रणाली की उपयोगिता समझाई। उन्होंने बताया कि टीकाकरण व्यवस्था में डिजिटल प्रणाली लागू होने से वैक्सीन की उपलब्धता एवं गुणवत्ता की निगरानी कहीं से भी की जा सकती है। उन्होंने विशेष जोर देते हुए कहा कि प्रत्येक लाभार्थी तक निर्धारित समय पर गुणवत्तापूर्ण वैक्सीन पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए।प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन स्वास्थ्य विभाग के टीकाकरण अनुभाग द्वारा किया गया। इसमें जनपद के सभी कोल्ड चेन हैंडलर्स के साथ प्रतिरक्षण कार्यक्रम से जुड़े अधिकारियों एवं तकनीकी कर्मियों ने प्रतिभाग किया।कार्यशाला में मंडलीय स्वास्थ्य समन्वयक हैदर नकवी, डॉ. पवन शर्मा, अमित यादव (अलीगढ़), आलोक वर्मा (डीसी), खुशनुमा, वेद प्रकाश, एस.एम. खान (एसएमओ), आशीष कुमार, पूनम यादव (आरआरटी), विजय कुमार, कमल सिंह (लॉजिस्टिक मैनेजर), हर्षिल पचौरी, रंजना कुमारी, श्रीकृष्ण, दिनेश कुमार गौतम, विनीत शर्मा, मयंक शर्मा एवं रेखा यादव सहित अनेक अधिकारी और तकनीकी कर्मचारी उपस्थित रहे।

शहर के कालु कुआं में इलेक्ट्रिक की दुकान में लगी भीषण आग

सुनहरा संसार ब्यूरो बांदा



बांदा शहर के कालु कुआं क्षेत्र में एक इलेक्ट्रिक की दुकान में शॉर्ट सर्किट से भीषण आग लग गई। आग इतनी भयंकर थी कि देखते ही देखते दुकान में रखा इलेक्ट्रॉनिक का सामान जलकर राख हो गया। सूचना मिलते ही दमकल की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और करीब 20 मिनट की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। मामले की जानकारी होते ही क्षेत्राधिकारी सदर प्रतिज्ञा सिंह मौके पर पहुंची और मौका मुआयना किया। क्षेत्राधिकारी ने बताया कि एक इलेक्ट्रॉनिक की दुकान पर आग लगी थी जिसके अंतर्गत आग पर काबू पाने का प्रयास किया गया गनीमत रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई।

यात्री के खोए हुए बैग को सकुशल बरामद कर उसके स्वामी को किया सुपुर्द

सुनहरा संसार क्राइम ब्यूरो बांदा



पुलिस अधीक्षक बांदा पलाश बंसल के निर्देशन में थाना बदौसा पुलिस की तत्परता से यात्री के खोए हुए बैग को सकुशल बरामद कर उसके स्वामी को सुपुर्द किया गया। पुलिस के अनुसार दिनांक 15 नवंबर 2026 को सोशल मीडिया के माध्यम से जानकारी प्राप्त हुई कि कामता सिंह निवासी भरखरी थाना कोतवाली नगर जनपद बांदा जो कानपुर से मानिकपुर जा रही बस से बदौसा जनपद बांदा की यात्रा कर रहे थे, इसी दौरान उनका बैग बस में छूट गया था। जिसमें श्वास संबंधी दवाइयां, कपड़े एवं कुछ महत्वपूर्ण दस्तावेज रखे हुए थे। उक्त सूचना का तत्काल संज्ञान लेते हुए थाना बदौसा पुलिस द्वारा आवेदक से वार्ता कर बस के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई तथा बस के कंडक्टर से संपर्क स्थापित किया गया। पुलिस द्वारा आवेदक एवं बस कंडक्टर के मध्य वार्ता भी कराई गई, जिसके परिणामस्वरूप आवेदक का खोया हुआ बैग प्राप्त हो गया। थाना बदौसा पुलिस द्वारा आवश्यक समन्वय स्थापित कर सोमवार 16 नवंबर 2026 को बैग उसके स्वामी को सकुशल सुपुर्द कर दिया गया। बैग प्राप्त होने पर व्यक्ति द्वारा बांदा पुलिस की तत्परता एवं सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया गया।

मतदाता बढ़ाओ संपर्क अभियान को गति देने में जुटी भाजपा, किसान मोर्चा के पदाधिकारियों के साथ जिलाध्यक्ष सुधीर सिंह ने की महत्वपूर्ण बैठक

ब्यूरो एएच सिद्दीकी



झांसी। भारतीय जनता पार्टी के झांसी महानगर जिलाध्यक्ष श्री सुधीर सिंह ने मतदाता बढ़ाओ संपर्क अभियान के अंतर्गत भाजपा किसान मोर्चा के नवनियुक्त जिला पदाधिकारियों एवं मंडल अध्यक्षों के साथ महत्वपूर्ण बैठक कर संगठनात्मक गतिविधियों को गति देने और किसानों के बीच पार्टी की पहुंच को और अधिक मजबूत बनाने पर विस्तार से चर्चा की। बैठक में किसान मोर्चा के सभी पदाधिकारियों को संगठन की नीतियों, सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं तथा आगामी विधानसभा चुनाव 2027 की तैयारियों को लेकर सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया गया। बैठक के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष सुधीर सिंह ने किसान मोर्चा के नवनियुक्त जिला पदाधिकारियों एवं मंडल अध्यक्षों का माला पहनाकर स्वागत एवं अभिनंदन किया। उन्होंने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को नई जिम्मेदारी मिलने पर शुभकामनाएं देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि सभी पदाधिकारी पूरी निष्ठा, समर्पण और संगठनात्मक अनुशासन के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे तथा पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष श्री सुधीर सिंह ने कहा कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार और उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए निरंतर जनकल्याणकारी योजनाओं एवं कार्यक्रमों के माध्यम से उनके जीवन को बेहतर बनाने की दिशा में कार्य कर रही हैं। इन योजनाओं का लाभ पात्र किसानों तक पहुंचे, इसके लिए किसान मोर्चा के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को गांव-गांव, घर-घर जाकर किसानों से संवाद स्थापित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि किसान मोर्चा की जिम्मेदारी केवल संगठनात्मक गतिविधियों तक सीमित नहीं है, बल्कि किसानों की समस्याओं को समझना, उनकी अपेक्षाओं को जानना और सरकार की योजनाओं के प्रति उन्हें जागरूक करना भी महत्वपूर्ण दायित्व है। प्रत्येक पदाधिकारी किसानों के बीच निरंतर संपर्क बनाए रखे और सरकार की उपलब्धियों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी जन-जन तक पहुंचाने के लिए सक्रियता से कार्य करे। बैठक में मतदाता बढ़ाओ संपर्क अभियान को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने पर विशेष चर्चा की गई। श्री सुधीर सिंह ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए प्रत्येक पात्र नागरिक का मतदाता सूची में नाम दर्ज होना आवश्यक है। इस दिशा में संगठन के कार्यकर्ता आमजन के बीच पहुंचकर पात्र नागरिकों को जागरूक करें और मतदाता सूची में नाम जुड़वाने की प्रक्रिया के प्रति जानकारी दें। उन्होंने पदाधिकारियों से आह्वान किया कि अभियान को केवल औपचारिकता तक सीमित न रखते हुए इसे जनसंपर्क का महत्वपूर्ण माध्यम बनाया जाए। मंडल से लेकर बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं के बीच समन्वय स्थापित कर अभियान को गति दी जाए, जिससे संगठन की जमीनी पकड़ और अधिक मजबूत हो सके। सुधीर सिंह ने कहा कि किसान मोर्चा भारतीय जनता पार्टी का एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक अंग है। किसानों के बीच मजबूत संवाद, कार्यकर्ताओं की सक्रियता और जनसेवा की भावना संगठन को नई ऊर्जा प्रदान करती है। उन्होंने सभी नवनियुक्त जिला पदाधिकारियों एवं मंडल अध्यक्षों से आपसी समन्वय के साथ कार्य करने, किसानों के बीच नियमित संपर्क बनाए रखने तथा अधिक से अधिक लोगों को संगठन से जोड़ने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती तभी संभव है, जब प्रत्येक पदाधिकारी अपनी जिम्मेदारी को समझते हुए पूरी ईमानदारी और प्रतिबद्धता के साथ कार्य करे। सभी पदाधिकारी केंद्र एवं प्रदेश सरकार की किसान हितैषी नीतियों और उपलब्धियों को किसानों तक पहुंचाने के साथ-साथ उनकी समस्याओं के समाधान के लिए भी प्रयासरत रहें। बैठक में आगामी उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2027 को लेकर भी विस्तार से चर्चा हुई। जिलाध्यक्ष श्री सुधीर सिंह ने किसान मोर्चा के सभी पदाधिकारियों से एकजुट होकर संगठन को मजबूत बनाने और जनसंपर्क अभियान को व्यापक रूप देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं की मेहनत, संगठन के प्रति समर्पण और जनता के बीच निरंतर संपर्क किसी भी राजनीतिक संगठन की सबसे बड़ी ताकत होते हैं। बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों ने किसानों के बीच संगठन को और अधिक सशक्त बनाने, सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने तथा मतदाता बढ़ाओ संपर्क अभियान को प्रभावी बनाने के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया। साथ ही, सभी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में वर्ष 2027 में पुनः भाजपा सरकार बनाने के लक्ष्य को लेकर संगठनात्मक गतिविधियों को पूरी सक्रियता से आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना से आत्मनिर्भर बनीं पूजा, सालाना कमा रहीं 3.50 लाख रुपये

सुनहरा संसार ब्यूरो पवन पाठक



एटा। केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार और आर्थिक आत्मनिर्भरता को नई दिशा दे रही हैं। इसी क्रम में प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना ग्रामीण महिलाओं के लिए आजीविका का सशक्त माध्यम बनकर उभर रही है। योजना का लाभ उठाकर विकासखंड शीतलपुर के ग्राम न्योराई निवासी पूजा पत्नी ज्योतेंद्र सिंह ने मत्स्य पालन के क्षेत्र में सफलता की मिसाल प्रस्तुत की है।पूजा ने प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के अंतर्गत एक एकड़ क्षेत्रफल में तालाब का निर्माण कराकर मत्स्य पालन का व्यवसाय प्रारंभ किया। इस परियोजना की कुल लागत 4.40 लाख रुपये रही, जिसमें लाभार्थी अंश के रूप में 1.76 लाख रुपये तथा शासन की ओर से 2.64 लाख रुपये का अनुदान प्रदान किया गया। सरकारी सहायता से उन्हें स्वरोजगार स्थापित करने और आर्थिक आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ने का अवसर मिला।पूजा के एक एकड़ क्षेत्रफल में बने तालाब से प्रतिवर्ष लगभग 55 कुंतल मछली का उत्पादन हो रहा है। इससे उन्हें सालाना करीब 5.75 लाख रुपये की सकल आय प्राप्त होती है। मत्स्य बीज, आहार, रखरखाव एवं अन्य गतिविधियों पर लगभग 2.25 लाख रुपये वार्षिक खर्च होने के बाद उन्हें करीब 3.50 लाख रुपये की शुद्ध वार्षिक आय प्राप्त हो रही है।योजना के माध्यम से नियमित आय का स्रोत विकसित होने से पूजा के परिवार की आर्थिक स्थिति में उल्लेखनीय सुधार आया है। अब वह परिवार की आर्थिक जिम्मेदारियों में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। घरेलू आवश्यकताओं की पूर्ति, बच्चों की शिक्षा और भविष्य की योजनाओं को पूरा करने में भी उनकी भागीदारी बढ़

स्कायोम पीजीटीसी-2026 में आरएवी स्पार्टन्स का दबदबा, 527.8 स्कोर के साथ जीता चैंपियनशिप का खिताब

हिंदी दनिक सुनहरा संसार अमर नाथ सिंह
जिला ब्यूरो लखनऊ



लखनऊ । राजधानी लखनऊ के द पाल्म्स गोल्फ एंड कंट्री क्लब में आयोजित स्कायोम पाल्म्स गोल्फ टीम चैंपियनशिप (पीजीटीसी)-2026 का दूसरा संस्करण रोमांचक मुकाबलों और शानदार खेल प्रदर्शन के साथ संपन्न हो गया। दो दिनों तक चले इस प्रतिष्ठित गोल्फ टूर्नामेंट में आरएवी स्पार्टन्स ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम कर लिया। टीम ने कुल 527.8 का स्कोर हासिल कर पहली पायदान पर कब्जा जमाया। वहीं प्रथम वारियर्स 533.5 स्कोर के साथ उपविजेता बनी, जबकि ग्रीन ग्लैडिएटर्स ने 538.2 स्कोर के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता में कुल 10 टीमों के 80 खिलाड़ियों ने हिस्सा लेकर अपनी प्रतिभा, तकनीक और टीम भावना का शानदार परिचय दिया। 14 और 15 नवंबर को आयोजित इस प्रतियोगिता का टाइटल पार्टनर स्कायोम रहा, जबकि आयोजन की पूरी जिम्मेदारी अमन टंडन स्पोर्ट्स मैनेजमेंट (एटीएसएम) ने संभाली। चैंपियनशिप में खिलाड़ियों को दो अलग-अलग प्रारूपों में अपनी खेल क्षमता साबित करने का अवसर मिला। प्रतियोगिता का उद्देश्य केवल व्यक्तिगत प्रदर्शन तक सीमित नहीं रहा, बल्कि टीम के रूप में तालमेल, रणनीति और सामूहिक कौशल की भी परीक्षा हुई। पहले दिन मुकाबले डबल पियोरिया स्ट्रोकप्ले प्रारूप में खेले गए। इस प्रारूप में प्रत्येक टीम का स्कोर ओपन कैटेगरी के पांच सर्वश्रेष्ठ स्कोर तथा लेडीज, वेटरन्स और जूनियर्स श्रेणियों के एक-एक सर्वश्रेष्ठ स्कोर को जोड़कर निर्धारित किया गया। दूसरे दिन खिलाड़ियों ने फोर-बॉल स्क्रैम्बल प्रारूप में मुकाबले खेले। दोनों दिनों के प्रदर्शन के संयुक्त आधार पर टीमों की अंतिम रैंकिंग तैयार की गई। पूरी प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। आरएवी स्पार्टन्स ने दोनों दिनों में निरंतर बेहतर प्रदर्शन करते हुए अपनी बढ़त बनाए रखी और अंततः खिताब पर कब्जा जमाया। टीमों के बीच अंकों का अंतर भी मुकाबले की प्रतिस्पर्धात्मकता को दर्शाता रहा। अंतिम परिणामों में फेयरवे टाइगर्स 541.4 स्कोर के साथ चौथे, एसएस स्ट्राइकर्स 548.0 के साथ पांचवें, केएमसी महाराजा 548.6 के साथ छठे, बर्डी ट्रोजन्स 558.3 के साथ सातवें, ब्लू टिक 569.5 के साथ आठवें, नीलेन्द्रा वारियर्स 573.5 के साथ नौवें और गोल्फर्स लेगेसी 578.6 स्कोर के साथ दसवें स्थान पर रही। टीम स्पर्धा के साथ व्यक्तिगत प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता के पहले दिन ओपन कैटेगरी में जोहेब सिद्दीकी ने 73 के स्कोर के साथ बेस्ट ग्रॉस का पुरस्कार हासिल किया। वहीं वेटरन्स श्रेणी में वीके श्रीवास्तव ने 35 के स्कोर के साथ अपनी श्रेष्ठता साबित की। दूसरे दिन ओपन कैटेगरी में शिखर श्रीवास्तव और हार्दिक सिंह की जोड़ी ने 64 के स्कोर के साथ बेस्ट ग्रॉस का पुरस्कार जीता। वेटरन्स श्रेणी में वीके श्रीवास्तव और अनूप कुमार की जोड़ी ने 31 के स्कोर के साथ शानदार प्रदर्शन करते हुए पुरस्कार अपने नाम किया। विशेष पुरस्कारों में भी खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। पहले दिन कर्नल मनोज सचान को स्ट्रेटेस्ट ड्राइव के लिए सम्मानित किया गया, जबकि दूसरे दिन यह उपलब्धि शिवा सागर सिंह ने हासिल की। इसी तरह क्लोजेस्ट टू द पिन का पुरस्कार पहले दिन अरविंद कुमार और दूसरे दिन अचल भसीन को प्रदान किया गया। पुरस्कारों के माध्यम से खिलाड़ियों के अलग-अलग कौशल और तकनीकी दक्षता को प्रोत्साहित किया गया। चैंपियनशिप के समापन पर आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में कई गणमान्य अतिथियों की मौजूदगी रही। उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम के पूर्व प्रबंध निदेशक राकेश सिंह, स्कायोम के प्रबंध निदेशक आकाश सिंह और एम3एम के प्रदीप राय मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। वहीं उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम के प्रबंध निदेशक राम नाथ सिंह ने विशेष अतिथि के रूप में समारोह में शिरकत की।

सेवा, समर्पण और जनकल्याण के संकल्प के साथ मनाया गया सांसद अनुराग शर्मा का जन्मदिन, झांसी-ललितपुर में दिनभर चले सेवा कार्य

ब्यूरो एच सिद्दीकी

झांसी/ललितपुर। झांसी-ललितपुर के लोकप्रिय सांसद अनुराग शर्मा के जन्मदिन के अवसर पर उनके समर्थकों, शुभचिंतकों एवं पार्टी कार्यकताओं द्वारा पूरे संसदीय क्षेत्र में सेवा, समर्पण और सामाजिक सरोकारों से जुड़े विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जन्मदिन को केवल उत्सव के रूप में मनाने के स्थान पर समाज के जरूरतमंद, असहाय, निराश्रित एवं वंचित वर्गों के बीच पहुंचकर सेवा कार्यों के माध्यम से मनाया गया। झांसी से लेकर ललितपुर तक बालगृह, अनाथालय, वृद्धाश्रम, शबरी आश्रम, वनवासी कल्याण आश्रम, विद्यालयों एवं विभिन्न धार्मिक स्थलों पर दिनभर सेवा और धार्मिक आयोजन निरंतर चलते रहे। इस अवसर पर सांसद अनुराग शर्मा के समर्थकों द्वारा उनकी दीर्घायु, उत्तम स्वास्थ्य एवं निरंतर जनसेवा के लिए विभिन्न मंदिरों में हवन-पूजन, सुंदरकांड पाठ एवं धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया। इसी क्रम में ललितपुर जनपद के तालबेहट स्थित शबरी मंदिर में सुंदरकांड पाठ, हवन एवं पूजन का आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय जनप्रतिनिधियों, समर्थकों एवं श्रद्धालुओं ने सम्मिलित होकर सांसद अनुराग शर्मा के दीर्घायु एवं क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। वहीं वनवासी कल्याण आश्रम तालबेहट में आदिवासी बच्चों ने बड़े उत्साह और आत्मीयता के साथ केक काटकर सांसद अनुराग शर्मा का जन्मदिन मनाया तथा उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित कीं। ललितपुर नगर स्थित अन्नपूर्णा भोजनालय में उनके समर्थकों द्वारा असहाय एवं जरूरतमंद लोगों को निःशुल्क भोजन कराया गया। इसके अतिरिक्त राजकीय बालगृह ललितपुर में बच्चों के बीच पुस्तकें एवं पठन-पाठन सामग्री वितरित की गई। विभिन्न विद्यालयों में भी विद्यार्थियों को कॉपियां, पुस्तकें एवं शैक्षणिक सामग्री प्रदान की गई। ललितपुर के वृद्धाश्रम में पहुंचकर समर्थकों ने वृद्धजनों के साथ समय बिताया तथा उन्हें फल एवं मिष्ठान वितरित कर आत्मीयता के साथ सांसद का जन्मदिन मनाया। इसी प्रकार झांसी में भी विभिन्न स्थानों पर वस्त्र वितरण, विद्यालयों में कॉपी एवं पठन-पाठन सामग्री का वितरण तथा जरूरतमंदों के बीच सेवा कार्य किए गए। झांसी स्थित वृद्धाश्रम में भजन मंडली के माध्यम से भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया।

बुंदेलखंड के सवालों पर 18 नवंबर को झाँसी में गूँजेगी लोक हुंकार

ब्यूरो एच सिद्दीकी

झांसी: विभिन्न जन संगठनों एवं नागरिक समूहों की आवाज का साझा मंच ह्यलोक हुंकार के तत्वावधान में 18 नवंबर 2026 को सुबह 11 बजे से अपरा 3 बजे तक IMA भवन, झाँसी (BKD के बगल में) जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। लखनऊ और देवरिया में आयोजित सफल आयोजन के बाद अब ह्यलोक हुंकार बुंदेलखंड के स्थानीय और क्षेत्रीय सवालों को केंद्र में रखकर झाँसी में संवाद करने जा रहा है। कार्यक्रम में विपक्ष के प्रतिनिधियों, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकताओं एवं आम नागरिकों के बीच क्षेत्र की जनसमस्याओं पर खुली बातचीत होगी। इस दौरान जल संकट, किसानों की समस्याओं, बेरोजगारी और पलायन के साथ शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सुरक्षा एवं आजीविका जैसे मुद्दों पर चर्चा होगी। जनसमस्याओं की पहचान, उनके समाधान, जन आंदोलनों की भूमिका तथा जनता की लोकतांत्रिक-राजनीतिक भागीदारी को मजबूत करने के तरीकों पर भी विचार-विमर्श किया जाएगा। आयोजकों ने आम नागरिकों, जन संगठनों, किसानों, युवाओं, महिलाओं, सामाजिक कार्यकताओं एवं लोकतांत्रिक मूल्यों में विश्वास रखने वाले सभी लोगों से कार्यक्रम में शामिल होकर जनहित के सवालों पर अपनी आवाज बुलंद करने और संवाद को सार्थक बनाने की अपील की है ।यह जानकारी कार्यक्रम के संयोजक: प्रो. देवेश दुबे ,अशोक भारती एवं गौरव प्रदीप जैन ने दी है।

चरका खदान के ओवरलोड वाहनों से ग्रामीण रास्ते बदहाल, किसानों की फसलें बर्बाद

सुनहरा संसार ब्यूरो बांदा



बांदा जनपद के कमासिन क्षेत्र की चरका बालू खदान से यमुना नदी की मोरंग का पोकलेन मशीनों के जरिए खनन कर ओवरलोड वाहनों से धड़ल्ले से परिवहन किए जाने का मामला सामने आया है। ग्रामीणों का आरोप है कि भारी वाहन करीब एक दर्जन गांवों के संपर्क मार्गों से होकर गुजर रहे हैं, जिससे सड़कें जर्जर हो रही हैं और किसानों की खेतों में खड़ी फसलें भी बर्बाद हो रही हैं। खदान से जुड़े वाहनों की मनमानी से ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। समस्या की जानकारी मिलने पर गंगा समग्र कानपुर प्रांत के कमासिन ब्लॉक संयोजक शत्रुघ्न सिंह मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। ग्रामीणों ने बताया कि लगातार ओवरलोड वाहनों के आवागमन से गांवों के संपर्क मार्ग क्षतिग्रस्त हो रहे हैं। भारी वाहनों के दबाव और रास्तों की बदहाल स्थिति के चलते खेती-किसानी को भी नुकसान पहुंच रहा है। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि किशनपुर, फतेहपुर के दादौ घाट स्थित यमुना नदी के पुल का अभी विधिवत उद्घाटन तक नहीं हुआ है, इसके बावजूद वहां से भारी लोड वाले वाहनों का आवागमन कराया जा रहा है। इससे पुल की मजबूती और सुरक्षा को लेकर भी गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। चारका प्रधान पप्पू सिंह, रंजीत, धुन्नू महाराज, गोलू सिंह सहित अन्य ग्रामीणों ने शिवडेरा प्राथमिक विद्यालय भाग-3 के सामने से गुजरने वाले भारी वाहनों पर गहरी चिंता जताई। उनका कहना है कि विद्यालय सड़क से महज पांच मीटर की दूरी पर स्थित है। ओवरलोड वाहनों के गुजरने से उड़ने वाली धूल सीधे विद्यालय परिसर में पहुंच रही है, जिससे बच्चों की पढ़ाई बाधित होने के साथ उनके स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका है ।बजरंगी डेरा और कछार डेरा के ग्रामीण भी इस समस्या से परेशान हैं। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी बांदा एवं राजस्व विभाग से पूरे मामले की जांच कराने खनन और परिवहन सम्बंधी नियमों का पालन सुनिश्चित कराने तथा ओवरलोड वाहनों पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है ।साथ ही क्षतिग्रस्त ग्रामीण सड़कों की मरम्मत कराने और किसानों की बर्बाद हुई फसलों का नुकसान आकलन कर उचित कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि समय रहते प्रशासन ने प्रभावी कदम नहीं उठाए तो समस्या और गंभीर हो सकती है।

ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते के तहत RPF झाँसी की तत्परता से 03 नाबालिग बच्चियों को सुरक्षित रेस्क्यू कर रेलवे चाइल्ड लाइन को सौंपा गया

ब्यूरो एच सिद्दीकी



झाँसी। रेलवे सुरक्षा बल (RPF) झाँसी द्वारा बच्चों की सुरक्षा एवं संरक्षण के लिए चलाए जा रहे ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते एवं स्पेशल ड्राइव ऑफ चिल्ड्रेन के तहत सराहनीय कार्रवाई करते हुए रेलवे स्टेशन वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी से 03 नाबालिग बच्चियों को सुरक्षित रेस्क्यू किया गया। दिनांक 15 नवंबर 2026 को स्टेशन परिसर में नियमित गश्त के दौरान RPF को सूचना प्राप्त हुई कि प्लेटफार्म संख्या 04 एवं 05 के भोपाल छोर पर तीन नाबालिग बच्चियां अकेली एवं इधर-उधर घूम रही हैं। सूचना पर RPF टीम तत्काल मौके पर पहुंची, जहां तीनों बच्चियां डरी-सहमी अवस्था में बैठी हुई मिलीं। RPF महिला स्टाफ द्वारा बच्चियों से अत्यंत संवेदनशीलता एवं सहानुभूतिपूर्वक पूछताछ की गई। पूछताछ में बच्चियों की उम्र क्रमशः 06 वर्ष, 07 वर्ष एवं 10 वर्ष ज्ञात हुई। बच्चियों ने बताया कि वे एक साथ घूमने के उद्देश्य से घर से निकलकर रेलवे स्टेशन पहुंच गई थीं। RPF टीम द्वारा तत्काल तीनों बच्चियों को सुरक्षित संरक्षण में लेकर पोस्ट पर लाया गया तथा उनकी देखभाल की समुचित व्यवस्था की गई। इसके उपरांत रेलवे चाइल्ड लाइन झाँसी को सूचना दी गई। सूचना पर रेलवे चाइल्ड लाइन के प्रतिनिधि पोस्ट पर पहुंचे। आवश्यक औपचारिकताएं पूर्ण करने के उपरांत दिनांक 15.11.2026 को समय लगभग 13:05 बजे तीनों नाबालिग बच्चियों को सुरक्षित रूप से रेलवे चाइल्ड लाइन झाँसी के सदस्यों को अग्रिम देखभाल एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु सुपुर्द कर दिया गया। रेलवे सुरक्षा बल झाँसी द्वारा बच्चों की सुरक्षा एवं संरक्षण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए ऑपरेशन ह्यनन्हे फरिश्तेह्व एवं विशेष बाल सुरक्षा अभियान निरंतर चलाया जा रहा है। RPF आमजन से अपील करता है कि रेलवे स्टेशन अथवा ट्रेन में कोई भी बच्चा अकेला, असहाय या संदिग्ध परिस्थिति में दिखाई दे तो तत्काल RPF या रेलवे चाइल्ड हेल्पलाइन को सूचना दें। रेलवे सुरक्षा बल, झाँसी झ यात्रियों की सुरक्षा के साथ बच्चों के सुरक्षित भविष्य के लिए प्रतिबद्ध।

घने कोहरे का कहर: सड़क किनारे गड्ढे में घुसकर पलटी एम्बुलेंस, बाल-बाल बचे लोग

सोयब खान
ब्लॉक रिपोर्टर
सुनहरा संसार
लखीमपुर खीरी



लखीमपुर खीरी बिजुआ क्षेत्र में घने कोहरे के चलते सड़क हादसों का खतरा बढ़ता जा रहा है। पड़रिया इलाके के मलुकापुर मोड़ पर देर रात घने कोहरे के कारण एक एम्बुलेंस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गहरे गड्ढे में जा घुसी और पलट गई। गनीमत रही कि हादसे में कोई बड़ा हताहत नहीं हुआ और एम्बुलेंस में सवार लोग बाल-बाल बच गए। स्थानीय लोगों के मुताबिक, मलुकापुर मोड़ पर आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। इसके बावजूद अब तक संबंधित विभाग की ओर से इस खतरनाक मोड़ पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम नहीं किए गए हैं। ग्रामीणों का सवाल है कि आखिर जिम्मेदार विभाग किसी बड़े हादसे का इंतजार क्यों कर रहा है? लोगों ने संबंधित अधिकारियों से मोड़ पर चेतावनी बोर्ड, संकेतक और सुरक्षा के उचित इंतजाम कराने की मांग की है, ताकि भविष्य में किसी बड़े हादसे को रोका जा सके।

सुंदरकांड पाठ एवं मंत्रोच्चारण के पश्चात विधायक अमन गिरि के केंद्रीय कार्यालय का हुआ शुभारंभ



मोहम्मद सईद तहसील प्रभारी गोला सुनहरा संसार दैनिक समाचार पत्र

गोला गोकर्णनाथ (छोटी काशी) गोला छोटी काशी के अलीगंज मार्ग स्थित शिवम कॉम्प्लेक्स में सुंदरकांड पाठ एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ गोला विधायक अमन गिरि के केंद्रीय कार्यालय का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर भाजपा के जिला प्रभारी एवं प्रदेश उपाध्यक्ष विजय बहादुर पाठक तथा भाजपा जिलाध्यक्ष अरविंद गुप्ता ने फीता काटकर केंद्रीय कार्यालय का उद्घाटन किया। आगामी *2027 विधानसभा चुनाव* को ध्यान में रखते हुए क्षेत्र में जनसंपर्क को और अधिक मजबूत बनाने तथा क्षेत्रीय जनता की समस्याओं को सुनने एवं उनके समाधान के उद्देश्य से इस केंद्रीय कार्यालय का शुभारंभ किया गया है। अब क्षेत्र के लोग अपनी समस्याएं, शिकायतें एवं सुझाव सीधे विधायक तक पहुंचा सकेंगे। इस मौके पर विधायक अमन गिरि ने कहा कि क्षेत्र की जनता से जुड़े रहना और उनकी समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर सुनना उनकी पहली जिम्मेदारी है। उन्होंने कार्यालय को जनता की समस्याओं के समाधान का एक महत्वपूर्ण माध्यम बताया। कार्यक्रम में भाजपा के कई वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। सुंदरकांड पाठ एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच संपन्न हुए इस शुभारंभ कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने विधायक को शुभकामनाएं दीं।

सट्टेबाजी के काले कारोबार पर एटा पुलिस का बड़ा प्रहार, तीन साइबर ठग गिरफ्तार; 60 बैंक खातों का नेटवर्क उजागर

सुनहरा संसार ब्यूरो पवन पाठक



एटा। जनपद में साइबर अपराध के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना सकीट पुलिस, साइबर थाना एवं साइबर सेल की संयुक्त कार्रवाई में ऑनलाइन गेमिंग और सट्टेबाजी से जुड़े साइबर ठगी के गिरोह का पदार्फाश किया गया है। पुलिस ने गिरोह के तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से विभिन्न बैंकों के 31 एटीएम कार्ड, चार आधार कार्ड, चार पैन कार्ड, 12 सिम कार्ड, पांच मोबाइल फोन और 19,530 रुपये नकद बरामद किए हैं। इसके अतिरिक्त एक होंडा सिटी कार, एक ड्राइविंग लाइसेंस तथा दो अंगूठियां भी बरामद हुई हैं ।पुलिस के अनुसार, 15 नवंबर 2026 को थाना सकीट पुलिस सकीट-औंछा मार्ग पर वाहन जांच कर रही थी। इसी दौरान एक सफेद रंग की होंडा सिटी कार संख्या वढ 16 उछ 2709 को रोककर तलाशी ली गई। कार में सवार तीन व्यक्तियों के कब्जे से बड़ी संख्या में एटीएम कार्ड, आधार कार्ड, पैन कार्ड, सिम कार्ड, मोबाइल फोन और नकदी बरामद हुई। पूछताछ एवं प्रारंभिक जांच में ऑनलाइन गेमिंग और सट्टेबाजी के माध्यम से संचालित साइबर अपराध के नेटवर्क के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारियां सामने आईं ।यह कार्रवाई वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. इलामारन के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक श्वेताभ पाण्डेय एवं अपर पुलिस अधीक्षक अपराध सच्चिदानंद के निकट पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी साइबर नीतीश गर्ग के नेतृत्व में की गई ।पुलिस ने गिरफ्तार आरोपितों की पहचान उत्कर्ष वर्मा उर्फ यशु वर्मा पुत्र सुनील वर्मा निवासी एमपी नगर, थाना कोतवाली नगर, एटा; रोहित शाक्य पुत्र सर्वेश शाक्य निवासी जसराना रोड, थाना औंछा, जनपद मैनपुरी तथा नितिन पुत्र ठाकुर दास निवासी अकबरपुर, थाना औंछा, जनपद मैनपुरी के रूप में की है।
पुलिस पूछताछ के अनुसार, मुख्य आरोपित उत्कर्ष वर्मा पिछले करीब डेढ़ वर्ष से दिल्ली निवासी तरुण नामक व्यक्ति के संपर्क में था। आरोप है कि वह लोगों को एक माह के लिए बैंक खाता उपलब्ध कराने के बदले पांच से दस हजार रुपये देने का लालच देता था। इस बहाने खाताधारकों से बैंक खाते, एटीएम कार्ड, सिम कार्ड और पासबुक प्राप्त की जाती थीं ।पुलिस के मुताबिक, उत्कर्ष अब तक करीब 60 बैंक खाते जुटा चुका था। इन खातों के माध्यम से धनराशि के लेन-देन पर उसे 10 से 30 प्रतिशत तक कमीशन मिलता था।
इस कार्य में रोहित शाक्य और नितिन भी सहयोग करते थे, जिन्हें मुख्य आरोपित द्वारा पांच से दस प्रतिशत तक कमीशन दिए जाने की बात सामने आई है ।जांच में सामने आया है कि आरोपित ६६६.९ल्ल247.५स्त्र वेबसाइट के माध्यम से कैसीनो, क्रिकेट, फुटबॉल और एविएटर सहित विभिन्न ऑनलाइन खेलों एवं सट्टेबाजी की गतिविधियों में संलिप्त थे। पूछताछ में उत्कर्ष ने बताया कि नोएडा में बैठे कथित संचालक ने उसके जैसे 50 से अधिक लोगों को इस कार्य के लिए नियुक्त कर रखा है।

मां-बेटी समेत चार लोगों पर धारदार हथियार से हमला कर जान से करने का किया प्रयास

हिंदी दैनिक सुनहरा संसार
अमरनाथ सिंह जिला ब्यूरो
लखनऊ



लखनऊ। मोहनलालगंज क्षेत्र के रानीखेड़ा डेहवा गांव में पुरानी रंजिश के चलते एक बुजुर्ग महिला और उसके परिवार पर धारदार हथियारों से हमला किए जाने का मामला सामने आया है। हमले में 60 वर्षीय महिला समेत परिवार के चार लोग घायल हो गए। घायलों में महिला का बेटा, बेटी और परिवार का एक अन्य सदस्य शामिल है। पीड़ित पक्ष ने मोहनलालगंज थाने में प्रार्थना पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित संदीप यादव पुत्र स्वर्गीय रघुवीर यादव निवासी रानीखेड़ा डेहवा के मुताबिक, 13 नवंबर 2026 को शाम करीब सात बजे उनकी मां राम जानकारी अपनी भैंस को चारा खिलाने और पशुशाला की साफ-सफाई करने गई थीं। इसी दौरान पहले से घात लगाए बैठे रामेश्वर, लवकुश, रोहित यादव, सुमन और पुष्पा ने कथित तौर पर उन पर हमला कर दिया। मां की चीख-पुकार सुनकर परिवार के लोग मौके पर पहुंचे तो हमलावरों ने उनके साथ भी मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि हमलावर धारदार हथियार लेकर संदीप, उनके भाई आजाद यादव और बहन नेहा पर टूट पड़े। इस दौरान बुजुर्ग मां राम जानकारी को गंभीर चोटें आईं, जबकि बहन नेहा के हाथ और पैर में चोट लगी। संदीप के सिर पर भी धारदार हथियार से हमला किया गया, जिससे उन्हें गंभीर चोट आई। बीच-बचाव करने पहुंचे आजाद यादव के सिर पर भी गंभीर चोट लगने की बात कही गई है। संदीप का आरोप है कि हमलावर सरोजनीनगर क्षेत्र के गहरू गांव से आए थे और घटना के बाद से उनका पूरा परिवार भयभीत है। पीड़ित परिवार ने आरोपियों से जान-माल का खतरा बताते हुए पुलिस से सुरक्षा और सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में संदीप यादव ने 15 नवंबर 2026 को मोहनलालगंज थाने में लिखित शिकायत देकर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग की है। मामले में पुलिस की कार्रवाई और घायलों की चिकित्सकीय स्थिति के संबंध में आधिकारिक जानकारी मिलने के बाद खबर को अद्यतन किया जा सकता है।

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कठवारा में चोरों का आतंक, दो बार तोड़ा ताला

हिंदी दैनिक सुनहरा ससार
अमरनाथ सिंह जिला ब्यूरो
लखनऊ



लखनऊ। राजधानी के बख्शी का तालाब क्षेत्र स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कठवारा में चोरों के हौसले बुलंद हैं। यहां चोरों ने लगातार चोरी की घटनाओं को अंजाम देकर सरकारी संपत्ति को निशाना बनाया है। स्वास्थ्य केंद्र में दो बार ताला तोड़कर चोरी किए जाने का मामला सामने आया है। स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्साधिकारी ने अज्ञात चोरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराकर कार्रवाई किए जाने की मांग की है। प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. हसनात बारी की ओर से थाना कठवारा, बीकेटी में दिए गए शिकायती प्रार्थना पत्र के मुताबिक, छह नवंबर 2026 की रात स्वास्थ्य केंद्र बंद होने के बाद चोरों ने मुख्य ताले को तोड़कर परिसर में चोरी की घटना को अंजाम दिया। अगले दिन सुबह जब स्वास्थ्य केंद्र का स्टाफ ड्यूटी पर पहुंचा तो ताला टूटा मिला। अंदर जांच करने पर एक कूलर और दो व्हीलचेयर गायब मिलीं। घटना की सूचना तत्काल डायल 112 पर दी गई। बाद में दोनों व्हीलचेयर स्वास्थ्य केंद्र के आवास के पीछे पड़ी मिलीं, जिन्हें कर्मचारियों ने वापस लाकर परिसर में रख दिया। शिकायत के अनुसार, इसके बाद भी चोरों ने स्वास्थ्य केंद्र को निशाना बनाने का प्रयास किया। एक बार फिर ताला काटने की कोशिश की गई, लेकिन आधा ताला काटकर छोड़ दिया गया। इसके बावजूद चोरों के हौसले कम नहीं हुए। आरोप है कि 14 नवंबर की रात चोरों ने दोबारा ताला काटकर एक व्हीलचेयर और एक प्लास्टिक की कुर्सी चोरी कर ली। लगातार हो रही इन घटनाओं से स्वास्थ्य केंद्र के कर्मचारियों में भी चिंता व्याप्त है। प्रभारी चिकित्साधिकारी ने पुलिस से अज्ञात चोरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर मामले की गंभीरता से जांच कराने, चोरी हुई सरकारी संपत्ति बरामद करने और दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। उन्होंने आशंका जताई है कि यदि समय रहते चोरी की घटनाओं पर अंकुश नहीं लगाया गया तो भविष्य में कोई बड़ी अप्रिय घटना हो सकती है। यह खबर स्वास्थ्य केंद्र की ओर से दिए गए शिकायती प्रार्थना पत्र पर आधारित है। पुलिस की जांच और आधिकारिक कार्रवाई की पुष्टि होना शेष है।

पीलीभीत की तहसील अमरिया में मतदाता सूची सुधारने को लेकर बैठक, 10,470 फॉर्मों के निस्तारण पर जोर

सुनहरा संसार क्राइम ब्यूरो चीफ आमिर मलिक की रिपोर्ट पीलीभीत



पीलीभीत की तहसील अमरिया में सोमवार को अमरिया ब्लॉक सभागार में एसडीएम मंधाता प्रताप सिंह की अध्यक्षता में मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक हुई। बैठक में लंबित 10,470 फॉर्मों का निस्तारण करने और 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले युवाओं के नाम मतदाता सूची में जोड़ने पर चर्चा हुई। एसडीएम ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र के 146 बूथों पर बीएलओ और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि मिलकर मतदाता सूची की जांच करेंगे। फॉर्म-6, 7 और 8 के माध्यम से नाम जोड़ने, हटाने और संशोधन का कार्य किया जाएगा। बैठक में सपा प्रदेश सचिव, जिला पंचायत सदस्य असलम जावेद, समाजवादी पार्टी के उपाध्यक्ष मखदूम खान, भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष मान सिंह राठौर और बसपा पीलीभीत विधानसभा अध्यक्ष नेमचन्द सागर मौजूद रहे।
योग वेलनेस सेंटर, महेवागंज-खीरी द्वारा राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित

शिक्षिकाओं एवं छात्राओं को विभिन्न आसनों व प्राणायाम का कराया गया अभ्यास, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए किया प्रेरित



सुनहरा संसार मंडल ब्यूरो प्रमुख शीरी जैदी

लखीमपुर-खीरी। उत्तर प्रदेश शासन एवं आयुष विभाग के दिशा-निर्देशों के क्रम में जनपद में योग के प्रचार-प्रसार एवं जनस्वास्थ्य संवर्धन की दिशा में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में सोमवार को राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, लखीमपुर-खीरी में योग वेलनेस सेंटर, महेवागंज-खीरी द्वारा योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय की शिक्षिकाओं एवं छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया ।कार्यक्रम का आयोजन आयुष मंत्री डॉ० दया शंकर मिश्र ह्यदयालुह्व के नेतृत्व, प्रमुख सचिव आयुष रंजन कुमार एवं महानिदेशक आयुष गौरीशंकर प्रियदर्शी के दिशा-निर्देशों के क्रम में किया गया। इस पहल को जनपद स्तर पर क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी, लखीमपुर-खीरी डॉ० सुमन्त कुमार का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ ।कार्यक्रम का संयोजन कार्यक्रम प्रबंधक सुरेन्द्र कुमार सिंह द्वारा किया गया। राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय एवं योग वेलनेस सेंटर, महेवागंज-खीरी की प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ० प्रियंका वर्मा के सानिध्य में संविदा योग प्रशिक्षक प्रिंस रंजन एवं योग सहायक राजदीपिका तिवारी ने योगाभ्यास सत्र का संचालन किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ० शालिनी दूबे का विशेष सहयोग एवं सराहनीय योगदान रहा। उनके सहयोग एवं प्रोत्साहन से विद्यालय की शिक्षिकाओं एवं छात्राओं की सहभागिता सुनिश्चित हुई ।योगाभ्यास सत्र के दौरान छात्राओं को विभिन्न योगासनों एवं प्राणायाम का व्यावहारिक अभ्य?

सड़क सुरक्षा पखवाड़ा का भव्य शुभारंभ, मंडलायुक्त ने हरी झंडी दिखाकर रवाना की जागरूकता रैली

सुनहरा संसार ब्यूरो बांदा



सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने तथा आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से सोमवार को महाराणा प्रताप चौक में सड़क सुरक्षा पखवाड़ा का भव्य शुभारंभ हुआ। मंडलायुक्त चित्रकूटधाम मं

कोटवारा रामकथा में भरत मिलाप सुन आँखों से आये आंसू

सुनहरा संसार अनुराग मिश्र



गोला गोकर्णनाथ खीरी। कोटवारा स्थित मां दुर्गा मन्दिर पर श्रीरामकथा में सोमवार छठे दिन आयोजन समिति द्वारा मां भगवती का बड़ा हवन किया गया,जिसके बाद कथा व्यास पीयूष दीक्षित महाराज ने राम-भरत मिलाप की करुणामयी कथा सुनायी भाई के लिए भाई का स्नेह,त्याग व माता-पिता की आज्ञापालन की कथा ने मौजूद श्रोताओं की आंखों को नम कर दिया। सीताहरण की कथा में लक्ष्मण ने सूर्पणखा के नाक-कान काटे। कथा व्यास ने बताया आज युवाओं को रामायण से सीख लेना चाहिए। संगीतमयी कथा सुन मौजूद श्रोता भावविभोर हो गए।यजमान राजकुमार मिश्र, मिथलेश मिश्रा, राहुल मिश्रा, शिव पूजन शर्मा, अर्पित दीक्षित, अनूप, रामप्रकाश सहित सैकड़ों श्रोतागण मौजूद रहे। आयोजकों ने बताया आज मंगलवार को इस रामकथा की पूर्णाहुति होगी।

श्री धमार्दा समिति गौशाला में गौमाता को स्नान करा किया पूजन

सुनहरा संसार, अनुराग मिश्र



गोला गोकर्णनाथ खीरी। गोपाष्टमी महोत्सव के छठवें दिन गौ माता को स्नान कराकर पूजन किया गया गोपाष्टमी महोत्सव के छठवें दिन उन्नकिसेस कोचिंग संस्थान एवं पैरमाउण्ट कम्पटीशन क्लासेज के संयोजन में मुख्य अतिथि समाजसेवी सत्यप्रकाश अग्रवाल , विशिष्ट अतिथि समाजसेवी सुनील बाजपेई ने कोचिंग संस्थान के कार्यकताओं के साथ गौ माता को स्नान कराकर पूजन-आरती की।इसके बाद उपस्थितिजनों को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि समाजसेवी सत्यप्रकाश अग्रवाल ने कहा कि," गौ माता की सेवा करने का सौभाग्य पुण्य कर्मों से मिलता है। विशिष्ट अतिथि समाजसेवी सुनील बाजपेई ने कहा," गौ माता हमें बहुत कुछ देती है। गोपाष्टमी महोत्सव आयोजक/नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने आगंतुक अतिथियों को अंगवस्त्र एवं स्मृतिचिन्ह देकर सम्मानित कर आभार व्यक्त किया। गौ स्नान में पटेल सुशील वर्मा, विनीत भदौरिया, डा० पियूष शुक्ला, धीरज बाजपेयी, सौरभ सिंह चौहान, सुधीर अवस्थी अवधेश बाजपेई, सुमित सक्सेना, योगेन्द्र पाल सिंह, आशीष वर्मा, कृष्णा यादव,शुभम राजवंशी, अवनीश गुप्ता, दिनेश कुमार वर्मा, डा राम औतार यादव, श्याम राजपूत, काके सहगल, रविन्द्र कटियार, लवकुश अवस्थी आदि गौ सेवक मौजूद रहे।

सड़क हादसे में घायल अशोक कुमार की इलाज के दौरान मौत

सुनहरा संसार ब्यूरो प्रमुख जियाउल्ला खान



पसगवां, खीरी। बीते 09 नवंबर को दूल्हापुर चौबे गांव के पास मोड़ पर हुए सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल सेमरा जानीपुर निवासी अशोक (31 वर्ष) की 15 नवंबर को इलाज के दौरान मौत हो गई। हादसे के बाद उनकी हालत बेहद नाजुक बनी हुई थी परिजन बेहतर इलाज की उम्मीद में उन्हें लखनऊ मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे थे, जहां चिकित्सकों की देखरेख में उनका उपचार चल रहा था। लेकिन तमाम प्रयासों के बावजूद उन्हें बचाया नहीं जा सका। मौत के बाद शव को परिजन घर लेकर पहुंचे। जैसे ही परिवार के लोगों को इस दुखद घटना की जानकारी मिली, घर में चीख-पुकार मच गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। बताया जा रहा है कि अशोक कुमार की शादी करीब आठ वर्ष पूर्व में हुई थी उनके परिवार में डेढ़ वर्ष की एक बेटी और मात्र एक माह का मासूम बेटा है। पिता की मौत से दोनों मासूम बच्चों के सिर से पिता का साया उठ गया वहीं पत्नी और परिवार के सामने दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। वहीं शव घर पहुंचने के बाद परिजनों ने बरवर चौकी प्रभारी नरेंद्र कुमार सिंह से संपर्क किया। इस संबंध में चौकी प्रभारी से जानकारी लेने पर पता चला की पंचायतनामा की कार्रवाई पूरी कर शव को सील करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

लखीमपुर-खीरी में रेलवे डाक घर पुनः संचालित: आचार्य संजय मिश्रा के नेतृत्व में डाककर्मियों और व्यापारियों ने जताया आभार

सुनहरा संसार ब्यूरो प्रमुख जियाउल्ला खान



लखीमपुर में रेलवे डाकघर का संचालन दोबारा शुरू होने पर रेलवे डाक कर्मचारी, अधिकारियों और व्यापारियों ने प्रमुख समाजसेवी आचार्य संजय मिश्रा के नेतृत्व में पूर्व कंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा टेनी से मुलाकात कर आभार जताया। कुछ दिन पहले लखीमपुर रेलवे डाकघर को सीतापुर स्थानांतरित किए जाने का मामला सामने आया था इसके विरोध में आचार्य संजय मिश्रा ने डाक कर्मचारियों और व्यापारियों के साथ मिलकर अजय मिश्रा से डाकघर का स्थानांतरण रोकने की मांग की थी। मामले में हस्तक्षेप के बाद डाकघर का संचालन बिना व्यवधान दोबारा शुरू हो गया। इसके बाद सभी लोग संसदीय कार्यालय पहुंचे और अजय मिश्रा टेनी को अंगवस्त्र व पुष्पगुच्छ भिट कर धन्यवाद दिया। इस दौरान रेलवे डाक अधिकारियों आयुष बाजपेई और आरके गुप्ता सहित अन्य कर्मचारी व व्यापारी मौजूद रहे। आचार्य संजय मिश्रा ने कहा कि अब जल्द ही रेलवे स्टेशन ओयल को पूर्ण स्टेशन का दर्जा दिलाने की मांग उठाई जाएगी।

गोला चीनी मिल पर किसानों का 180 करोड़ बकाया: किसान संगठनों ने ज्ञापन देकर कहा- पुराना भुगतान होने तक नई गन्ना पर्चियां जारी न हों

सुनहरा संसार ब्यूरो प्रमुख जियाउल्ला खान



लखीमपुर खीरी की बजाज हिंदुस्तान शुगर लिमिटेड की गोला चीनी मिल पर किसानों का पिछले पेराई सत्र का करीब 180 करोड़ रुपये गन्ना मूल्य बकाया है। भुगतान न होने से नाराज भारतीय किसान यूनियन अमन संधू और भारतीय किसान यूनियन चढूनी ने सोमवार को संयुक्त रूप से गोला तहसील पहुंचकर प्रदर्शन किया और प्रशासन को ज्ञापन सौपा। नायब तहसीलदार और गन्ना समिति सचिव को सौपा ज्ञाप किसान नेता एवं यूनियन के रष्ट्रीय अध्यक्ष अमनदीप सिंह संधू और भारतीय किसान यूनियन चढूनी के जिलाध्यक्ष बलकार सिंह के नेतृत्व में किसानों ने नायब तहसीलदार धनंजय सिंह को ज्ञापन दिया। इसके अलावा सहकारी गन्ना विकास समिति, गोला के सचिव बलवंत सिंह चौधरी को भी ज्ञापन सौपा। बकाया भुगतान के बाद ही जारी हों पर्चियां दोनों किसान संगठनों ने मांग की कि चीनी मिल प्रबंधन पिछले पेराई सत्र का पूरा गन्ना मूल्य भुगतान करे। इसके बाद ही नए पेराई सत्र के लिए गन्ना पर्चियां और इंडेंट जारी किए जाएं। ज्ञापन में कहा गया के मिल प्रबंधन ने नए पेराई सत्र से पहले पूरा भुगतान करने का आश्वासन दिया था, लेकिन अब तक किसानों को उनकी रकम नहीं मिली है। भुगतान में देरी से बिगड़ रही किसानों की आर्थिक स्थिति अमनदीप सिंह संधू ने कहा कि किसान अपनी मेहनत की कमाई मांग रहे हैं, कोई खैरात नहीं। भुगतान में देरी से किसानों की आर्थिक स्थिति खराब हो रही है।

आर्यसमाज मोहमदी खीरी का साप्ताहिक यज्ञ दिनाँक 15 नवम्बर2026 रविवार प्रातः 8:30 पर गोपाल मोहन रस्तोगी बाजार गंज मोहमदी खीरी के आवास पर मंत्री अतुल रस्तोगी ने सम्पन्न करवाया

बबली सुनहरा संसार मोहम्मदी संवाददाता



मुख्य यजमान गोपाल मोहन रस्तोगी व उनकी धर्मपत्नी रहे, नियम हरिओम गुप्ता, सुमधुर भजन सुधीर श्रीवास्तव, सुमन पाण्डेय,डॉ0 रमा शंकर गुप्ता ने सुनाये, अपने सम्बोधन में अतुल रस्तोगी ने कहा कि, तच्चक्षुर्देवहितं पुरस्ताच्छुक्रमुच्चरत्। पश्येम शरदः शतं जीवेम शरदः शतं श्रुणुयाम शरदः शतं प्रब्रवाम शरदः शतमदीनाः स्याम शरदः शतं भूयश्च शरदः शतात्॥ यह अत्यंत प्रसिद्ध वैदिक शांति मंत्र है, जो यजुर्वेद से लिया गया है। यह मंत्र केवल आयु की लंबी कामना नहीं है, बल्कि एक पूर्ण, स्वस्थ, स्वावलंबनपूर्ण और दिव्यता से परिपूर्ण जीवन जीने की प्रार्थना है, इसमें कहा गया है कि, संपूर्ण संसार के कल्याण के लिए हितकारी, तेजोमय और पवित्र सूर्य रूपी दिव्य नेत्र पूर्व दिशा में उदय हो रहा है। हम सौ वर्षों या उससे भी अधिक तक जीवित रहें, सौ वर्षों तक भली-भांति देखते रहें, सौ वर्षों तक सुनते रहें, सौ वर्षों तक बोलते रहें, सौ वर्षों तक किसी के भी सामने दीन-हीन (लाचार) न हों और सौ वर्षों के बाद भी स्वस्थ रूप से जीवित रहें। इस मंत्र के प्रत्येक चरण में जीवन के विभिन्न आयामों—स्वास्थ्य, ज्ञान, इंद्रिय शक्ति, स्वाभिमान और दीर्घायु—का सुंदर समायोजन किया गया है,

मंत्र के आरंभ में 'चक्षुः देवहितम्' कहा गया है। भारतीय दर्शन में सूर्य को इस जगत की आत्मा और प्रत्यक्ष देवता कहा गया है, जो संपूर्ण जीवों के नेत्रों के समान इस ब्रह्मांड को प्रकाशित करते हैं।

यह प्रकाश केवल भौतिक उजाला नहीं है, बल्कि हमारे भीतर ज्ञान और चेतना का प्रतीक है। यह प्रार्थना याद दिलाती है कि हमारा प्रत्येक दिन एक नई ऊर्जा और पवित्रता (शुक्रम्) के साथ शुरू हो।

इन्द्रियों की पूर्णता और आरोग्यता पश्येम, श्रुणुयाम, प्रब्रवाम

वैदिक ऋषियों ने लंबी आयु का अर्थ केवल साँस चलते रहना नहीं, बल्कि इंद्रियों का सक्रिय और स्वस्थ रहना माना है

पश्येम शरदः शतम्,हमारी आँखें सौ वर्षों तक इस सृष्टि के सौंदर्य, सत्य और ज्ञान के दर्शन करने में समर्थ रहें। हमारी दृष्टि में विकृति न आए।

श्रुणुयाम शरदः शतम्, हम सौ वर्षों तक वेदों, उपनिषदों, संतों और प्रकृति के कल्याणकारी वचनों को सुनें, दुर्वाक्य या असत्य से बचें।

प्रब्रवाम शरदः शतम्,हमारी वाणी सौ वर्षों तक सत्य, मधुर, हितकारी और ओजस्वी बनी रहे। हम किसी का अहित करने वाले शब्द न बोलें।

जीवेम शरदः शतम्: केवल निष्क्रिय पड़े रहना जीवन नहीं है। यहाँ सक्रिय जीवन, उत्साह और आरोग्यता के साथ सौ वर्ष जीने की कामना की गई है। आयु का हर एक वर्ष उल्लास और कर्म से भरा हो।

अदीनाः स्याम, यह इस मंत्र का सबसे महत्वपूर्ण और गहरा संदेश है। 'अदीनाः' का अर्थ है—जो दीन न हो, जो याचक या लाचार न हो। मनुष्य लंबी आयु तो जीए, लेकिन किसी पर बोझ बनकर या बीमारी से लाचार होकर नहीं, बल्कि स्वावलंबी, आत्मविश्वासी और गरिमापूर्ण जीवन जिए। हम किसी के आगे हाथ न फैलाएं, बल्कि दूसरों के सहायक बनें।

व्रती महिलाओं ने उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देने के साथ छठ महापर्व संपन्न

सुनहरा संसार, उमेश अवस्थी



गोला गोकर्णनाथ खीरी। सोमवार को पौराणिक शिव मंदिर गोला के तीर्थ सरोवर पर छट पूजा के महापर्व का आयोजन भक्ति और उत्साह के साथ हुआ आयोजन। गोला नगर की छठी मईया की पूजा देखने के लिये तीर्थ सरोवर पर आस्था का जन सैलाब।चार दिवसीय इस पवित्र पर्व में आज चौथे दिन श्रद्धालुओं ने नहाय-खाय, खरना,उगते सूर्य को अर्घ्य दिया जिसके बाद व्रती महिलाओं ने व्रत तोड़ा और उगते सूर्य को अर्घ्य देने की परंपराओं को पूरे श्रद्धाभाव से निभाया। सुबह पांच बजे से श्रद्धालुओं को आना शुरू हो गया था तीर्थ सरोवर पर आस्था का जन सैलाब देखने को मिला।तीर्थ सरोवर के किनारे सूर्य देव की पूजा के लिए भारी संख्या में महिलाए तीर्थ सरोवर में खड़े होकर उगते सूरज को अर्घ दिया। तीर्थ सरोवर को रंग विरंगी झलरों से सजाया गया ।तीर्थ सरोवर स्थल को रंग-बिरंगे फूलों, दीपों और आकर्षक सजावट से सुसज्जित किया गया था। तीर्थ सरोवर पर भजन संध्या का किया गया आयोजन जिसमें पुरी रात्रि छठी मैया के गीतों से तीर्थ सरोवर व मंदिर प्रांगण गुंजयमान रहा । छठ के पारंपरिक गीतों और भक्ति भजनों ने माहौल को आध्यात्मिक रंग में रंग दिया। उग हो सूरज देव, भइल अर्घ के बेर..."

उग हो सूरज देव, भइल अर्घ के बेर

बहंगी के पिटारा, सजल डोलिया

उग हो सूरज देव, भइल अर्घ के बेर।

महिलाओं और पुरुषों ने एकजुट होकर छठ गीत गाए, जिससे पर्व की रौनक और बढ़ गई।श्रद्धालुओं ने छठ पर्व को आस्था, संस्कृति और प्रकृति के प्रति सम्मान का प्रतीक बताया। पर्व के आज समापन पर सभी ने एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं और अगले वर्ष भी इसे उसी जोश और भक्ति के साथ मनाने का संकल्प लिया।क्षेत्रीय विधायक अमन गिरि ने छठ पर्व की सभी देशवासियों व नगर वासियों और साथियों को दी शुभकामनाएं और धर्मेंद्र गिरि मोंटी द्वारा आये हुए श्रद्धालुओं को जलपान कराया गया।सभी को छठी मैया का आशीर्वाद प्राप्त हो ऐसी कामना करता हूं आज देखकर बहुत ही प्रसन्नता हो रही है। सभी माताओ का आभार व्यक्त करता हूं सभी को नमन करता हूं। जिसमें अस्त होते सूर्य को अर्घ्य दिया जाता है और चौथे दिन, उगते हुए सूर्य को अर्घ्य दिया जाता है, जिसके बाद व्रती अपना व्रत तोड़ते हैं और महिलाएं मस्तक पर लम्बा पीला तिलक लगाकर पति पुत्र की दीर्घ आयु का आशीर्वाद सूर्य देव छटी मैया से मांगती है और प्रसाद वितरण करते हैं। छठ पूजा को सबसे कठिन व्रतों में से एक माना जाता है, क्योंकि इस दौरान श्रद्धालुओं को कठोर नियमों का पालन करना पड़ता है। यह व्रत परिवार की सुख-समृद्धि, संतान की दीर्घायु और रोगमुक्त जीवन के लिए किया जाता है।

इस त्योहार के दौरान सूर्य की आराधना से हमें ऊर्जा और शक्ति मिलती है, जो जीवन में सकारात्मकता का संचार करती है। सुरक्षा के दृष्टिकोण से क्षेत्राधिकारी जितेंद्र सिंह परिहार थाना प्रभारी निरीक्षक अंबर सिंह में पुलिस बल के साथ तीर्थ सरोवर पर उपस्थित रहे। इस अवसर पर सामाजिक एकता और भाईचारे की अनूठी मिसाल देखने को मिली, जिसमें समाज के हर वर्ग ने उत्साहपूर्वक सम्मिलित हुए।

सुथना देवी मंदिर में धूमधाम से मनाया गया छठ पूजा का पर्व, श्रद्धालुओं की उमड़ी भारी भीड़

सुनहरा संसार ब्यूरो प्रमुख जियाउल्ला खान



तिकुनिया कस्बे में सुथना देवी मंदिर पर छठ पूजा पर्व का आयोजन युवा नेता कृष्ण सिंह बाबू भैया के नेतृत्व में किया गया इस अवसर पर महिलाओं ने भक्ति गीत गाते हुए छठ मैया का प्रसाद लेकर मंदिर पर पहुंची देवी मंदिर के सामने सागर सीढ़ियों पर पूजन सामग्री रखकर पूजा अर्चना शुरू की उसके बाद अस्त हो रहे सूर्य भगवान को अरघ दिया गया पूजन सामग्री में गन्ना, मौसमी फल,मीठा,लड्डू,पुआ समेत तमाम सामग्री मौजूद रही इस अवसर पर भोजपुरी गीतो ने मधुर गीतों से दर्शकों का मन मोह लिया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा टैनी का बाबू कृष्ण सिंह ने स्वागत किया और पूर्व केंद्रीय गृह मंत्री अजय मिश्रा टेनी ने प्रेस क्लब तिकुनिया के पत्रकारो को अपने हाथों से किया सम्मानित इस बीच तमाम महिला पुरुष बच्चे मौजूद रहे तिकुनिया कस्बे में मां सुथना देवी मंदिर पर बने सागर में छठी मैया की पूजा श्रद्धालु करते हैं सुबह से ही देवी मंदिर पर व्रत रखने वाली महिलाओं की भीड़ इकट्ठा होनी शुरू हो गई थी 4:45 बजे महिलाओं ने भगवान सूर्य को अरघ दिया है उसके बाद मुख्य अतिथि ने कहा सीता माता ने छठ व्रत का पूजन भारत में शुरू किया था तभी से यह परंपरा चली आ रही है उन्होंने कहा सभी व्रत रखने वाली महिलाओं की छठ मैया मनोकामना पूरी करें इस अवसर पर देवी मंदिर के महंत बाबा बृजेश गिरी, सहज राम जयसवाल,अर्जुन सिंह,आशीष गर्ग, एडवोकेट जितेंद्र सिंह,बालकिशन अग्रवाल, जयदेव अग्रवाल,मनोज जिंदल, दुर्गा प्रसाद गोयल,प्रधान प्रगट सिंह, इंद्रजीत, प्रमोद कुमार, सहित तमाम महिला पुरुष बच्चे मौजूद रहे

छठ पर्व पर रेडक्रॉस का प्राथमिक चिकित्सा शिविर, 4500 श्रद्धालुओं को कराया चाय-जलपान

सुनहरा संसार अशफी खान



लखीमपुर खीरी। छठ महापर्व के अवसर पर इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी, खीरी द्वारा सेठ घाट, उल्ल नदी पर दिनांक 15 एवं 16 नवंबर को दो दिवसीय प्राथमिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में घाट पर आए श्रद्धालुओं को प्राथमिक चिकित्सा सुविधा के साथ-साथ आवश्यक दवाएं भी निःशुल्क वितरित की गईं। साथ ही व्रतियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए रेडक्रॉस के स्वयंसेवक लगातार घाट पर तैनात रहे। कार्यक्रम के दूसरे दिन छठ व्रतियों, उनके परिजनों, पुलिस प्रशासन, स्वास्थ्य कर्मियों, दुकानदारों व छठ आयोजन समिति के सदस्यों सहित लगभग 4500 लोगों को चाय, बिस्कुट, नमकीन व टॉफी का वितरण किया गया। ठंड में गर्म चाय पाकर व्रतियों के चेहरों पर खुशी साफ झलक रही थी। यह सेवा कार्य रेडक्रॉस खीरी की सचिव आरती श्रीवास्तव के नेतृत्व में आजीवन सदस्य दीपक धवन, नारायण सेठ आदि के सहयोग से संपन्न हुआ। इस अवसर पर सचिव आरती श्रीवास्तव ने कहा कि ह्यूरेडक्रॉस का उद्देश्य मानवता की सेवा है। छठ जैसे बड़े पर्व पर श्रद्धालुओं की सेवा करना हमारा सौभाग्य है। आगे भी रेडक्रॉस मानवता की सेवा हेतु सदैव तत्पर रहेगा । कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पवन शर्मा, शशांक शुक्ला, बबिता सक्सेना, वीरेंद्र सिंह, संजय सक्सेना, रमेश चंद्र गुप्ता, जोगेंद्र छाबड़ा, सपना कक्कड़, डॉ. रामेश्वर माहेश्वरी, कुमकुम गुप्ता, रश्मि राठौर, अनुराग सक्सेना, मृगांक शेखर, अनिल श्रीवास्तव (पत्रकार), हरी तापड़िया, मनोज श्रीवास्तव, अनिल श्रीवास्तव (अधिवक्ता), राम मोहन गुप्ता, स्वयंसेवी सुनीता सिंह, वैभवी, नील, गौरी, हीरांगिनी, अंक?

छात्रों से पढ़ाई की जगह कराई मजदूरी

शिवम शर्मा जिला ब्यूरो चीफ बुलंदशहर



बुलंदशहर के सियाना तहसील क्षेत्र के कस्वा बुगरासी स्थित जनता इंटर कॉलेज के निकट संत रविदास जी के नाम पर प्रस्तावित गेट निर्माण कार्य बाधित किए जाने के मामले में आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय संगठन मंत्री देवेन्द्र सिंह राणा ने निष्पक्ष जांच एवं कार्रवाई की मांग की है। प्राप्त जानकारी एवं सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो के अनुसार, नगर पंचायत द्वारा गेट निर्माण के लिए फाउंडेशन की खुदाई कराई गई थी। आरोप है कि कॉलेज प्रबंधक रवि साहब एवं संबंधित शिक्षकों ने छात्रों के हाथों में फावड़े थमाकर उन्हें निर्माण कार्य रोकने में शामिल किया। साथ ही राजमिस्त्री एवं नगर पंचायत कर्मचारियों के मोबाइल फोन छीनने और उनके साथ धक्का-मुक्की किए जाने के आरोप भी सामने आए हैं। घटना के बाद जाटव समाज के सैकड़ों लोग संत रविदास जी के सम्मान एवं गेट निर्माण के समर्थन में एकत्रित हुए। मौके पर पहुंची पुलिस एवं नगर पंचायत कर्मचारियों ने स्थिति को शांत कराया।

देवेन्द्र सिंह राणा ने कहा कि विद्यालय शिक्षा का केंद्र है, छात्रों को किसी विवाद में शामिल करना उनके भविष्य एवं शिक्षा के अधिकार से जुड़ा गंभीर विषय है। आखिर छात्रों को किसके निर्देश पर निर्माण स्थल पर लाया गया और उनके हाथों में फावड़े किसने थमाए, इसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए।

आजाद अधिकार सेना ने मांग की है कि वायरल वीडियो के आधार पर कॉलेज प्रबंधक एवं संबंधित शिक्षकों की भूमिका की जांच कराई जाए। कर्मचारियों के साथ अभद्रता एवं धक्का-मुक्की की पुलिस जांच हो तथा जिम्मेदार लोगों के विरुद्ध कठोर विभागीय एवं वैधानिक कार्रवाई की जाए। साथ ही संत रविदास जी के नाम पर प्रस्तावित गेट का निर्माण नियमानुसार पूरा कराया जाए।

इस संबंध में जिलाधिकारी एवं एसएसपी बुलंदशहर सहित शासन स्तर पर शिकायत भेजी गई है।

भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा की प्रथम जिला कार्यसमिति बैठक संपन्न, 2027 के चुनाव की तैयारी में जुटने का आह्वान

सुनहरा संसार मंडल ब्यूरो शीरी जैदी



लखीमपुर-खीरी। भाजपा जिला कार्यालय पर सोमवार को अनुसूचित जाति मोर्चा की प्रथम जिला कार्यसमिति बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता मोर्चा के जिलाध्यक्ष प्रमोद चौधरी ने की। मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र टेनी तथा विशिष्ट अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष अरविंद गुप्ता रहे।कार्यक्रम का शुभारंभ वीरांगना ऊदा देवी पासी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और डॉ. भीमराव आंबेडकर के चित्रों पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम का संचालन क्षेत्रीय कार्यसमिति मंत्री गंगाराम ने किया।इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष अरविंद गुप्ता ने कहा कि अनुसूचित जाति मोर्चा के कार्यकर्ता पार्टी के अभिन्न अंग हैं। आगामी विधानसभा चुनाव में जिले की सभी आठों सीटों पर भाजपा की विजय सुनिश्चित करने में मोर्चा की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। उन्होंने कार्यकताओं से केंद्र और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने तथा पात्र लोगों को उनका लाभ दिलाने का आह्वान किया। साथ ही छूटे हुए लोगों के नाम मतदाता सूची में शामिल कराने और प्रत्येक कार्यकर्ता से 500 से अधिक नए मतदाता बनवाने का लक्ष्य पूरा करने की अपेक्षा जताई।मुख्य अतिथि अजय मिश्र टेनी ने नवगठित जिला कार्यसमिति को बधाई देते हुए कहा कि कार्यकर्ता आगामी 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारियों में अभी से जुट जाएं।

गोला में विशाल श्री खाटू श्याम संकीर्तन आज

सुनहरा संसार, अनुराग मिश्र



गोला गोकर्णनाथ (खीरी)। जय श्री श्याम दीवाने सेवा समिति (रजि.) की ओर से आज मंगलवार शाम 7 बजे से लखीमपुर रोड स्थित पब्लिक इंटर कॉलेज के राजेंद्र गिरि स्टेडियम में छठे विशाल श्री खाटू श्याम संकीर्तन का आयोजन किया जाएगा। ?कार्यक्रम में वृंदावन के प्रसिद्ध भजन गायक अमन मिश्री, संध्या वर्मा, कानपुर की शर्मा सिस्टर्स, इंडियन आइडल फेम ऋतिक गुप्ता और कश्यप ब्रदर्स भजनों की प्रस्तुति देंगे। संकीर्तन में ज्योति सेवादार आचार्य प्रशांत पाण्डेय व पुजारी पं. संतोष पाठक की विशेष उपस्थिति रहेगी, जबकि मंच संचालन जेबीगंज के सचित सक्सेना करेंगे। आयोजन समिति ने क्षेत्र के सभी श्याम प्रेमियों से कार्यक्रम में पहुंचकर धर्मलाभ उठाने की अपील की है।

जनपद में छठा स्थान प्राप्त करने वाले दयांश सक्सेना 5100 की नकद धनराशि से सम्मानित

सुनहरा संसार, अनुराग मिश्र



गोला गोकर्णनाथ खीरी। स्थानीय कृषक समाज इंटर कॉलेज में मेधावी छात्र हृदयांश सक्सेना के सम्मान में एक समारोह का आयोजन किया गया। सीनियर सिटीजन संस्थान के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में संस्थान के अध्यक्ष डॉ. लखपत राम वर्मा, सचिव डॉ. रविंद्र नाथ वर्मा एवं संरक्षक रवि प्रकाश वर्मा मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य अनंत प्रकाश सरोज ने की। इस अवसर पर माध्यमिक शिक्षा परिषद की कक्षा दसवीं की बोर्ड परीक्षा में जनपद में छठा स्थान प्राप्त कर विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन करने वाले मेधावी छात्र हृदयांश सक्सेना को अतिथियों द्वारा ?5,100 (इक्यावन सौ रुपये) की नकद धनराशि देकर सम्मानित किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए डॉ. लखपत राम वर्मा ने छात्र की इस उपलब्धि की सराहना की और उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने बताया कि संस्था द्वारा निरंतर मेधावी व निर्धन छात्र-छात्राओं तथा बुजुर्गों को आर्थिक सहयोग प्रदान किया जा रहा है। ?विद्यालय की प्रार्थना सभा में आयोजित इस कार्यक्रम का संचालन देवेंद्र सिंह ने किया। इस मौके पर उप-प्रधानाचार्य लखपत भारती, डॉ. अनिल कुमार, अशोक कुमार वर्मा, ओम प्रकाश यादव सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

थाना तिकुनिया पुलिस के द्वारा 01 नफर वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया

सुनहरा संसार सिकंदर आजम रिपोर्टर

लखीमपुर खीरी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ0 ख्याति गर्ग द्वारा चलाये जा रहे वांछित/वारन्टी अपराधी गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक महोदय व क्षेत्राधिकारी निघासन महोदय के कुशल मार्गदर्शन में थानाध्यक्ष तिकुनिया के कुशल निर्देशन में थाना तिकुनिया पुलिस द्वारा 01 नफर वांछित अभियुक्त हर्ष गुप्ता उर्फ अर्पित गुप्ता पुत्र वीरेन्द्र कुमार निवासी कस्बा व थाना तिकुनियां जनपद खीरी उम्र करीब 19 वर्ष सम्बन्धित मु0अ0सं0 162/2026 धारा 64(2)ट/351(2) इटर व 67(अ) क्क अउळ व 5छ/6, 13/14 पाक्सो एक्ट थाना तिकुनिया जनपद खीरी थाना तिकुनिया जनपद खीरी को रेलवे स्टेशन के सामने बरामदे से आज दिनांक 16.11.2026 को समय करीब 11.55 बजे गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए मा0 न्यायालय के समक्ष भेजा जा रहा है । गिरफ्तार वांछित का विवरण

हर्ष गुप्ता उर्फ अर्पित गुप्ता पुत्र वीरेन्द्र कुमार निवासी कस्बा व थाना तिकुनियां जनपद खीरी उम्र करीब 19 वर्ष सम्बन्धित मु0अ0सं0 162/2026 धारा 64(2)M/351(2) BNS व 67(अ) IT ACT व 5L/6, 13/14 पाक्सो एक्ट थाना तिकुनिया जनपद खीरी

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम

1.नि0अ0 सन्तोष कुमार थाना तिकुनियां जनपद खीरी

2.का0 आशुतोष थाना तिकुनियां जनपद खीरी

लखीमपुर के उचौलिया में दो बाइकों की टक्कर में एक की मौत: दो अन्य घायल, परिजनों में शोक का माहौल

सुनहरा संसार ब्यूरो प्रमुख जियाउल्ला खान



लखीमपुर खीरी उचौलिया गुरुद्वारा के सामने दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर में सर्वेश मिश्रा की मौत हो गई। हादसे में रफी मोहम्मद और चंद्रेश सिंह गंभीर रूप से घायल हुए हैं। घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद शाहजहांपुर रेफर किया गया। पुलिस के मुताबिक, 53 वरषीय सर्वेश मिश्रा पुत्र जगमोहन लाल, बरनैया थाना उचौलिया के निवासी थे। वे बाइक से उचौलिया कस्बे की ओर जा रहे थे। उनकी बाइक पर 40 वर्षीय रफी मोहम्मद पुत्र सिरताज भी सवार थे। गुरुद्वारे के सामने उनकी बाइक की टक्कर शाहजहांपुर से जंगबहादुरगंज की ओर जा रहे 45 वर्षीय चंद्रेश सिंह की बाइक से हुई। चंद्रेश सिंह पुत्र शिवराज, अब्दुल्लानगर थाना पिहानी, जिला हरदोई के निवासी हैं। टक्कर में सर्वेश की मौके पर ही मौत हो गई घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पसगवां में भर्ती कराया गया था। वहां से उन्हें शाहजहांपुर रेफर किया गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि गुरुद्वारे के सामने का मोड़ हादसों की जगह बन है। उनका कहना है कि यहां तेज रफ्तार और अवैध क्रॉसिंग के कारण अक्सर हादसे होते हैं। थानाध्यक्ष अवधराज सिंह ने बताया कि हादसे में एक व्यक्ति की मौत हुई और दो लोग घायल हुए हैं। पुलिस ने दोनों बाइक अपने कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी है।

सड़क सुरक्षा पखवाड़ा (16 नवम्बर से 30 नवम्बर 2026) का शुभारम्भ, जिलाधिकारी ने सड़क सुरक्षा जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

राष्ट्रीय सुनहरा संसार
जिला हापुड़ संवाददाता/
महिपाल तोमर



हापुड़। सड़क सुरक्षा के प्रति आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से आज जनपद में सड़क सुरक्षा पखवाड़ा (दिनांक 16 नवम्बर से 30 नवम्बर 2026 तक) का शुभारम्भ किया गया। सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के इस अवसर पर जिलाधिकारी श्रीमती कविता मीना ने सड़क सुरक्षा जागरूकता रथ को कलेक्ट्रेट परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह रथ जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण कर लोगों को यातायात नियमों के पालन हेतु जागरूक करेगा। जिलाधिकारी महोदया ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सबसे महत्वपूर्ण है कि हम सभी यातायात नियमों का पालन करें। दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट अवश्य पहनें, चार पहिया वाहन में सीट बेल्ट का प्रयोग करें, तेज गति से वाहन न चलाएं, वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करें तथा शराब पीकर वाहन न चलाएं। उन्होंने कहा कि "समझदार बनें, सुरक्षित रहें" के संदेश के साथ यह पखवाड़ा मनाया जा रहा है। सभी विभाग आपसी समन्वय से विद्यालयों, चौराहों, कस्बों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करें। उन्होंने आमजन से अपील की कि आइए, हम सब यातायात नियमों का पालन करने का संकल्प लें। इस अवसर पर सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

कामवन रामलीला समिति ने गोस्वामी बृजेश कुमार को दी श्रद्धांजलि, दो मिनट का मौन रखा

दैनिक सुनहरा संसार
ब्यूरोचीफ हिमांशु मोदी



कामां -कामवन रामलीला समिति ने बैठक आयोजित करके पुष्टिमार्गीय सप्तम पीठाधीश्वर बृजेश कुमार के गोलोक गमन पर श्रद्धांजलि दी। कामवन रामलीला समिति के संस्थापक संरक्षक पूर्व मंत्री मदन मोहन सिंघल एवं अध्यक्ष ओमप्रकाश बूरेवाले के अनुसार गोस्वामी बृजेश कुमार के आशीर्वाद से कामां में रामलीला महोत्सव का आयोजन वर्षों से चला आ रहा है। उनकी प्रेरणा और आशीर्वाद से कामवन रामलीला समिति रामलीला मंचन की पुरातन विरासत को संजोने और कामां की कला, संस्कृति और आध्यात्मिक चेतना को जागृत करने के लिए प्रतिवर्ष रामलीला महोत्सव का आयोजन करती आ रही है, जिसमें बृजेश कुमार की कृपा और प्रेरणा से उत्तरोत्तर बढ़ोतरी होती आई है। उनके गोलोक गमन से कामवन रामलीला समिति को अपूरणीय क्षति हुई है, जिस पर कामवन रामलीला समिति के समस्त सदस्यों, पात्रों और कमेटी के लोगों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और दो मिनट का मौन रखकर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर समिति के समस्त पदाधिकारी और पात्र उपस्थित थे।

पंचायतीराज आम चुनाव-2026: चुनाव पर्यवेक्षक राजेंद्र कुमार वर्मा ने किया मतदान केंद्रों का निरीक्षण; मतदान व्यवस्थाओं का लिया जायजा, स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

दैनिक सुनहरा
संसार ब्यूरोचीफ
हिमांशु मोदी



डीग - पंचायतीराज आम चुनाव-2026 के चौथे एवं अंतिम चरण के तहत जिले में डीग और कुम्हेर में सरपंच एवं वार्ड पंच पदों के लिए हो रहे मतदान के दौरान चुनाव पर्यवेक्षक एवं भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी राजेंद्र कुमार वर्मा, संयुक्त शासन सचिव, गृह विभाग, जयपुर ने विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। चुनाव पर्यवेक्षक वर्मा ने महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय सैंत में स्थापित 3 बूथों तथा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय दिदावली में स्थापित 2 बूथों का निरीक्षण कर मतदान व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने मतदान केंद्रों पर मतदान प्रक्रिया, उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं तथा सुरक्षा व्यवस्थाओं की जानकारी ली। साथ ही मतदान कार्मिकों से निर्वाचन प्रक्रिया के सुचारू संचालन के संबंध में जानकारी प्राप्त की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों एवं मतदान कार्मिकों को निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों की पूर्ण पालना सुनिश्चित करने, मतदान प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखने तथा प्रत्येक मतदाता को निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने मतदान केंद्रों पर सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं को लेकर सतर्क रहने तथा किसी भी समस्या की स्थिति में तत्काल संबंधित अधिकारियों को सूचित कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। इस दौरान उपखंड अधिकारी कुम्हेर भारती भारद्वाज, उपखंड अधिकारी कामां अनिल कुमार मीना, सहायक निदेशक महिला अधिकारिता विभाग राजेश कुमार सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

पंचायतीराज आम चुनाव-2026: जिला परिषद अभ्यर्थियों के गणन अभिकताओं की नियुक्ति के लिए 18 नवंबर तक करें आवेदन

दैनिक सुनहरा संसार ब्यूरोचीफ हिमांशु मोदी

डीग - पंचायतीराज आम चुनाव-2026 के तहत जिला परिषद, जिला डीग के लिए चुनाव लड़ रहे अभ्यर्थियों के गणन अभिकताओं की नियुक्ति के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। उप जिला निर्वाचन अधिकारी देवेंद्र सिंह परमार ने बताया कि गणन अभिकर्ता के आवेदन प्रभारी अधिकारी एवं महाप्रबंधक, जिला उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र, गैस एजेंसी के पास, नगर रोड, डीग के कार्यालय में 18 नवंबर 2026 को दोपहर 12 बजे तक जमा करवाए जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि आवेदन के साथ प्रपत्र-10 की पूर्ण भरी हुई दो प्रतियां, जिनमें गणन अभिकर्ता के सत्यापित पासपोर्ट साइज फोटो लगे हों, गणन अभिकर्ता का आधार कार्ड एवं वोटर आईडी तथा नवीनतम पुलिस वेरिफिकेशन रिपोर्ट प्रस्तुत करना आवश्यक है। इसके अतिरिक्त प्रपत्र-10 की प्रतियों के अलावा एक पासपोर्ट साइज फोटो भी देना होगा। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि एक अभ्यर्थी/निर्वाचन अभिकर्ता अधिकतम दो गणन अभिकर्ता नियुक्त करवा सकता है, जिनमें एक मुख्य तथा एक रिलीवर गणन अभिकर्ता होगा। आवेदन करने के कम से कम एक दिवस बाद अनुमति पत्र जारी किया जाएगा। इस संबंध में आवश्यक जानकारी के लिए महाप्रबंधक दिलकुश मीना के मोबाइल नंबर 8440991162 तथा संस्थापन अधिकारी दीपक के मोबाइल नंबर 9928920666 पर संपर्क किया जा सकता है।

पंचायती राज चुनाव 2026 : श्रीकरणपुर पंचायत समिति की ग्राम पंचायत 56 एफ में 89 .07% का रिकॉर्ड मतदान, फाइनल परिणाम घोषित

राम भरोसे शर्मा श्री करनपुर



श्रीकरणपुर लोकतंत्र के सबसे बड़े महापर्व यानी पंचायती राज आम चुनाव 2026 के अंतर्गत श्रीकरणपुर पंचायत समिति क्षेत्र में चुनावी सरगर्मी और उत्साह अपने चरम पर है। ग्रामीण इलाकों में सरकार चुनने को लेकर मतदाताओं में भारी जोश देखने को मिल रहा है। इसी क्रम में, पंचायत समिति श्रीकरणपुर की कुल 36 ग्राम पंचायतों में से अति-चर्चा में रही ग्राम पंचायत 56 एफ का फाइनल चुनाव परिणाम घोषित कर दिया गया है, जहाँ मतदाताओं ने अपने मताधिकार का रिकॉर्ड उपयोग किया है। सीमा भारत न्यूज की सबसे तेज और सटीक रिपोर्ट के अनुसार, ग्राम पंचायत 56 एफ के आंकड़े इस प्रकार रहे हैं: कुल पंजीकृत मतदाता: 2,462 कुल मतदान पोल (पड़े हुए वोट): 2,193 कुल मतदान प्रतिशत: 89.07% क्षेत्र के इतिहास में इस स्तर पर मतदान प्रतिशत पहुंचना यह दशार्ता है कि ग्रामीण अपने स्थानीय विकास को लेकर कितने जागरूक और उत्सुक हैं। संवेदनशीलता के मद्देनजर कड़े सुरक्षा प्रबंध और तीन विशेष बूथ

चुनावी प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए निर्वाचन विभाग और स्थानीय प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आया।

संवेदनशील क्षेत्र: ग्राम पंचायत 56 एफ को प्रशासनिक दृष्टि से संवेदनशील श्रेणी में रखा गया था।

विशेष बूथों का गठन: किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने और सुचारू मतदान के लिए यहाँ विशेष रूप से तीन बूथ (बूथ संख्या 31, 32 और 33) बनाए गए थे। इन बूथों पर सुरक्षा बलों की कड़ी निगरानी रही, जिससे मतदाताओं ने बिना किसी डर या बाधा के अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

श्रीकरणपुर पंचायत समिति का समग्र परिदृश्य

श्रीकरणपुर पंचायत समिति की सभी 36 ग्राम पंचायतों में हुए समग्र मतदान पर नजर डालें तो, यहाँ भी मतदाताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। पंचायत समिति की सभी पंचायतों का कुल औसत मतदान प्रतिशत 83.82% पर आकर थमा। हालांकि, समग्र औसत की तुलना में ग्राम पंचायत 56 एफ (89.07%) ने सबसे ज्यादा और रिकॉर्ड तोड़ मतदान दर्ज कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है।

परिणाम घोषित होने के बाद ग्राम पंचायत 56 एफ में जीते हुए प्रत्याशियों और उनके समर्थकों में भारी उत्साह व जश्न का माहौल देखा जा रहा है। समर्थकों ने ढोल-नगाड़ों के साथ जीत का जश्न मनाया और एक-दूसरे को गुलाल लगाकर बधाइयाँ दीं। वहीं, प्रशासन ने भी शांतिपूर्ण मतदान संपन्न होने पर राहत की सांस ली है।

श्रीकरणपुर में गुरु नानक देव जी की जयंती के उपलक्ष्य में प्रभात फेरी का आयोजन, श्रद्धालुओं में दिखा भारी उत्साह



राम भरोसे शर्मा श्री करनपुर

श्रीकरणपुर। सिख धर्म के प्रथम गुरु, श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व (जयंती) के पावन उपलक्ष्य में क्षेत्र में धार्मिक कार्यक्रमों की धूम मची हुई है। इसी कड़ी में श्रीकरणपुर स्थित अरोड़ा वंश सनातन धर्म मंदिर की ओर से प्रतिदिन भव्य प्रभात फेरी का आयोजन किया जा रहा है। अरोड़ा वंश सनातन धर्म मंदिर के सचिव सत्येंद्र सलूजा ने इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि यह प्रभात फेरी रोजाना सुबह 5:00 बजे से 8:00 बजे तक निकाली जा रही है। प्रभात फेरी मंदिर परिसर से प्रारंभ होकर शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गों व गलियों से गुजरती है और पुनः मंदिर पहुंचकर ही संपन्न होती है। इस दौरान श्रद्धालु गुरु नानक देव जी के भजनों और सबद-कीर्तन का गायन करते हुए चलते हैं, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो जाता है। सचिव सत्येंद्र सलूजा के अनुसार, प्रकाश पर्व तक इस प्रभात फेरी का आयोजन लगातार जारी रहेगा। उल्लेखनीय है कि आगामी 24 नवंबर को श्री गुरु नानक देव जी की जयंती बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाई जाएगी, जिसकी तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। प्रभात फेरी में बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी और श्रद्धालु शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित कर रहे हैं।

लखीमपुर-खीरी में बाघ के हमले में युवक की मौत



सुनहरा संसार ब्यूरो प्रमुख
जियाउल्ला खान

लखीमपुर खीरी के पलिया क्षेत्र के खुशीपुर गांव में सोमवार दोपहर बाघ के हमले में 20 वर्षीय युवक की मौत हो गई। वह खेत पर पशुओं के लिए चारा लेने गया था। इसी दौरान बाघ ने उस पर हमला कर दिया। घटना के बाद ग्रामीणों में दहशत फैल गई और वन विभाग के खिलाफ नाराजगी जताई। जानकारी के मुताबिक, खुशीपुर गांव निवासी रोहित (20) पुत्र राजकुमार सोमवार दोपहर करीब तीन बजे खेत पर चारा लेने गया था। इसी दौरान बाघ ने उस पर हमला कर दिया। हमले में उसकी मौत हो गई। घटना के बाद ग्रामीणों ने वन विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाया। उनका कहना है कि इलाके में बाघ के अलावा हाथियों और जंगली सुअरों का भी खतरा बना रहता है। इसरके बावजूद वन्यजीवों से बचाव के लिए कोई स्थायी इंतजाम नहीं किए गए हैं।

ग्रामीणों ने जंगल से सटे संवेदनशील इलाकों में नियमित गश्त, निगरानी और सुरक्षता के पुख्ता इंतजाम करने की मांग की।

कार्तिक मास शुक्ल पक्ष, षष्ठी तिथि सुख चैन। छठ मैया के पूजन से, पावन हों सब नैन

राम भरोसे शर्मा श्री करनपुर



श्री करनपुर। भारत में मनाए जाने वाले लोक पर्वों में 'छठ महापर्व' का स्थान अत्यंत विशिष्ट और पवित्र है। मुख्य रूप से बिहार, झारखंड, पूर्वी उत्तर प्रदेश और नेपाल के तराई क्षेत्रों में मनाया जाने वाला यह पर्व अब देश-विदेश के कोने-कोने में पूरी निष्ठा के साथ मनाया जाता है। चार दिनों तक चलने वाले इस कठिन व्रत में भगवान सूर्य और छठी मईया की उपासना की जाती है। आइए जानते हैं छठ मैया की पौराणिक कथा और इस महान पर्व के पीछे के इतिहास के बारे में। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, षष्ठी तिथि को प्रकृति की देवी और सूर्य देवता की बहन 'छठी मैया' (छठ मैया) की पूजा की जाती है। वे बच्चों की रक्षा करने वाली, उन्हें लंबी आयु और उत्तम स्वास्थ्य प्रदान करने वाली देवी मानी गई हैं। ब्रह्मवैवर्त पुराण के अनुसार, प्रकृति देवी का छठा अंश होने के कारण इन्हें 'माता षष्ठी' या 'छठी मैया' कहा गया है। मान्यता है कि जो भी सच्चे मन से उनकी आराधना करता है, उसके घर में संतान सुख और समृद्धि का वास होता है।

निर्मल मन अरु अर्घ्य से, जो पूजैं दिननाथ। छठ मैया की छाँव में, सदा रहे सिर हाथ ॥

छठ पूजा और व्रत की कथा से जुड़ी कई कथाएं प्राचीन ग्रंथों में मिलती हैं:

1. राजा प्रियवद की कथा

पुराणों के कथा के अनुसार, स्वायंभुव मनु के पुत्र राजा प्रियवद को कोई संतान नहीं थी। इस बात से राजा और उनकी पत्नी मालिनी अत्यंत दुखी रहते थे। महर्षि कश्यप की प्रेरणा से राजा ने पुत्रेष्टि यज्ञ करवाया, जिसके फलस्वरूप रानी ने एक पुत्र को जन्म दिया, लेकिन दुर्भाग्यवश वह शिशु मृत पैदा हुआ।

दुख से व्याकुल राजा प्रियवद अपने प्राण त्यागने लगे, तभी वहां ब्रह्मा जी की मानस पुत्री 'देवसेना' (षष्ठी देवी) प्रकट हुईं। उन्होंने राजा से कहा, "जो व्यक्ति मेरी सच्ची श्रद्धा से पूजा करता है, मैं उसे सौभाग्यशाली संतान प्रदान करती हूँ।" राजा ने देवी के कहे अनुसार विधि-विधान से षष्ठी तिथि को व्रत और पूजन किया। इसके प्रभाव से उन्हें एक अत्यंत तेजस्वी और सुंदर पुत्र की प्राप्ति हुई। तभी से संतान की रक्षा और आरोग्यता के लिए यह व्रत रखा जाने लगा।

2. महाभारत काल और पांडवों की कथा

महाभारत काल से भी छठ पर्व का गहरा नाता है। जब पांडव जुए में अपना सारा राजपाट हारकर वनवास काट रहे थे, तब द्रौपदी ने संकट की घड़ी में भगवान सूर्य और छठी मैया की पूजा-अर्चना की थी। द्रौपदी के इस कठोर व्रत और विधि-विधान से पूजा के प्रभाव से पांडवों को उनका खोया हुआ राज्य और वैभव पुनः प्राप्त हुआ था।

इसके अलावा, कर्ण प्रतिदिन घंटों जल में खड़े होकर सूर्य देव को अर्घ्य देते थे। कर्ण भगवान सूर्य के अनन्य भक्त थे और सूर्य की कृपा से ही वे महान योद्धा बने थे।

छठ महापर्व के चार दिन

यह पर्व चार दिनों तक अत्यंत अनुशासन और पवित्रता के साथ मनाया जाता है:

* नहाय-खाय (पहला दिन): इस दिन व्रती स्नान करके शुद्ध सात्विक भोजन (लौकी की सब्जी और चने की दाल) ग्रहण करते हैं।

आगरा में बार्बेक्यू नेशन का विस्तार

सुनहरा संसार



आगरा अपने विस्तार के क्रम को जारी रखते हुए भारत की प्रमुख कैजुअल डाइनिंग चेन और लाइव-ऑन-द-टेबल ग्रिल कॉन्सेप्ट की शुरूआत करने वाली बारबेक्यू नेशन ने आगरा के फतेहाबाद रोड पर ताज ईस्ट मेट्रो गेट के पास अपना दूसरा आउटलेट खोला है। 3022 वर्ग फुट में फैले और आकर्षक व आधुनिक इंटीरियर वाले इस आउटलेट में 90 मेहमानों के बैठने की जगह है। यह कॉर्पोरेट लंच और पारिवारिक समारोहों के आयोजन के लिए एक बेहतरीन जगह है। इस अवसर पर बोलते हुए बार्बेक्यू नेशन हॉस्पिटैलिटी लिमिटेड के असिस्टेंट रीजनल मैनेजर (उत्तर प्रदेश) श्री नवीन राय ने कहा आगरा में बार्बेक्यू नेशन का विस्तार हमारे लिए एक बहुत ही उत्साहजनक पड़ाव है। हम अपने मेहमानों का स्वागत करने और उन्हें अपनी बेहतरीन मेहमाननवाजी व सेवा देने के लिए उत्सुक हैं जो हमें दूसरों से अलग बनाती है। हम जल्द ही आगरा में और भी आउटलेट खोलने की योजना बना रहे हैं। बारबेक्यू नेशन के बुफे में कई तरह के शाकाहारी और मांसाहारी व्यंजन मिलते हैं। यहाँ स्टार्टर्स के साथ-साथ सूप सलाद मेन कोर्स और डेजर्ट की भी बड़ी रेंज उपलब्ध है। यह सब अनलिमिटेड कॉन्सेप्ट के साथ मिलता है और बुफे की शुरूआती कीमत 399$टैक्स रुपये है। इस रेस्तरां में कुल्फी की भी कई वैरायटी मौजूद हैं जहाँ मेहमान अलग-अलग फ्लेवर्स को मिलाकर अपनी पसंद का कॉम्बिनेशन तैयार कर सकते हैं।

कलर्स प्रस्तुत करता है क्वीन सत्ता विश्वासघात और बदले की एक रोमांचक कहानी

सुनहरा संसार मुम्बई



सत्ता अक्सर उसका इस्तेमाल करने वालों की रक्षा करती है जबकि इसकी कीमत बेबस लोगों को चुकानी पड़ती है। जब राजनीतिक प्रभाव दोषियों को बचाने की ढाल बन जाए तो फैसले लेने वालों के खिलाफ एक आम लड़की के पास कितनी गुंजाइश बचती है? सत्ता, रहस्यों और अस्तित्व की इस निर्दयी बाजी में कदम रखते हुए कलर्स प्रस्तुत करता है क्वीन एक रोमांचक राजनीतिक ड्रामा, जो नीति की कहानी को सामने लाता है एक ऐसी युवा लड़की की जो उस लड़ाई में फंस जाती है जिसे उसने कभी चुना ही नहीं। संख्या में कम और कम आंकी गई नीति को उन लोगों को चुनौती देने के लिए ताकत जुटानी होगी, जिनके हाथ में सारे पत्ते हैं। अपने किरदार के बारे में बात करते हुए शगुन शर्मा ने साझा किया मुझे नीति के किरदार की ओर इसलिए आकर्षण हुआ क्योंकि वह ताकतवर बनने के इरादे से अपनी यात्रा शुरू नहीं करती; हालात उसे अपनी उस ताकत को पहचानने पर मजबूर कर देते हैं, जिसके बारे में उसे खुद भी नहीं पता था। उसकी दुनिया अपनी बहनों के इर्द गिर्द घूमती है और वह उनकी रक्षा के लिए अपनी खुशी और सुरक्षा तक दांव पर लगाने को तैयार रहती है। गहराई से आहत होने के बावजूद, वह अपनी पहचान नहीं खोने देती। उसकी संवेदनशीलता, उसका जुझारूपन और उसका साहस उसकी यात्रा को बेहद प्रभावशाली बनाते हैं। एक कलाकार के तौर पर मुझे उसकी भावनात्मक जटिलता बेहद दिलचस्प लगती है, खासकर यह कि उसकी भावनाएँ अक्सर सबसे छोटे हाव भाव के जरिए सामने आती हैं। मेरे लिए क्वीन एक ऐसी महिला की कहानी है, जो अपनी स्वायत्तता को फिर से हासिल करने के लिए लड़ती है, जब जिंदगी उससे उसे छीन लेने की धमकी देती है। मुझे उम्मीद है कि दर्शक नीति के जुझारूपन, अपनी बहनों के लिए उसके प्यार और उनके लिए किए गए त्याग से जुड़ाव महसूस करेंगे, साथ ही उन लोगों के खिलाफ न्याय की तलाश के भावनात्मक बोझ को भी महसूस करेंगे, जिनके हाथ में सत्ता है। अपने किरदार के बारे में बात करते हुए जाकिर हुसैन ने कहा महेंद्र प्रताप सिंह तोमर ऐसा व्यक्ति है जो सत्ता को समझता है और उसका इस्तेमाल करना भी जानता है। एक राजनेता के तौर पर वह अपनी सार्वजनिक छवि को लेकर सजग है, लेकिन बंद दरवाजों के पीछे की कहानी बिल्कुल अलग है। उसके बारे में जो बात मुझे सबसे ज्यादा आकर्षित करती है, वह उसकी महत्वाकांक्षा और अपने बनाए हुए साम्राज्य की रक्षा करने की उसकी जरूरत है। क्वीन के जरिए हम यह तलाशते हैं कि क्या होता है, जब सत्ता और प्रतिष्ठा लोगों से ज्यादा महत्वपूर्ण हो जाती हैं। यह कहानी एक अहम सवाल उठाती हैरू जब सत्ता में बैठे लोग अपने हितों को सबसे ऊपर रखते हैं, तो इसकी कीमत कौन चुकाता है?

कामां में 20 नवंबर को दीपदान महोत्सव, सवा लाख दीपों से सजेगा तीर्थराज विमलकुंड

दैनिक सुनहरा संसार
ब्यूरोचीफ हिमांशु मोदी



कामां - देवउठनी एकादशी के पर्व पर 20 नवंबर 2026, शुक्रवार को तीर्थराज विमलकुंड पर दीपदान महोत्सव आयोजित होगा। यह परंपरा 50 वर्षों से भी अधिक समय से चली आ रही है। तीर्थराज विमलकुंड दीपदान महायज्ञ समिति कामां की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, इस आयोजन में तीर्थराज विमलकुंड को सवा लाख दीपों से सुसज्जित कर विश्व कल्याण और शांति का संदेश दिया जाता है। इस आयोजन के दर्शन के लिए कस्बे और आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु तीर्थराज विमलकुंड पर पहुंचते हैं। समिति ने सभी से कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील की है।

कार्यक्रम विवरण

सांय 05:00 बजे - दीप प्रज्ज्वलन

सांय 05:30 बजे - तीर्थराज विमलकुंड की महाआरती

सांय 06:00 बजे - समिति सदस्यों द्वारा तीर्थराज विमलकुंड की परिक्रमा

कामां में पेयजल संकट पर फूटा लोगों का गुस्सा, टूटी लाइन से महीनों से नहीं मिल रहा पानी, कार्यालय के बाहर प्रदर्शन कर लगाया जाम

दैनिक सुनहरा
संसार ब्यूरोचीफ
हिमांशु मोदी



कामां - कामां के दिल्ली गेट मोहल्ले में पेयजल संकट गहरा गया है। कई महीनों से पेयजल लाइन टूटी हुई है, जिसके चलते लोगों के घरों तक पानी नहीं पहुंच रहा है। परेशान होकर महिला-पुरुषों ने जलदाय विभाग कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। लोगों का आरोप है कि टूटी लाइन को लेकर कई बार शिकायत की गई, लेकिन जलदाय विभाग ने सुनवाई नहीं की। पानी नहीं मिलने से रोजमर्रा का जीवन बुरी तरह प्रभावित हो गया है। पीने के पानी के लिए लोगों को इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। आक्रोशित लोगों ने विभाग कार्यालय के बाहर नारेबाजी की और जाम लगा दिया। प्रदर्शन के दौरान लोगों ने विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और जल्द पानी की सप्लाई शुरू करने की मांग की। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि दोपहर 12 बजे तक अएट और खएठ कार्यालय नहीं पहुंचे, जिससे लोगों में और ज्यादा नाराजगी बढ़ गई। लोगों ने कहा कि जब अधिकारी ही कार्यालय में नहीं मिलेंगे तो समस्या का समाधान कैसे होगा। लोगों ने मांग की है कि दिल्ली गेट मोहल्ले की टूटी पेयजल लाइन को तुरंत ठीक किया जाए और नियमित रूप से पानी की सप्लाई शुरू की जाए। जब तक समस्या का समाधान नहीं होगा, तब तक विरोध जारी रहेगा। इस अवसर पर वार्ड 29 पार्षद निरंजन लाल,गोवर्धन गोस्वामी , गोविन्द रील्ल ,चंगा सेन ,मोतीलाल कुमावत , बालकृष्ण कुमावत , प्रहलाद शर्मा , हरिराम गुप्ता , सुरेंद्र कुमार सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे . इस सम्बन्ध में सूचना मिलने पर विधायक नौक्षम चौधरी ने भी जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के एक्सईन रघुवीर सिंह को फोन कर शीघ्र सप्लाई की व्यवस्था के निर्देश दिए हैं . इस सम्बन्ध में जलदाय विभाग के एक्सईएन रघुवीर सिंह गुर्जर ने बताया कि दिल्ली गेट पर जलापूर्ति 5दिवस में मैं अपने प्रयासों से करा दूंगा . हमारे विभाग के एईन व जेईन की अपने कर्तव्य के प्रति भारी लापरवाही के चलते ऐसा हुआ है, जिसकी रिपोर्ट मैंने उच्चधिकारीयों को भेजी है .



